राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

11 परिणीति चोपड़ा की पहली वेब ...

दैनिक

हिन्दी समाचार पत्र

बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...

शिकायत प्राप्त होते ही गुर्णवत्तापूर्ण... 12

गाजियाबाद, शुक्रवार 28 फरवरी 2025 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 11 अंकः 358, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12

न्यूज डायरी

असम के मोरीगांव में 5.0 तीव्रता के भूकंप से सहमे लोग, गुवाहाटी तक लगे झटके

गुवाहाटी (आरएनएस)। असम के मोरीगांव में गुरुवार तड़के तेज भूकंप के झटकों से लोग सहम गए। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 5.0 दर्ज की गई है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक, भूकंप सुबह 2:25 बजे 16 किलोमीटर गहराई में आया है। इसके झटके मोरीगांव से 80 किलोमीटर दूर गुवाहाटी और राज्य के अन्य हिस्सों में भी

महसूस किए गए हैं। भारत के अलावा तजाकिस्तान में भी सुबह 6:27 बजे 4.3 तीव्रता का भूकंप आया था, जो 90 किलोमीटर गहराई में था। असम में भूकंप से कुछ दिन पहले 25 फरवरी को बंगाल की खाड़ी में 5.1 तीव्रता का भूकंप आया था, जिसके झटके पश्चिम बंगाल के कोलकाता और कई अन्य हिस्सों में भी महसूस हुए थे। दिल्ली में भी 17 फरवरी को 4.0 तीव्रता का भूकंप आया था, जिसका केंद्र धौला कुआं में दुगाबाई देशमुख कॉलेज ऑफ स्पेशल एजुकेशन के पास 5 किलोमीटर की गहराई पर था। दिल्ली में भूकंप काफी तेज था, जिससे लोग सहम गए थे।

विशेषज्ञों की मानें तो असम में भूकंप आना सामान्य बात है क्योंकि यह भारत के सबसे ज्यादा भूकंप-प्रवण क्षेत्रों में से एक है। यह भूकंपीय क्षेत्र 5 में आता है, जिसका मतलब है कि यहां तेज झटकों का खतरा ज्यादा है, जबकि दिल्ली क्षेत्र 4 में आता है। पिछले कुछ वर्षों पर गौर करें तो 1950 का असम-तिब्बत भूकंप (8.6 तीव्रता) और 1897 का शिलांग भूकंप (8.1 तीव्रता) का था, जो इतिहास के सबसे शक्तिशाली भूकंपों में शामिल है।

पुणे बस दुष्कर्म केसः संदिग्ध की तस्वीर जारी, पुलिस ने 1 लाख रुपये का इनाम घोषित किया

पुणे (आरएनएस)। पुणे पुलिस ने 26 वर्षीय महिला के साथ एक एमएसआरटीसी बस में बलात्कार करने के आरोपी को पकड़ने में मदद के लिए सूचना देने वाले को एक लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की है. यह घटना मंगलवार को सुबह पुणे के स्वारगेट बस स्टेशन पर हुई. महिला फलटण जा रही बस का इंतजार कर रही थी जब एक आदमी उसके पास आया और उसे एक खाली बस में ले गया. महिला के अनुसार आदमी ने बस में उसका बलात्कार किया और फिर भाग गया. पुलिस ने आरोपी का फोटो जारी किया है.

पुलिस अपराधी की तलाश कर रही है जिसके खिलाफ पहले से ही कई अपराध के मामले दर्ज

हैं. वह 2019 से जमानत पर है. पुणे के पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार ने कहा कि पुलिस इस मामले को बहुत गंभीरता से ले रही है, और वे यह सुनिश्चित करने के लिए सब कुछ कर रहे हैं कि आरोपी को गिरफ्तार किया जाए. उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि अगर उनके पास कोई भी जानकारी हो तो वे पुलिस से संपर्क करें जो आरोपी को पकड़ने में मदद करे। इस मामले पर टिप्पणी करते हुए, पुलिस उपायुक्त स्माटार्ना पाटिल ने कहा, आरोपी दत्ता गाडे को पकड़ने के लिए 13 टीमें काम कर रही हैं. रेलवे स्टेशनों और बस स्टेशनों पर उसकी तलाश की जा रही है. बुधवार को उसके कई रिश्तेदारों से पूछताछ की गई. उसकी गिरफ्तारी की सूचना देने वाले को एक लाख रुपये का इनाम दिया जाएगा. इस संबंध में बुधवार को आरटीओ अधिकारियों से भी मुलाकात की गई. हमें पीड़ित लड़की की मेडिकल रिपोर्ट भी मिल गई है, लेकिन इस बारे में बात करना उचित नहीं है।

पीड़िता की मेडिकल जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई है और इस बात की पुष्टि करती है कि यौन उत्पीड़न हुआ था. ससून अस्पताल ने बुधवार शाम पुलिस को मेडिकल रिपोर्ट सौंपी. रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि आरोपी दत्ता गाडे ने पीड़िता के साथ दो बार बलात्कार किया।

महाकुंभ के बाद सफाई अभियान में जुटे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, सामने आई तस्वीरें



प्रयागराज (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ 2025 के समापन के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने मंत्रियों के साथ सफाई अभियान में जुट गए हैं। गुरुवार को महाकुंभ समापन समारोह में पहुंचे योगी ने सबसे पहले मेला क्षेत्र में झाड़ू लगाकर सफाई की और कूड़े को हटाया। इसके बाद उन्होंने अरैल घाट पर पहुंचकर गंदगी को हटाया। इस दौरान उनके साथ उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक भी मौजूद थे। उन्होंने सभी के साथ अरैल घाट पर पूजा-अर्चना भी की। मुख्यमंत्री योगी गोरखपुर से प्रयागराज हेलीकॉप्टर से पहुंचे थे। उनका हेलीकॉप्टर दिल्ली पब्लिक स्कूल के ग्राउंड में उतरा था। यहां उनके स्वागत के लिए उपमुख्यमंत्री मौजूद थे।

मुख्यमंत्री योगी प्रयागराज में 11 जनवरी से 26 फरवरी तक चले महाकुंभ मेले को सफल बनाने के लिए कर्मचारियों, अधिकारियों और संस्थाओं का सम्मान करेंगे।बता दें कि 45 दिन के मेले में करीब 66 करोड़ श्रद्धालुओं ने स्नान किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी समापन पर अपने विचार साझा किए हैं।

महाकुंभ के समापन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश, जनता से मांगी माफी?

नई दिल्ली (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ 2025 का महाशिवरात्रि पर अंतिम स्नान के साथ समापन हो गया। इस मौके पर करोड़ों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। महाकुंभ के समापन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को ब्लॉग लिखकर अपने विचारों को साझा किया और

किसी असुविधा के लिए माफी मांगी है। उन्होंने ब्लॉग के कुछ अंश एक्स पर भी साझा किए हैं, जिसमें उन्होंने लिखा, महाकुंभ संपन्न हुआ...एकता का महायज्ञ संपन्न हुआ। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, महाकुंभ संपन्न हुआ...एकता का महायज्ञ संपन्न हुआ। प्रयागराज में एकता के महाकुंभ में पूरे 45 दिनों तक जिस प्रकार 140 करोड़ देशवासियों की आस्था एक साथ, एक समय में इस एक पर्व से आकर जुड़ी, वो अभिभूत करता है! महाकुंभ के पूर्ण होने पर जो विचार मन में आए, उन्हें मैंने कलमबद्ध करने का प्रयास किया है...। उन्होंने लिखा कि महाकुंभ में श्रद्धालुओं की उपस्थिति केवल रिकॉर्ड नहीं बल्कि संस्कृति-विरासत की सशक्त नींव है। उन्होंने ब्लॉग में लिखा, मैं जानता हूं, इतना विशाल आयोजन आसान नहीं था। मैं प्रार्थना करता हूं मां गंगा से...मां यमुना से...मां सरस्वती से...हे मां हमारी आराधना में कुछ कमी रह गई हो तो क्षमा करिएगा...। जनता जनार्दन, जो मेरे लिए ईश्वर का स्वरूप है, श्रद्धालुओं की सेवा में भी अगर हमसे कुछ कमी रह गई हो, तो मैं जनता जनार्दन का भी क्षमाप्रार्थी हूं। श्रद्धा से भरे जो करोड़ों लोग प्रयाग पहुंचकर इस एकता के महाकुंभ का हिस्सा बने।

जीएसटी, सीमा शुल्क मामलों में प्राथमिकी न होने पर भी अग्रिम जमानत मांग सकता है व्यक्तिः न्यायालय

नई दिल्ली (आरएनएस)। उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि अग्रिम जमानत का प्रावधान माल एवं सेवा कर (जीएसटी) अधिनियम और सीमा शुल्क कानून पर लागू होता है और व्यक्ति प्राथमिकी दर्ज नहीं होने पर भी गिरफ्तारी से पहले जमानत के लिए अदालतों का रुख कर सकता है.

प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी की पीठ ने सीमा शुल्क अधिनियम, जीएसटी अधिनियम में दंड प्रावधानों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर पिछले साल 16 मई को फैसला सुरक्षित रखा था. याचिकाओं में कहा गया है कि ये प्रावधान दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और संविधान के अनुरूप नहीं हैं.

प्रधान न्यायाधीश ने फैसला सुनाते हुए कहा कि दंड प्रक्रिया सहिंता (सीआरपीसी) और उसके बाद बने कानून-भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) के प्रावधान अग्रिम जमानत जैसे मुद्दों पर सीमा शुल्क और जीएसटी अधिनियमों के तहत भी आरोपी पर लागू होंगे. अदालत ने कहा कि जीएसटी और सीमा शुल्क अधिनियमों के तहत संभावित गिरफ्तारी का

सामना करने वाले व्यक्ति प्राथमिकी दर्ज होने से पहले भी अग्रिम जमानत का अनुरोध करने के हकदार हैं. विस्तृत फैसले का इंतजार है. इस मामले में मुख्य याचिका राधिका अग्रवाल ने 2018 में दायर की थी।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने नई दिल्ली में यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन से मुलाकात की।

तेलंगाना सुरंग हादसाः फंसे हुए 8 लोगों तक पहुंचने के लिए बचाव अभियान तेज किया गया

नागरकुरनूल (आरएनएस)। श्रीशैलम सुरंग नहर परियोजना हादसे के छठे दिन बचाव अभियान में जुटे कर्मियों को सफलता नहीं मिली है. इस अभियान में जुटे अधिकारियों ने यह भी साफ नहीं किया है कि सुरंग में फंसे लोगों को बाहर निकालने में और कितना वक्त लगेगा. हालांकि, उन्हें बचाने के लिए युद्धस्तर पर प्रयास जारी है। कहा जा रहा कि सुरंग में खराब पड़ी टीबीएम मशीन बचाव अभियान में बाधा बनी है. ये मशीन सुरंग में फंसे लोगों और बचावकर्मियों के बीच में है जिससे उनके आगे बढ़ने का रास्ता बंद है. अब इस मशीन को ही काटने का काम किया जा रहा है. इसे काट कर टुकड़ों में सुरंग से बाहर निकाला जाएगा. इसके बार रास्ता साफ होने पर बचाव दल आगे बढ़ेंगे। नागरकुरनूल के पुलिस अधीक्षक वैभव गायकवाड़ ने कहा कि सुरंग में कन्वेयर बेल्ट के क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत दिन में कर दी जाएगी, ताकि मलबे का

परिवहन आसान हो सके. जब अधिकारी से पूछा गया कि क्या गैस कटर ने काम करना शुरू कर दिया है, तो उन्होंने कहा कि यह पहले ही हो चुका है. गैस काटने वाली मशीनें अंदर भेज दी चली गई है. रात में भी उन्होंने कुछ काटने का काम किया।

वक्फ विधेयक के 14 बदलावों को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंजूरी दी

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में वक्फ संशोधन विधेयक के 14 बदलावों को मंजूरी दे दी गई है। अब इसे आगामी संसद सत्र में पेश किया जाएगा। मंत्रिमंडल ने

संसद सत्र में लाया जाएगा

पिछले सप्ताह हुई बैठक में संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की रिपोर्ट के आधार पर प्रस्तावित 23 में से 14 बदलावों को स्वीकार किया है।

विधेयक को 10 मार्च से शुरू होने वाली संसद सत्र में दोबारा से पेश किया जाएगा। जेपीसी ने 13 फरवरी को बजट सत्र के दौरान संसद में वक्फ विधेयक को लेकर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की थी, जिस पर विपक्षी सांसदों ने काफी हंगामा किया था। विपक्षी सांसदों

का कहना था कि उन्होंने विधेयक में 44 संशोधन प्रस्तावित किए थे, जिनमें से सभी को खारिज कर दिया गया, जबकि भाजपा और उनके सहयोगी दलों के प्रस्तावित 23 संशोधनों को मंजूरी दे दी गई। संसद में मतदान के बाद 23 में 14 बदलावों को मंजूरी मिल गई।भाजपा सांसद जगदंबिका पाल की अगुवाई वाली के समक्ष कुल 66 बदलावों प्रस्तावित थे, जिनमें 23 सत्तारूढ़ भाजपा और 44 विपक्षी सांसदों के थे।जेपीसी में एनडीए के कुल 16 सांसद हैं, जबकि विपक्ष के 10 हैं। इनके बीच बदलावों के मतदान में एनडीए के 16 सांसदों ने 23 बदलावों के पक्ष में मतदान किया, जबकि विपक्ष के 44 संशोधन पर बहुमत नहीं मिला।

एनडीए के 23 बदलावों को संसद में पेश किया गया, जिसमें 14 को मंजूरी मिली। विधेयक में वक्फ बोर्डों के प्रशासन के तरीके में कई बदलाव का प्रस्ताव है, जिसमें गैर-मुस्लिम और कम से कम 2 महिलाओं को शामिल करने की बात है।केंद्रीय वक्फ परिषद में (संशोधन पारित हुए तो) एक केंद्रीय मंत्री, 3 सांसद, 2 पूर्व न्यायाधीश, 4 मशहूर लोग, वरिष्ठ सरकारी अधिकारी शामिल होंगे, जिनमें किसी का इस्लामी धर्म से होना आवश्यक नहीं।नए मियम में वक्फ काउंसिल भूमि पर दावा नहीं कर सकती और दान की सीमा तय की गई है।

अभियान

अभी तक आतंकवादियों से कोई संपर्क नहीं हो पाया है

जम्मू-कश्मीर के राजौरी में नियंत्रण रेखा के पास आतंकवाद विरोधी अभियान जारी

जम्मू (आरएनएस)। सुरक्षा बलों ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के सुंदरबनी सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास नए इलाकों में घेराबंदी और तलाशी अभियान बढ़ा दिया. पिछले दिन सेना के वाहन पर गोलीबारी करने वाले आतंकवादियों को पकड़ने के बावत ये प्रयास किया जा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार सुरक्षा बलों द्वारा एक संदिग्ध फ्रीक्वेंसी वायरलेस सेट पकड़े जाने के बाद कठुआ जिले के हीरानगर सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास दयालचक में भी एक नया अभियान शुरू किया गया। सुंदरबनी सेक्टर के फाल गांव के निकट बुधवार को वन क्षेत्र में छिपे संदिग्ध आतंकवादियों ने सेना के एक वाहन पर गोलीबारी की, जिसके बाद सेना और पुलिस ने व्यापक तलाशी अभियान चलाया. रिपोर्ट के अनुसार फाल में तलाशी अभियान जारी है और छिपे हुए आतंकवादियों को बाहर निकालने के लिए आज सुबह इसे नए क्षेत्रों तक बढ़ा दिया गया। उन्होंने बताया कि अभी तक आतंकवादियों से कोई संपर्क नहीं हो पाया है. उन्होंने बताया कि सुरक्षा बल घने जंगलों में आतंकवादियों की तलाश के लिए नवीनतम तकनीक, ड्रोन और खोजी कुत्तों का इस्तेमाल कर रहे हैं। एक्स पर गुरुवार को एक पोस्ट में सेना की जम्मू स्थित व्हाइट नाइट कोर ने कहा, कल (बुधवार) को अखनूर के सुंदरबनी

में आतंकवादियों ने भारतीय सेना के काफिले पर गोलीबारी की. गोलीबारी अप्रभावी थी और हमारे अपने सैनिकों ने करारा जवाब दिया. इसमें लिखा गया, कुछ सोशल मीडिया हैंडल अपने ही सैनिकों के हताहत होने का झूठा दावा कर रहे हैं. यह गलत और जानबूझकर फैलाई गई गलत सूचना है. अपराधियों को पकड़ने के लिए फिलहाल तलाशी अभियान जारी है। सुरक्षा बलों द्वारा एक संदिग्ध फ्रीक्वेंसी वायरलेस सेट पकड़े जाने के बाद हीरानगर सेक्टर के गुराह बलदरा और दयालचक के आसपास के गांवों में आतंकवाद विरोधी अभियान भी शुरू किया गया. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, कठुआ शोभित सक्सेना और सेना और सीमा सुरक्षा बल के वरिष्ठ अधिकारियों ने वायरलेस इंटरसेप्शन के बाद पुलिस स्टेशन हीरानगर में एक संयुक्त बैठक की. अधिकारियों ने कहा कि तलाशी अभियान चल रहा है, जबकि विभिन्न मार्गों पर विशेष जांच दल स्थापित किए गए हैं।

दिल्ली में बदला मौसम का मिजाज, कई इलाकों में बारिश, आईएमडी ने जारी किया येलो अलर्ट

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली एनसीआर में मौसम तेजी से बदल रहा है. भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, गुरुवार को दिन में बादल छाए रह सकते हैं. साथ ही कुछ इलाकों में बूंदाबांदी भी हुई. वहीं अधिकतम तापमान 25-17 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 17-19 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जा सकता है. इसके बाद शुक्रवार को बारिश होने के आसार जताए गए हैं. मौसम विभाग ने बारिश को लेकर येलो अलर्ट भी जारी किया है। इससे पहले बुधवार को तेज धूप निकलने से तापमान में बढ़त देखी गई. इस दौरान अधिकतम तापमान 32.4 डिग्री सेल्सियस तक जा पहुंचा, जो कि इस सीजन का अधिकतम तापमान है. वहीं न्यूनतम तापमान 15.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. हालांकि, गुरुवार को आसमान में बादल छाए रहने और बूंदाबांदी से लोगों को गर्मी से राहत मिलने के आसार हैं. इस दौरान हवा की गति 20-30 किलोमीटर प्रति घंटा रह सकती है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, दिल्ली का औसत एयर क्वालिटी इंडेक्स 265 दर्ज किया गया. एनसीआर के शहर फरीदाबाद में 135, गुरुग्राम में 182, गाजियाबाद में 206, ग्रेटर नोएडा में 154, नोएडा में एक्यूआई 152 दर्ज किया गया. दिल्ली के इलाकों की बात करें तो पूसा में 210, शादीपुर में 200, पंजाबी बाग में 321, नॉर्थ कैंपस डीयू में 229, मुंडका में 347, मंदिर मार्ग में 236, वजीरपुर में 370, आईजीआई एयरपोर्ट में 154, अशोक विहार में 305, द्वारका सेक्टर 8 में 240, रोहिणी में 240, आरके पुरम में 336, चांदनी चौक में 322, जहांगीरपुरी में 320, लोधी रोड में 205, आईटीओ में 289, डीटीयू में 306, बुराड़ी क्रॉसिंग में 265, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 201, सिरीफोर्ट में 250, श्री अरविंदो मार्ग में 173 और सोनिया विहार में एक्यूआई 254 दर्ज किया गया।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

जाम का सबब बन रहे चौपहिया वाहन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

शिकारपुर। नगर के बाजारों में चौपहिया वाहन जान का सबब बने



हुए हैं। इससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा। नगर के मुख्य बड़ा बाजार सहित अन्य बाजारों में चौपहिया वाहनो की आवाजाही हो रही है। यह बाहन बाजार में जाम का कारण बन रहे हैं। इनमें ऐसे वाहन भी है जो बाजार खुलने के दौरान व्यापारियों की दुकानों के लिए सामान लेकर आते हैं। जो ग्राहक बाजार में सामान लेने के लिए आते हैं वह अपना वाहन दुकान के आगे खड़ा कर देते हैं। दोनों साइडों में वाहन खड़ा होने के कारण जाम की स्थिति बन जाती। गुरुवार को बड़ा बाजार में जाम लग गया जिसके चलते लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं पुलिस ने बाजार में चौपहिया वाहन लेकर आए चालकों को हिदायत भी दी। कभी-कभी तो पुलिस को जाम खुलवाने में काफी मशक्कत करनी पड़ती है।

जिलाधिकारी श्रुति की अध्यक्षता में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की बैठक हुई सम्पन्न

बुलन्द संदेश ब्यूरो

बुलंदशहर। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति की अध्यक्षता में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी श्रुति द्वारा स्वास्थ्य विभाग में चल रही समस्त परियोजना की समीक्षा की गयी। टीकाकरण कार्य ससमय पूर्ण कराने, पेंटावन खुराक बच्चों को उपलब्ध कराने एवं पोलियो अभियान के समय पूर्ण बच्चों को पोलियो दवाई पिलाने के निर्देश दिए। गर्भवती महिलाओं की जांचे व कैल्सियम, आयरन की दबाएं उपलब्ध कराते रहे, जिससे गर्भवतियों को कोई परेशानी न उत्पन्न होने पाए।बैठक में आगंनवाडियों व आशाओं के माध्यम से कम्यूनिटि में जागरूकता कर

नॉर्मल प्रसव व सीजेरियन प्रसव अत्यधिक सरकारी अस्पतालो में पूर्ण सुविधा के साथ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, जिससे आमजन को इसका लाभ मिल सके। साथ ही प्रसव के उपरान्त सहायता राशि तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए।

खराब प्रगति वाले स्वास्थ्य केन्द्र व आशाओं के विरुद्ध स्पष्टीकरण तलब कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। मंत्रा एप पर समस्त गर्भवती महिला का पंजीकरण शत प्रतिशत किया जाये। परिवार नियोजन की समीक्षा में महिला व पुरुष नसबन्दी टारगेट के सापेक्ष शतप्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिये गये।

टीकाकरण का कार्य पूर्ण रूप से किया जाए। जिला अस्पताल में स्थित एनआरसी पर कुपोषित बच्चों को चिह्नित कर भिजवाया जाए। केंद्र पर बच्चो को लाकर उन्हें सामान्य श्रेणी में लाने के लिए जो भी पौष्टिक आहार, दवाएं आदि सुविधा दी जानी है वह दिलाई जाए। केंद्र पर बैड खाली नहीं रहने चाहिए। आने वाले कुपोषित बच्चों को पूर्ण सुविधा प्रदान कि जाए। एनआरसी से होने वाले लाभार्थियों का भुगतान भी शत प्रतिशत किया जाना सुनिश्चित कराए।

स्वास्थ्य केंद्रों पर साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। 70 वर्ष से अधिक आयु वाले व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड शीघ्र बनवाने हेतु निर्देशित किया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्री कुलदीप मीना, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मंजू अग्रवाल सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक्स-रे मशीन बनी शोपीस,लटका हुआ है ताला,मरीज हो रहे परेशान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

शिकारपुर। नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे एक्स-रे मशीन शोपीस बनी हुई है। जहां एक ओर सरकार स्वास्थ्य सेवाओं पर लाखों करोड़ों रुपए खर्चकर लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं सही तरीके से उपलब्ध करा रही है। वहीं दूसरी ओर अधिकारियों व कर्मचारियों की लापरवाही का एक नतीजा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिकारपुर में है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीज को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ।यदि कोई भी मरीज एक्स-रे कराने के लिए शिकारपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आता है। तो उसे निराशा ही हाथ लगती है

।एक्स-रे मशीन चलाने वाले ऑपरेटर उनको यह कहकर वापस भेज देते हैं कि अभी एक्सरे मशीन में खराबी आई हुई है ।जब तक यह ठीक नहीं होती तब तक आप प्राइवेट हॉस्पिटल में जाकर एक्स -रे करा ले। जिससे गरीब आदमी की जेब पर छुरी चल रही है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिकारपुर में आए हुए मरीज से जब इस संबंध में पूछा तो उन्होंने बताया की मशीन तो करीब महीने भर से खराब पड़ी है ।हम एक्स -रे कराने यहां आते हैं। तो निराश होकर ही लौटना पड़ता है ।जबकि सरकार स्वास्थ्य सेवाओं पर पूरा ध्यान दे रही है। वही इस संबंध में जब शिकारपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉक्टर शशि शेखर से वार्ता की गई तो उन्होंने बताया कि हमारे यहां से खराब मशीन को बदलने की सूचना सीएमओ बुलंदशहर को दी जा चुकी है। लेकिन अभी तक कोई भी मशीन लोगों की स्वास्थ्य सेवाओं हेतु वहां से नहीं आई है।

नगर के छात्रों ने स्केटिंग में नेशनल गोल्ड व सिल्वर मेडल जीता, विजेताओं का जोरदार स्वागत किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

जहाँगीराबाद (बुलन्दशहर)। स्केटिंग में छात्रों ने नेशनल गोल्ड व सिल्वर मेडल जीता। जनप्रतिनिधियों से ट्रेक बनवाने की मांग नगर के होंनहार छात्रों ने स्करेटिंग प्रतियोगिता में नेशनल में गोल्ड व सिल्वर मेडल जीत कर नगर का नाम रोशन किया है। गुड़गांव में आयोजित नेशनल स्करेटिंग प्रतियोगिता में नगर के दर्जनों बच्चों ने भाग लेकर नेशनल में गोल्ड व सिल्वर मेडल जीता है और मई में नेपाल में होने वाले इंटरनेशनल खेल में 6 बच्चों का चयन हुआ है। सभी विजेताओं का नगर के मोहल्ला जटियान जनता इंटर कालेज रोड़ स्थित खुशीराम सिंह आवास पर जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर नगर प्रहलाद स्वरूप विधा मंदिर

इंटर कॉलेज के कक्षा 8 के छात्र धर्मेश सिंह ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि में नेशनल में गोल्ड मेडल जीता है। अब मेरा चयन मई में नेपाल में होने वाले इंटरनेशनल खेल में हुआ, जिसकी तैयारी की जा रही कि इंटरनेशनल गोल्ड जीता है। सिल्वर जीतने वाले विजेताओं ने कहा कि यदि नगर में ट्रैक होता तो हम गोल्ड जीतने में कामयाब जरुर होते। कोच कनिष्ठ शर्मा, खुशीराम सिंह व शिवकुमार ने जनप्रतिनिधियों ने नगर में बच्चों के लिए ट्रैक बनवाने की मांग करते हुए कहा कि नगर में होनहार बच्चों के भविष्य के लिये ट्रैक होना जरूरी है क्योंकि नगर बच्चों को अंतरराष्ट्रीय की तैयारी करने के लिए कोई ट्रैक नहीं है जिससे तैयारी सही ढंग से नही होती है। यदि नगर में ट्रैक बन जाये तो नगर के बच्चे देश भर में जहांगीराबाद का नाम रोशन करेंगे। विजेता बच्चों में धर्मेश सिंह, कृष्ण, कनक, चारु, सार्थक, एनम, रोहन, पर्व व कुशकाना आदि बच्चों का स्वागत किया। इस मौके पर बब्बू भैय्या, गौरव, सुरेंद्र राघव समेत आदि लोग मौजूद थे।

महाशिवरात्रि पर राष्ट्र चेतना मिशन ने निर्धन कन्या का घर बसाया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

बुलंदशहर। हर वर्ष की भांति इस बार भी सामाजिक संस्था राष्ट्र चेतना मिशन एवं शिव शक्ति मन्दिर सीकरी के संयुक्त तत्वावधान में महाशिवरात्रि पर्व के शुभ अवसर पर निर्धन कन्या विवाह का आयोजन किया गया। जिसमें मोहनकुटी निवासी बेहद अभावग्रस्त परिवार की अनाथ बिटिया को गोद लेकर शादी समारोह संपन्न कराया गया। राष्ट्र चेतना मिशन के अध्यक्ष हेमन्त सिंह ने बताया कि संस्था द्वारा सामाजिक सहयोग से महाशिवरात्रि के पुण्य अवसर पर ग्राम सीकरी के शिव शक्ति मन्दिर में हर वर्ष संपन्न इस कार्यक्रम में बेहद निर्धन, अनाथ या अभावग्रस्त परिवारों की कन्याओं का घर बसाने के लिए समस्त योगदान किया जाता है।

शिव शक्ति मन्दिर समिति के अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह एडवोकेट ने बताया कि इस बार बुलंदशहर नगर के मोहनकुटी निवासी स्व. किरनपाल लोधी की पुत्री पूजा का ग्राम गगेरूआ निवासी सोनू लोधी (सभी परिवर्तित नाम) के साथ विवाह समारोह

आयोजित किया गया। इस पुण्य कार्य में विवाह की समस्त व्यवस्थाओं प्रीतिभोज, वस्त्र, आभूषण, टैंट, बारात आदि के साथ ही नव विवाहित दंपत्ति के गृहस्थ संचालन हेतु फर्नीचर एवं इलेक्ट्रॉनिक्स का सभी सामान कुर्सी, मेज, बैड, गद्दे, कम्बल, बिस्तर, अलमारी, ड्रेसिंग टेबल, एलईडी टीवी, फ्रिज, कूलर, वॉशिंग मशीन, सिलाई मशीन, पंखा, मिक्सी, प्रेस, घड़ी, 51 बर्तन, 101 साड़ियां, मेकअप किट, दूल्हा-दुल्हन व परिवार के कपड़े, मन्दिर, गिफ्ट पैक, कन्यादान में नकद राशि आदि भी उपहारस्वरूप भेंट किये गए। साथ ही संस्था के पदाधिकारियों ने भारत माता का चित्र प्रदान कर सुखद गृहस्थ जीवन हेतु शुभकामनाएं दीं। महाशिवरात्रि की संध्या को संपन्न इस भव्य आयोजन में राष्ट्र चेतना मिशन के अध्यक्ष हेमन्त सिंह तथा शिव शक्ति मंदिर समिति के अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह एडवोकेट सहित नरेन्द्र सिंह, ललिता देवी, पारुल अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, प्रवीण कुमार, रवि लोधी गालिमपुर, कौशल कुमारी, डॉ भूपेन्द्र कुमार, डॉ थान सिंह, शेरा लोधी, आदेश कुमार, सुनील कुमार, सुखेन्द्र पाल सिंह, रामअवतार लोधी, अजनान खान एडवोकेट, पिंटू गुर्जर, चाहत राजपूत, निशांत जादौन, शुभ पंडित, हर्ष प्रताप सिंह, शिवम अग्रवाल, अरुण राजपूत, आदि सम्मिलित रहे।

17 मुकदमों में बरामद 85 लीटर शराब को गड्ढे में दबा कर किया नष्ट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

डिबाई (केपीसिंह चौहान)। नरौरा थाने की पुलिस ने आबकारी विभाग से सम्बंधित अवैध शराब के कुल 17 मुकदमों में बरामद हुई 85 लीटर शराब की कीमत पच्चीस हजार पांच सौ रुपए न्यायालय के आदेश से गड्ढा खोदकर निरस्त की गई आपको बता दें वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार,अपर पुलिस अधीक्षक देहात रोहित कुमार मिश्रा के निर्देशन में माल मुकदमा की निस्तारण अभियान व प्रचलित अभियान ऑपरेशन क्लीन के अंतर्गत उप जिलाधिकारी कमलेश कुमार गोयल व पुलिस क्षेत्राधिकारी शोभित कुमार डिबाई व

सूरज यादव एपीओ अनूपशहर रामनारायन यादव आबकारी निरीक्षक व नरौरा थाना प्रभारी निरीक्षक रामनारायण के कुशल नेतृत्व में आबकारी अधिनियम से सम्बंधित 17 अभियोगों में बरामद 85 लीटर देशी शराब जिसकी कीमत करीब पच्चीस हजार पांच सौ रुपए की जेसीबी मशीन द्वारा थाना प्रांगण में गड्ढा खुदवा कर नष्ट कर दिया । तथा 17 मुकदमों का निस्तारण किया गया है अवैध शराब को निस्तारण किए गए टीम के अधिकारी उप जिलाधिकारी कमलेश कुमार गोयल व पुलिस क्षेत्राधिकारी शोभित कुमार,सूरज यादव एपीओ आबकारी अधिकारी निरीक्षक सर्किल इंचार्ज रामनारायण यादव व नरौरा थाना प्रभारी रामनारायण सिंह,उपनिरीक्षक विष्णुसिंह एच.एम मनोज कुमार राणा उपस्थित रहे।

मृत्युभोज न करके दिव्यांगों व जरूरतमंदों को दिया जरूरत का सामान, पिता की अंतिम इच्छा को किया पूरा.....

बुलन्द संदेश ब्यूरो

पहासू। पिता की तेरहवीं पर गांव करौरा में अनूठी मिसाल पेश करते हुए बेटों ने मृत्यु भोज न करके क्षेत्र के दिव्यांगों,जरूरतमंद महिलाओं तथा गरीब लोगों को राशन किट देकर अपने पिता की अंतिम इच्छा पूरी की। गांव करौरा निवासी संजय सैनी लबली के पिता फूल चंद की गत दिनों मृत्यु हो गई थी। उनके बेटों ने पिता की अरिष्टि पर गरीबों तथा दिव्यांगों की सेवा का संकल्प लिया। अपने पिता की पावन स्मृति में उन्होंने मृत्यु भोज की परंपरा को पीछे छोड़ते हुए दिव्यांगों को ट्राइसाइकिल ,व्हील चेयर, बैसाखी बांटी। धार्मिक परंपराओं को निभाते हुए पांच दूध देने वाली गाय दान

की। यही नहीं गांव के 200 निर्धन परिवारों को आटा, दाल, तेल,200 महिलाओं को साड़ियां,सिलाई मशीन,200 पेंट शर्ट,21 बच्चों को निशुल्क शिक्षा सामग्री तथा साल भर की फीस व पुस्तकर्ण एक गरीब कन्या के लिए ब्यूटी पार्लर का पूरा समान,400 कम्बल, गांव ब क्षेत्र मे सड़क के किनारे सीमेंट ब्रंच तथा गांव में दो वाटर कूलर दान किये। पिता की तेरहवीं पर बेटों द्वारा की गई ये पहल क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग बन्धु की मासिक बैठक हुई सम्पन्न

बुलन्द संदेश ब्यूरो

बुलन्दशहर। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग बन्धु की मासिक बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में जी0एम0 डी0आई0सी0 आशुतोष कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि सिकंद्राबाद उद्योग संघ व आई0आई0 चैप्टर सिकंदराबाद की औद्योगिक क्षेत्र सिकंदराबाद के अंदरूनी नालों की साफ-सफाई व सड़कों की मरम्मत के सम्बन्ध मे शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसमे क्षेत्रीय प्रबन्धक, यूपीसीडा के द्वारा अवगत कराया गयाहै कि औद्योगिक क्षेत्र सिकन्द्राबाद में लगभग 1133.10 लाख के सड़कों के मरम्मत/अनुरक्षण, प्रवेश द्वार का कार्य कराये जा रहे है। औद्योगिक क्षेत्र की जल भराव की समस्या के समाधान हेतु

आर०सी०सी० नाली निर्माण के लिए रू0 6215.67 लाख की धनराशि की निविदा आमन्त्रित की जानी प्रस्तावित है। जिसपर जिलाधिकारी द्वारा यूपीसीडा के अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि नाली निर्माण व अन्य निर्माण करवाते हुए उद्योग बंधुओं से समन्वय स्थापित कर उनको अवगत कराए। सिकंदराबाद उद्योग संघ व आई0आई0ए0 चैप्टर सिकंदराबाद की शिकायत में औद्योगिक क्षेत्र सिकंदराबाद में जिला पंचायत द्वारा लिए गए टैक्स से विकास कार्य कराए जाने के सम्बन्ध में अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत के द्वारा अवगत कराया गया है कि वित्तीय वर्ष 2023-2024 में औद्योगिक क्षेत्र सिकंदराबाद से रु0 3.70 लाख की धनराशि प्राप्त हुई थी जिसके सापेक्ष निर्माण कार्य भी पूर्ण करा दिया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि औद्योगिक विकास अनुभाग के शासनादेश के अनुसार उ०प्र० राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण के कर न लिये जाने के सम्बंध में विशेष सचिव, पंचायतीराज अनुभाग-2. उ०प्र० शासन से पत्र प्राप्त हुआ है जिसमें जिला पंचायत को निर्देशित किया गया है कि अब औद्योगिक क्षेत्र से जिला पंचायत द्वारा कोई कर नहीं वसूला जाएगा। सिकंदराबाद उद्योग संघ की प्राप्त शिकायत में औद्योगिक क्षेत्र सिकंदराबाद स्थित यूपीएसआईडीए के ट्रांजिस्ट हॉस्टल के जर्जर भवन के सम्बन्ध में क्षेत्रीय प्रबन्धक, यूपीसीडा के द्वारा अवगत कराया गया कि फील्ड हॉस्टिल में अग्निशमन कार्यालय व डाक घर संचालित होने के कारण कार्यवाही लबित है। जिसमें जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति द्वारा यूपी सीड़ा के अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि शीघ्र निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। खुर्जा पॉटरी मैन्यू एसोसिएशन की प्राप्त शिकायत जी0एस0टी0 चोरी की सम्बन्ध में सहायक आयुक्त राज्य कर सचलदल द्वारा अवगत कराया गया है कि खुर्जा में माह फरवरी 2025 में 22.02.2025 तक रोड पर कुल 179 वाहन चैक किये गये हैं, जिसमें से जांच में दोषी पाये गये 04 वाहनों से रू0 1.63 लाख की वसूली की गई है।

गिरफ्तार ,ाप्त तहरीर के आधार पर थाना खानपुर पर मुअसं-47/25 धारा 109(1) बीएनएस पंजीकृत किया गया

पत्नी की हत्या की घटना में वांछित पति आलाकत्ल सहित गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

खानपुर। 24 फरवरी को वादी अक्षांशू उर्फ आनंद पुत्र नरेश निवासी ग्राम गंगाहरी थाना औरंगाबाद जनपद बुलन्दशहर द्वारा थाना खानपुर पर तहरीर दी गयी कि उसके पिता नरेश पुत्र जगतपाल निवासी उपरोक्त द्वारा वादी की माता सावित्री देवी व गांव के ही सरजीत पुत्र ब्रजपाल को जान से मारने की नियत से गोली मार दी जिससे वे गम्भीर रुप से घायल हो गये। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना खानपुर पर मुअसं- 47/25 धारा 109(1) बीएनएस पंजीकृत किया गया। वादी की माता सावित्री देवी की उपचार के दौरान मृत्यु हो जाने के उपरांत मुकदमा उपरोक्त में धारा 103(1) बीएनएस की वृद्धि की गयी। उक्त

घटना के क्रम में आज दिनांक 27 फरवरी को स्वाट टीम व थाना खानपुर पुलिस द्वारा अभियुक्त नरेश को अवैध असलहा कारतूस सहित गालिमपुर बस स्टैंड के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त से नाम पता पूछा गया तो उसने अपना नाम नरेश पुत्र जगतपाल निवासी ग्राम गंगाहरी थाना औरंगाबाद जनपद बुलन्दशहर बताया जिसके पास से 1 पिस्टल 32 बोर मय 02 जिंदा कारतूस (आलाकत्ल) बरामद अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना खानपुर पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 3/25 शस्त्र अधि0 की वृद्धि कर अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

हत्या का कारण

मृतका सावित्री का विवाह वर्ष-2006 में थाना औरंगाबाद क्षेत्र के ग्राम गंगाहरी निवासी नरेश पुत्र जगतपाल के साथ हुआ था तथा गृह क्लेश के कारण वह करीब 01 वर्ष से अपने दोनो बच्चों के साथ गांव के ही सतीश उर्फ सरजीत के साथ नोएडा के सेक्टर 10 में रह रही थी। इसी रंजिश के चलते दिनांक 24.02.2025 को जब सावित्री अपने पुत्र व पुत्री का पेपर दिलाने थाना खानपुर क्षेत्रान्तर्गत रश्ट इंटर कॉलेज खिजरपुर बुलन्दशहर में सतीश उर्फ सरजीत के साथ आयी तब पति नरेश ने अपनी पत्नी सावित्री व सतीश उर्फ सरजीत पर फायरिंग कर दी जिससे दोनो घायल हो गये तथा उपचार के दौरान सावित्री उपरोक्त की मृत्यु हो गयी।

210 लीटर अबैध शराब को कराया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

शिकारपुर। वीरवार को माननीय न्यायालय के आदेश के अनुपालन में थाना सलेमपुर पुलिस द्वारा वर्ष-2024 के निर्णयशुदा 40 मुकदमों

से सम्बन्धित लगभग 210 लीटर अवैध शराब को नष्ट कराया गया । इस दौरान सहायक अभियोजन अधिकारी कु0 कविता रानी, आबकारी निरीक्षक विजय कुमार पाण्डेय व थाना प्रभारी सलेमपुर लोकेश अग्निहोत्री व संबंधित कर्मचारीगण मौजूद रहें।

दसवीं फेल युवक-युवती मिलकर चला रहे थे गिरहो

बुलन्द संदेश ब्यूरो

ग्रेटर नोएडा (अंशु चौहान)। ग्रेटर नोएडा के अंतगर्त बादलपुर कोतवाली पुलिस ने ऐसे गिरोह का पदार्फाश किया है जो कि लोगों को हनी ट्रैप में फंसाकर रेप का फर्जी मुकदमा लिखवाता था और फिर मोटी रकम वसूलता था। ताजा मामला सादोपुर का है। आरोपियों ने पीड़ित पर फर्जी रेप का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की। बाद में ढाई लाख रुपए लेकर समझौता कर लिया। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को धर दबोचा है जिसमें एक युवती शामिल है।डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि मामले में बादल डेढ़ा उर्फ कालू सिंह, प्रिंस व युवती जेहरा को गिरफ्तार किया गया है।थाना बादलपुर पर 22 फरवरी को पीआरवी के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई, जिसमें कॉलर बादल डेढा उर्फ कालू सिंह द्वारा बताया गया कि 19-20 वर्ष की लड़की के साथ दुष्कर्म

की घटना हुई है। सूचना पर थाना बादलपुर पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर जांच की गयी तो पीड़िता अभियुक्ता द्वारा दुष्कर्म कि घटना सुबह 7.30 बजे से सुबह 8.30 बजे के मध्य की बतायी गयी। पुलिस टीम द्वारा वहां लगे सीसीटीवी कैमरे व घटनास्थल का निरीक्षण व आस-पास के लोगो से पूछताछ की गयी तो पाया कि घटना के समय पीड़िता की सगी बडी बहन वही पर उपस्थित थी एवं कैमरे में भी उपरोक्त स्थान के आस-पास अन्य किरायेदारों की गतिविधि सामान्य पायी गयी। प्रथम दृष्टया उपरोक्त घटना संदिग्ध पाई गई।पीड़िता से जब विस्तृत पूछताछ की गयी तो पीड़िता द्वारा बताया गया कि मैं अकेले रहती हूं और मेरे पिता नही है तथा मां से झगड़ा चल रहा है। बादल व प्रिन्स मेरे मुंहबोले भाई है, मैं पिछले 2 वर्ष से बादल के मकान, दिल्ली में ही रहती थी और बादल ही मेरा खर्चा चलाता था। लोनी में मेरी मुलाकात प्रिन्स से हुयी थी। बादल डेढ़ा के विषय में गोपनीय जानकारी करने पर ज्ञात हुआ कि यह अपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है और इसके विरूद्ध कई मुकदमे दर्ज है तथा पीड़िता के माध्यम से इसने कई लोगो को ठगा है। थाना न्यू अशोक नगर दिल्ली में इसकी हिस्ट्रीशीट बनाये जाने की कार्यवाही भी प्रचलित है।जांच के दौरान यह भी ज्ञात हुआ कि पीड़िता द्वारा बादल व प्रिन्स के साथ मिलकर थाना अंकुर विहार, गाजियाबाद क्षेत्र में 2 नवंबर को एक अन्य मकान मालिक तथा उसके नाबालिग लड़के द्वारा पीड़िता के साथ दुष्कर्म करने के सम्बन्ध में एफआईआर लिखाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया गया था। पीड़िता द्वारा उक्त मकान मालिक के मकान में किराये पर कुल 8 दिन रहने के दौरान ही इस तरह का आरोप लगाया गया था और 17 नवंबर को कार्यवाही न करने का एक समझौता पत्र थाना अंकुर विहार में उपरोक्त तीनो के द्वारा दिया गया था। थाना बादलपुर पुलिस द्वारा जब इस घटना के आरोपी (मकान मालिक) से पूछताछ की गयी तो उसने बताया कि मेरे नाबालिग बेटे को गलत फंसाकर इस बात की धमकी दी गयी कि बलात्कार में आजीवन कारावास की सजा है, हम तुम्हे कही का नही छोडेंगें तब मेरे द्वारा बिना किसी गलती के भी इनके दबाव में आकर साढे पांच लाख रुपए इन तीनो को दे दिये गये थे और इन्होने समझौतानामा लिखकर थाने पर दिया था। ये तीनों लोग मिलकर गैंग के रूप में काम करते है तथा नई-नई जगह किराये का कमरा तलाश कर मकान मालिकों को बलात्कार में फंसाने की धमकी देकर जबरन पैसा वसूलने का काम करते है।

प्रेमिका के साथ विवाद होने पर युवक ने की आत्महत्या

बुलन्द संदेश ब्यूरो

नोएडा (अंशु चौहान)। थाना सेक्टर 58 क्षेत्र के सेक्टर 55 में रहने वाले एक बुजुर्ग की देखभाल के लिए रखा गया घरेलू सहायक ने बीती रात को अपने मालिक के घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया है। पुलिस के अनुसार उसने घटना से पूर्व उसने अपनी प्रेमिका से बात की थी। उससे विवाद होने के बाद उसने आत्महत्या की है। थाना सेक्टर 58 के प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि विशाल प्रजापत पुत्र राम प्रसाद प्रजापत उम्र 25 वर्ष मूल निवासी सवाई माधोपुर राजस्थान सेक्टर 55 में

रहने वाले एक बुजुर्ग व्यक्ति की देखभाल करते थे। उन्होंने बताया कि विशाल प्रजापत ने मंगलवार को अपनी प्रेमिका से फोन पर बात की। किसी बात को लेकर दोनों में विवाद हुआ तथा उसने सेक्टर 55 स्थित अपने मालिक के घर में ही पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। अगर वे इस मामले में कोई शिकायत करते हैं तो पुलिस घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच करेगी।

101 किलो दूध का किया भगवान शिव का रुद्राभिषेक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मोदीनगर (अनवर खान)। महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर सीकरी खुर्द स्थित गौरी शंकर मंदिर में शिव भक्तों द्वारा पूरी रात महामृत्युंजय मंत्र का जाप किया गया। साथ ही मंदिर में स्थित शिवलिंग पर 101 किलो दूध का रुद्राभिषेक भी श्रद्धालुओं द्वारा किया गया। इस दौरान मौजूद श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर दूध, दही, घी, शहद, बेलपत्र, बेर और गुड़ आदि से भगवान शिव का अभिषेक करते हुए अपनी मनोकामना पूर्ण होने की कामना की। गौरी शंकर मंदिर के महंत श्री नारायण गिरी ने श्रद्धालुओं को बताया कि भगवान शिव महादेव सभी के कष्ट हरते हैं। यदि

श्रद्धालु जन पूर्ण आस्था और विश्वास के साथ जो भी भगवान महादेव से मनोकामना करते हैं, वे अपनी अलौकिक शक्तियों से उनकी मनोकामना अवश्य पूरी करते हैं। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान महादेव के गगन भेदी जयकारे लगाए। बाद में हजारों श्रद्धालुओं को प्रसाद भी वितरित किया गया। इस अवसर पर दीपक वत्स, प्रधान संजय, डॉक्टर नरेंद्र त्यागी, महेंद्र सिंह चंदेला, ब्रह्मसिंह, ओमवीर जांगिड़, देवदत्त वत्स, हनी वत्स, नितिन वत्स, मोहन सिंह, महेश सोनी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

हरमनजीत सिंह मिस्टर फेयरवेल व तनिष्का मिस फेयरवेल बनी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मुरादनगर। (नासिर मंसूरी) आयुध निमार्णी फैक्ट्री परिसर स्थित पल्लव निकेतन स्कूल में फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्यअतिथि महिला कल्याण समिति की अध्यक्षा वंदना शर्मा, स्कूल कोर्डिनेटर माया प्रमाणिक व कोषाध्यक्षा दीप्ती भाटी द्वारा

दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अध्यक्षा वंदना शर्मा ने कहा कि छात्रों को अपने माता पिता और गुरू का सम्मान करना चाहिये। कोर्डिनेटर माया प्रमाणिक व प्रधानाचार्या संतोष कर्दम ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर छात्रों ने कविता व गीत प्रस्तुत किये। मिस्टर फेयरवेल कक्षा 5 बी के हरमनजीत सिंह व मिस फेयरवेल कक्षा 5 ए की तनिष्का सिंह को चुना गया। पल्लव निकेतन स्कूल की प्रधानाचार्या संतोष कर्दम, अंकुर विद्या मंदिर स्कूल की प्रधानाचार्या रीतू शर्मा, कृष्णा देवी, रजनी शर्मा, अनिता शर्मा आदि मौजूद रहे।

जलभराव से ग्रामीणो और छात्रों को हो रही परेशानी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

ग्रेटर नोएडा (अंशु चौहान)। यूपी, सीबीएससी व अन्य बोर्ड की परीक्षाएं चल रही हैं। ग्रामीण क्षेत्र के हजारों छात्र भी परीक्षा दे रहे हैं। बंबावड़ गांव के मुख्य मार्ग पर पिछले लंबे समय से दो फीट तक पानी भरा रहता है। इसी मार्ग से होकर प्रतिदिन बड़ी संख्या में छात्र परीक्षा देने के लिए जाते हैं। इस कारण छात्रों के कपड़े अक्सर खराब हो जाते हैं। कई बार पानी के बीच से जाने के दौरान लोगों के वाहन भी बंद हो जाते हैं। ग्रामीणों ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों व जन प्रतिनिधियों से समस्या का स्थाई समाधान कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि इस्टर्न पैरीफेरल बनने के बाद समस्या बढ़ी है। पैरीफेरल के नीचे अंडरपास पर पानी भरा रहता है। अंडरपास से होकर विभिन्न गांव के लोग प्रतिदिन गुजरते हैं। पानी निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है। लोगों का कहना कि कई गांव के लोग लंबे समय से यह परेशानी झेल रहे हैं। अधिकारियों व जन प्रतिनिधियों से भी समस्या को हल कराने की मांग की जा चुकी है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। ग्रामीण अमित

नागर का कहना है कि पास से गुजरने वाली नहर के कटने से पानी एकत्र हो जाता है। मामले की शिकायत अधिकारियों से की गई है।

डॉ0 मीनाक्षी भराला ने की जन सुनवाई,आंगनवाडी केन्द्र का निरीक्षण करते हुए किया पुष्टाहार वितरित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गाजियाबाद (आशा चौधरी)। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग, लखनऊ की सदस्या डॉ मीनाक्षी भराला के द्वारा लोक निर्माण विभाग गेस्ट हाउस, नया बस अड्डा गाजियाबाद के निरीक्षण भवन में जनपद के अधिकारियों के साथ परिचय बैठक एवं महिला जनसुनवाई व सम्बंधित विभागों की योजनाओं की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से एडीसीपी क्राइम सच्चिदानन्द, उप मुख्य चिकित्साधिकारी , बीएसए ओपी यादव, जिला सूचना अधिकारी

योगेन्द्र प्रताप सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी, अपर पुलिस आयुक्त श्रीमती श्वेता, महिला थाना प्रभारी श्रीमती रितु सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। जन सुनवाई कार्यक्रम में 19 महिलाओं की शिकायतों पर जनसुनवाई की गयी। जिसमें 06 प्रकरणों में माननीय सदस्या द्वारा सीधे विभागाध्यक्षों से वार्ता करते हुए शिकायतों के शीघ्र निस्तारण कराने हेतु निर्देशित किया गया। अन्य मामलों में सम्बंधित विभागों को शिकायतों का त्वरित निस्तारण कर आख्या महिला आयोग उ0प्र0 लखनऊ को प्रेषित करने हेतु निर्दे?श दिए। तदोपरांत सदस्या द्वारा आंगनवाडी केन्द्र ग्राम करहेड़ा का निरीक्षण करते हुए पुष्टाहार वितरित किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी मनोज कुमार पुष्कर उपस्थित रहे।

इनर व्हील क्लब ने सर्वाइकल कैंसर के प्रति किया जागरूक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मोदीनगर। इनर व्हील क्लब मोदीनगर तथा गिन्नी देवी मोदी महिला डिग्री कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित एक जागरूकता कार्यक्रम के दौरान विषय विशेषज्ञों द्वारा छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर के लक्षण और बचाव की जानकारी दी गई। कॉलेज के सभागार में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ इनर व्हील क्लब की अध्यक्ष आशा बंसल, प्रसिद्ध महिला रोग विशेषज्ञ डॉ सताक्षी गर्ग, प्राचार्या डॉ पूनम शर्मा, पूर्व प्राचार्या डॉ रीता बक्शी, सचिव अनीता रानी द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती की प्रतिमा की समक्ष द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। डॉक्टर सताक्षी गर्ग ने छात्राओं को बताया कि पैरों में सूजन, अनियमित पीरियड्स, ज्यादा रक्तस्राव, मूत्र त्याग में परेशानी, वजन कम होना, भूख न लगना, बेवजह थकान, हड्डियों में दर्द होना सर्वाइकल कैंसर के लक्षण हो सकते हैं। डॉ सताक्षी गर्ग ने बताया कि अगर आपको सर्वाइकल कैंसर के किसी भी लक्षण

का अनुभव हो, तो बिल्कुल भी लापरवाही ने बरतें और तुरंत अपने डॉक्टर से संपर्क करें। इस दौरान क्लब द्वारा छात्राओं को सेनेटरी नैपकिन भी वितरित किए गए। अध्यक्षता डॉक्टर सरिता जैन ने की। कार्यक्रम का सफल बनाने में स्तुति गुप्ता ,प्रतिभा गांधी, उर्मिला गुप्ता, शालू तिवारी, मंजू कन्नौजिया, खुशबू , गार्गी , गीता त्यागी, यास्मीन खान आदि का सराहनीय सहयोग रहा।

शिकायतों का निस्तारण व विभागीय कार्यों को पूर्ण तन्मयता के साथ किया जाएं: जिलाधिकारी दीपक मीणा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गाजियाबाद। जिलाधिकारी दीपक मीणा आईएएस द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय पर जन सुनवाई की गयी।

जन सुनवाई के दौरान बिजली, सफाई, अवैध अतिक्रमण, पेयजल, घरेलू झगड़े, राजस्व सहित अन्य विभागों से सम्बंधित शिकायतें प्राप्त हुई। जिलाधिकारी ने क्रमवार सभी की शिकायतों

को सुनते हुए सम्बंधित अधिकारियों को निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी द्वारा सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जन शिकायतों का निस्तारण व विभागीय कार्यों को पूर्ण तन्मयता के साथ किया जाएं। इस दौरान सिटी मजिस्ट्रेट डॉ.सन्तोष कुमार उपाध्याय द्वारा भी जन शिकायतें सुनी गयी।

जिलाधिकारी के निर्देशन पर एडीएम सिटी की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा सम्बंधित मासिक बैठक आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गाजियाबाद (आशा चौधरी)। जिलाधिकारी, गाजियाबाद दीपक मीणा के निदेर्शों के क्रम में अपर जिलाधिकारी (नगर), गाजियाबाद गंभीर सिंह की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित मासिक समीक्षा बैठक आहूत की गयी, जिसमें अपर जिलाधिकारी (नगर), गाजियाबाद द्वारा जनपद में दुर्घटना घटित स्थलों पर दुर्घटनाओं के कारणों का सद्यनता से परीक्षण किया गया। समीक्षा बैठक में चिहिन्त अवशेष ब्लैक स्पॉट अधिकांशतः एन0एच0ए0आई0 के स्वामित्व के है मुख्यतः ब्लैक स्पॉट (मणीपाल हॉस्पिटल, सुन्दरदीप कॉलेज से सदभावना कट तक, कौशिक ढाबा एवं टोल उद्योग कुन्ज) पर सडक सुरक्षा सम्बन्धित कार्य पूर्ण कराने के सम्बन्ध में एन0एच0ए0आई0 द्वारा अवगत कराया गया कि प्रस्ताव की मुख्यालय से स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है एवं सुरक्षात्मक कार्य आगामी एक माह में पूर्ण करा दिये जायेगें। एन०एच०ए०आई० को निर्देशित किया गया कि एन०एच०/एक्सप्रेसवे पर मार्ग के किनारे खडे होने वाले अवैध वाहनों के चालान किये जाये एवं उनकी सूची पुलिस एवं आर0टी0ओ0 कार्यालय

को भी उपलब्ध करायी जाये। दिल्ली-मेरठ मार्ग पर आई0पी0एम0 कट के पास वाहनों के निकलने हेतु कम से कम दो लेन का प्राविधान किया जाये एवं भोजपुर एवं अन्य टोल पर प्रवेश करने वाले दो पहिया वाहनों का प्रवेश पूर्ण रूप से बन्द कराने के निर्देश दिये। शिक्षाधिकारी,खण्ड शिक्षाधिकारी को निर्देशित किया गया कि स्कूलों में दो पहिया वाहन प्रयोग करने वाले समस्त विद्यार्थी द्वारा हेटमेट का प्रयोग किये जाने के उपरान्त ही स्कूल में प्रवेश कराया जाये। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर सैक्टर-62 पर बने बस स्टॉप पर रूकने वाली बसों को व्यवस्थित तरीके से एक ही लेन में किया जाये जिससे कि मार्ग पर यातायात प्राभावित न हो। बैठक में श्री जियाउददीन अहमद, ए0सी0पी0 (ट्रैफिक), रामराजा, अधिशासी अभियन्ता, लो0नि0वि0, राहुल श्रीवास्तव, ए0आर0टी0ओ0 (ए), मनोज कुमार मिश्रा, ए0आर0 टी0ओ0-2, अमित राजन राय, ए0आर0टी0ओ0-(प्रवर्तन), एस0पी0 मिश्रा, अधिशासी अभियन्ता, नगर निगम, राजीव कुमार सिंह, अधिशासी अभियन्ता, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, उमेश कुमार, अधिशासी अभियन्ता, एन0सी0आर0टी0सी0, अंकुल कुमार, अधीक्षण अभियन्ता, एन0एच0ए0आई0. सीमा शिवहरे, उपस्थित रहें।

कार्यालय नगर पालिका परिषद मोदीनगर (गाजियाबाद)

पत्रांकः 111 / न0पा0परि0मो0/2025 दिनांकः 25 फरवरी, 2025

-: अति अल्पकालीन ई-निविदा सूचनाः-

नगर पालिका परिषद मोदीनगर जनपद गाजियाबाद द्वारा "राज्य वित्त आयोग/पालिका निधि" के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से गौवंशों के भरण-पोषण हेतु साइलेज आपूर्ति के कार्य हेतु ई-निविदा दिनांक 05.03.2025 को दोपहर 03:00 बजे तक ई-प्रोक्योरमेन्ट की वेबसाईट http//:etender.up.nic.in पर ऑनलाईन के माध्यम से आमंत्रित की जाती है, जो उक्त दिनांक 05.03.2025 को सांय 04:00 बजे खोली जायेंगी। निविदा से सम्बन्धित अन्य नियम व शर्ते तथा विस्तृत विवरण ई-प्रोक्योरमेन्ट की वेबसाईट http//:etender.up.nic.in पर भी देखा जा सकता है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
मोदीनगर (गाजियाबाद)

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
मोदीनगर (गाजियाबाद)

समारोह संविधान के चौथे स्तंभ यानी पत्रकारों को "कलम के योद्धा" सम्मान से किया गया सम्मानित

पीसीएचए ने धूमधाम से मनाया होली व ईद मिलन समारोह

बुलन्द संदेश बयूरो

मुरादनगर। (नासिर मंसूरी) प्राइवेट चिकित्सक हेल्थ केयर संगठन ने मुरादनगर में होली एवं ईद मिलन समारोह धूमधाम से मनाया। इस मौके पर पत्रकारों को कलम के योद्धा सम्मान से भी सम्मानित किया गया।

प्राइवेट चिकित्सक हेल्थ केयर संगठन देहात सहित पूरे जनपद में चिकित्सीय सेवा उपलब्ध कराता है। संस्थान मानना है कि संविधान के चौथे स्तंभ यानि पत्रकार अपनी जिम्मेदारी को हर हाल में निभाते हैं ऐसे में उनकी एसोसिएशन ने पत्रकारों के सम्मान का कार्यक्रम आयोजित किया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर महिपाल सिंह, कवित्री डॉ गीतिका चतुर्वेदी, कवित्री डॉ निवेदिता शर्मा, डॉ अरशद इकबाल का संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ संजय कुशवाहा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉक्टर अतुल त्यागी

प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर जी.के. राजा ने पुष्प भेंट कर स्वागत किया। इस मौके पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कुशवाहा ने कहा कि उनका संगठन लगातार जन सेवा कर रहा है निश्चित रूप से आज चिकित्सा पद्धति बहुत महंगी हो गई है लेकिन उनके संगठन ने हमेशा ही गरीबों को बेहतर और अच्छा इलाज मुहैया कराने का भरसक प्रयास किया है। कार्यक्रम में सम्मान समारोह के साथ कविताओं का माहौल भी बेहद तरीके से बनाया गया। जहां मशहूर कवित्री डॉक्टर गीतिका चतुर्वेदी ने कविताओं से शानदार समां बांधा इसके अलावा कवित्री डॉक्टर नवोदय शर्मा ने भी एक से एक बढ़कर कविताएं सुनाई। जिसमे पत्रकारों के कलम को सलाम था साथ ही होली की रंगों की चमक भी महसूस हुई। संगठन के पदाधिकारी ने सभी डॉक्टरों से आह्वान किया कि जल्द से जल्द हमारी संख्या में वृद्धि होना चाहिए ताकि हम और अधिक बेहतर तरीके से जन सेवा का कार्य कर सकें साथ यह भी सुनिश्चित कर सके कि किसी गरीब को इलाज के लिए परेशान नहीं होना पड़े।

मोनाड विश्वविद्यालय में किया गया रक्तदान शिविर का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)। रक्तदान न केवल जरूरतमंदों की जान बचाने में सहायक होता है, बल्कि रक्तदाता के स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक होता है डॉ0 एम0 जावेद मोनाड विश्वविद्यालय में गुरुवार को रोटेरी क्लब हेरिटेज गाजियाबाद व वरदान मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में ऐजी रोटेरी क्लब सुधीर पाठक उपस्थित हुये। इस रक्तदान शिविर में वि0वि0 के करीब 500 से अधिक शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस शिवर में वि0वि0 के प्रतिकुलाधिपति डॉ0 एनके सिंह, कुलपति डॉ0 मोहम्मद जावेद, उपकुलपति (प्रशासनिक) प्रो0 योगेश पाल सिंह, उपकुलपति (अकादमिक) डॉ0 जयदीप कुमार एवं उपकुलपति (एडमिशन) रोहित शर्मा उपस्थित रहे। इस अवसर पर वि0वि0 के कुलपति ने कहा कि रक्तदान न केवल जरूरतमंदों की जान बचाने में सहायक होता है, बल्कि रक्तदाता के स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक होता है। इससे शरीर में नई रक्त कोशिकाएँ बनने की प्रक्रिया तेज होती है और यह एक सामाजिक सेवा भी मानी जाती है इसलिये रक्तदान को महादान भी कहा जाता है। वहीं उपकुलपति (प्रशासनिक) प्रो0 योगेश पाल सिंह ने कहा कि वि0वि0 में आयोजित रक्तदान शिविर समाज के प्रति विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। ऐसे आयोजनों से न केवल छात्रों में सामाजिक सेवा की भावना विकसित होती है, बल्कि यह चिकित्सा क्षेत्र में भी एक सकारात्मक योगदान देता हैं। इस शिविर में रोटेरी क्लब हेरिटेज गाजियाबाद के प्रधान हिमांशु बंसल, सचिव नितिन गुप्ता, कोषाध्यक्ष अभिनव मित्तल, क्लब ट्रेनर डॉ रंजीत खत्री, सदस्य अंजली बंसल, अतुल अग्रवाल, रोहन अग्रवाल, दिनेश गर्ग एवं राजीव गर्ग के साथ वरदान मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल गाजियाबाद से डॉक्टर एवं उनकी टीम के अन्य सदस्य भी उपस्थित हुये। इस शिविर में रेटेरी क्लब के प्रधान हिमांशु बंसल ने कहा कि रक्त का उपयोग अस्पतालों में जरूरतमंद व्यक्तियों की सहायता के लिए किया जाएगा, खासकर आपातकालीन स्थितियों के दौरान जब रक्त आधान महत्वपूर्ण होता है। इस शिविर में वि०वि० के डॉ० सौरभी दत्ता, डॉ० आशीष गर्ग, डॉ० अमित चौधरी, ममतेश सोलंकी, फरहान, आमिर, अंकुर सिरोही, सचिन धामा, गौरव शर्मा, नितिन कुमार, कुलदीप कुमार, रियांश, काजल अग्रवाल, सुमित कुमार एवं श्रवण कुमार आदि सहित लगभग 125 यूनिट रक्तदान किया गया। शिविर में रक्तदान करने वाले समस्त प्रतिभागियों को रोटेरी क्लब द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस शिविर में वि०वि० के फार्मेसी संकाय के संकायाध्यक्ष डॉ० अमित सिंह एवं प्राचार्या डॉ० गरिमा गुप्ता का विशेष योगदान रहा।

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान, द्वारा मनाया गया महाशिवरात्रि पर्व

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गाजियाबाद (आशा चौधरी)। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के संस्थापक एवं संचालक दिव्य गुरु आशुतोष महाराज जी की कृपा से C-3 पटेल नगर IInd स्थित, गाजियाबाद शाखा द्वारा महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर विशेष सत्संग कार्यक्रम एवं अखण्ड साधना शिविर का आयोजन किया गया, जिसका समय 26 फरवरी, 2025 को प्रातः 4 बजे से 27 फरवरी, 2025 को प्रातः 4 बजे तक था। इस अखण्ड साधना शिविर में अनेक श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और भगवान शिव के सिद्धांतों को अपने जीवन में धारण करते हुए, ब्रह्मज्ञान आधारित ध्यान-साधना के माध्यम से शिवत्व की ओर अपने कदम आगे बढ़ाए। भजन संकीर्तन एवं सत्संग कार्यक्रम का प्रारंभ इस महापर्व की महिमा को मनाते हुए भगवान शिव के भजनों के माध्यम से किया गया, जिसका आनंद सभी भक्तों ने लिया। साथ ही भगवान शिव के श्रृंगार का आध्यात्मिक महत्व सभी भक्तों को समझाया गया। माँ पार्वती द्वारा ज्ञान की खोज और भगवान शिव द्वारा उन्हें ब्रह्मज्ञान प्रदान करने का प्रेरणादायक दृष्टान्त भी प्रस्तुत किया गया, जो हम सभी के लिए प्रेरणा है कि यदि हमें भगवान शिव को तत्व रूप में जानना है, तो हमें पूर्ण सद्गुरु की शरण में जाकर उस तत्वज्ञान को प्राप्त करने की आवश्यकता है।

भक्ति-रचनाओं, साधना और ज्ञानवर्धक विचारों के माध्यम से सभी ने आत्मिक शांति और दिव्यता का अनुभव किया। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के साथ किया गया। इस विशेष अवसर पर आयोजित यह कार्यक्रम न केवल भक्तों के लिए आध्यात्मिक उन्नति का अवसर था, बल्कि यह समाज में शांति, प्रेम और सद्भाव का द्योतक भी है।

मौलाना आजाद पब्लिक स्कूल नाहल मे साइंस एंड आर्ट (एक्सहिबिशन) प्रदर्शनी का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गाजियाबाद। जिले के ग्राम नाहल मैं मौलाना आजाद पब्लिक स्कूल में साइंस एंड आर्ट (exhibition) प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें डाक्टर अर्सलान एडवोकेट औरंगजेब मास्टर जी जुबैर अहमद को मुख्य अतिथि बनाया गया, उन्होंने नन्हे मुने बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडल्सो का छात्राओं द्वारा प्रदर्शन किया, विज्ञान प्रदर्शनी के आयोजन का मकसदः मंच से डाक्टर अरसलान ने छात्रों को बताया छात्रों को वैज्ञानिक सिद्धांतों को समझने में मदद करना, छात्रों के बीच टीमवर्क और सहयोग की भावना को बढ़ावा देना छात्रों को व्यावहारिक अन्वेषण के लिए प्रोत्साहित करना, छात्रों की रचनात्मकता को बढ़ावा देना छात्रों के संचार कौशल को निखारना छात्रों को रुचिपूर्ण अधिगम और व्यावहारिक गतिविधियों में शामिल करना ,उन्होंने बताया इस विद्यालय से मैं भी शिक्षा ग्रहण की है , मार्गदर्शक मेरे इसी स्कूल के प्रधानाचार्य है मेरे, उन्होंने बताया मुझे यहां पूछते ही ऐसा महसूस हुआ है जैसे हम विज्ञान की दुनिया में आ गए हो, मास्टर जी जुबिन ने बताया कि बच्चों ने काफी अच्छी प्रदर्शनी लगाई है प्रत्येक प्रदर्शनी में पांच छात्रों ने भाग लिया था, आश्चर्यजनक चीज थी बच्चों ने एक छोटा बैटरी से चलने वाला रोबोट खिलौने बनाए था जो रिमोट के आदेश पर उठक बैठक कर रहा था ,और छोटे छोटे सामान उठा सकता था वह कागज और प्लास्टिक के टुकड़े अलग-अलग कूड़ेदान में डाल रहा था ,यह सब विज्ञान के सारे संभव हो सका था कुछ इंस्टॉल ऐसे थे जिनके विज्ञान के नकारात्मक प्रभाव साफ झलक रहे थे।

स्टॉल नंबर पांच पर कारखाना और वाहनों से निकलने वाले दुष्ट और जल को नदियों और समुद्र में छोड़े जाने का चित्रण किया गया था, जिससे जलीय और वायु में रहने वाली प्राणियों को मारते हुए दिखाया गया, इंस्टॉल नंबर 13 पर अनाज की सुरक्षा का तरीका समझाया गया था,एक फुटबॉल पर चारों ओर कांच के टुकड़े चिपक कर उसे अनाज के बीच रखा गया था जैसे ही फुटबॉल पर धूप पड़ी कहां से प्रकाश का परावर्तित होने लगा और पक्षी उसे प्रकाश से चकाचौंध हो गए इससे अनाज तो सुरक्षित हो गया लेकिन पक्षियों पर इसका बुरा असर पड़ा मैं सोने लगा कि इस विधि से पक्षियों से तो बचा जा सकता है, लेकिन अनाज में लगने वाले सूक्ष्म जीव जंतुओं से नहीं अनाज की सुरक्षा संभव है लेकिन इस प्रक्रिया से पर्यावरण है घटकों को नुकसान पहुंच रहा है यह सब मास्टर जी जुबेर ने छात्र-छात्राओं को बताया ,इस विज्ञान प्रदर्शनी से मैंने यह सीखा की विज्ञान आवश्यक है उसका उपयोग निरंतर बढ़ता रहना चाहिए परंतु वह पर्यावरण देसी भी होना चाहिए वास्तव में इस विज्ञान प्रदर्शन ने मुझे राष्ट्र है उसकी प्रगति के प्रति अपने कर्तव्य के समस्त जीव कल्याण की भावना का बोध कराया है यह मुख्य अतिथि के तौर पर मास्टर जुबेर ने हमारे संवाददाता को बताया। इस मौके पर ग्रामीण पत्रकार बंधु अभिभावक सब उपस्थित रहे।

सांसद अतुल गर्ग व विधायक संजीव शर्मा ने किया क्रॉसिंग अस्पताल के डूंडाहेड़ा क्रॉसिंग स्थित 50 बेड के अस्पताल का किया निरीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गाजियाबाद (आशा चौधरी)। 27/02/25 गाजियाबाद की जनता को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गुरुवार को सांसद अतुल गर्ग एवं शहर विधायक संजीव शर्मा ने डूंडाहेड़ा क्रॉसिंग स्थित 50 बेड के अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं का गहन अवलोकन किया गया और मरीजों को बेहतर सेवाएँ प्रदान करने के लिए आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा की गई।विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि: अस्पताल का इंफ्रास्ट्रक्चर सराहनीय है, लेकिन कुछ आवश्यक सुधारों की आवश्यकता महसूस की गई है। हमारा प्रयास है कि हर नागरिक को सहज और सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध हों। यदि किसी को कोई समस्या आती है तो हमें अवगत कराएँ, ताकि उसका समाधान शीघ्रता से किया जा सके।"निरीक्षण के दौरान उटड और उटर के साथ बैठक कर अस्पताल में मौजूद संसाधनों और आवश्यक सुधारों पर चर्चा की गई। जनप्रतिनिधियों ने अधिकारियों से अपेक्षा जताई कि सभी नागरिकों को उत्तम स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएँ।प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा उद्घाटित इस अस्पताल को और अधिक सशक्त बनाने के लिए सांसद अतुल गर्ग एवं विधायक संजीव शर्मा ने आश्वस्त किया कि अस्पताल में पाई गई कमियों को शीघ्र ही दूर करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएँगे। इस अवसर पर ललित कश्यप, मंडल अध्यक्ष पवन शर्मा, धर्मेंद्र कुमार, हेमराज महौर, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुधीर शर्मा, करण शर्मा, रनिता सिंह, भीम शर्मा, बलप्रीत सिंह सहित कई कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित ।

आर्य नेता श्रद्धानंद शर्मा की पत्नी पंचतत्त्व में विलीन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गाजियाबाद। आर्य समाज राजनगर के संरक्षक श्री श्रद्धानंद शर्मा की 87 वर्षीय धर्मपत्नी श्रीमती अंगूरी देवी शर्मा का आज प्रातः निधन हो गया था, उनका अन्त्येष्टि संस्कार मोक्ष स्थली हिण्डन नदी शमशान घाट पर वैदिक विद्वान श्री कृष्णशास्त्री द्वारा पूर्ण वैदिक रीती से किया गया।उनके पार्थिव शरीर को मुखाग्नि उनके सुपुत्र सतेन्द्र आत्रेय ने अपने भाई रविन्द्र एवं ज्ञानेंद्र आत्रेय के साथ दी।

स्वर्गीय अंगूरी देवी शर्मा ईश्वरभक्त, दानशीलता,सरलता और सौम्यता कि प्रतिमूर्ति थीं,उनके निधन से आर्य समाज की अपूर्णीय क्षति हुई है। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण आर्य ने प्रभु से प्रार्थना की कि वह दिवंगत आत्मा को शांति एवं शोक संतप्त परिवार को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। इस अवसर पर आर्य नेता सेवा राम त्यागी ने कहा कि अन्त्येष्टि संस्कार मानव का 16 वां संस्कार है,उन्होंने आगे कहा कि आज के बदलते परिवेश में लोगों द्वारा पार्थिव शरीर पर अत्याधिक चादर चढ़ाने कि बजाय देसी घी और सामिग्री चढ़ाएं तो पर्यावरण शुद्ध होगा।मानव शरीर तो पंचभौतिक तत्वों से मिलकर बना होता है।अतः इसे अग्नि में रखकर पंचतत्वों में ही विलीन कर देने का प्राचीन काल से विधान चला आ रहा है। यह प्रक्रिया उपयुक्त, सरल, अल्पव्ययसाध्य व शीघ्र उद्देश्य की पोषक है।अन्त्येष्टि का संबंध ज्ञान व विज्ञान तथा सृष्टि के नियमों से है।इस अवसर पर मुख्य रूप से सर्वश्री सत्यवीर चौधरी, मंगल सिंह चौधरी, तेज पाल सिंह, नरेन्द्र पांचाल,डा वीरेन्द्र नाथ सरदाना, कौशल गुप्ता आदि सेकड़ों आर्य प्रतिनिधि उपस्थित थे।

एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी मे प्रसिद्ध कम्पनी के.डब्लयू. ग्रुप द्वारा कैंपस प्लेसमेंट का हुआ आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)। एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी में प्रसिद्ध कंपनी के. डब्लयू. ग्रुप द्वारा कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। इस ड्राइव में एम.बी.ए., बी.बी.ए., बी.कॉम, बी.सी.ए., एम.सी.ए., बी.टेक. (कम्पयूटर सांइस) के विद्यार्थियों ने भाग लिया। ड्राइव का आरम्भ कंपनी प्रोफाईल अथवा जॉब डिस्क्रिप्शन के बारे मे कंपनी के अधिकारियों द्वारा बताकर किया गया। इस ड्राइव में पर्सनल इंटरव्यू के माध्यम से विद्यार्थियों का चयन कंपनी द्वारा किया गया। इस अवसर पर सुन्दर दीप ग्रुप के चेयरमैन श्री महेंद्र अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुंदरदीप समूह, श्री अखिल अग्रवाल, एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो0 (डॉ0) प्रसेंनजीत कुमार, प्रो0 वाइस चांसलर श्री पीयूष श्रीवास्तव, आई.जी. पुलिस (से0नि0), रजिस्ट्रार डॉ0 राजीव रतन, श्री अमित भारद्वाज, निदेशक (ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट), प्रो. (डॉ0) हरीश तलूजा, निदेशक इंजीनियरिंग, प्रो0 (डॉ0) दीपा कंवर, उप निदेशक तथा सभी कॉलेजों के निदेशक, विभागाध्यक्ष, और फैकल्टी सदस्यों द्वारा चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी गई और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

पेरेंट्स एसोसिएशन ने आरटीई के बच्चो के घर जाकर जांच करने वाले स्कूलों पर कार्यवाई की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गाजियाबाद (आशा चौधरी)। जिले में आरटीई के दाखिलों की चयन प्रक्रिया दिसंबर माह से प्रारंभ हो चुकी है जिसके तीन चरण समाप्त हो चुके है दो चरणों के चयनित बच्चो को चयनित पत्र जारी हो चुके

आरटीई दाखिले नहीं लेने वाले स्कूलों पर एफआईआर दर्ज करने के निर्देश जारी करे सरकार- जीपीए

है शिक्षा अधिकारी और जिला प्रशासन इस बार शत प्रतिशत दाखिले कराने के दावे ठोक रहा है वहीं निजी स्कूल है कि जो चयनित बच्चो को दाखिला नहीं देकर शिक्षा विभाग के दावों की पोल खोल रहे है निजी स्कूलों ने आरटीई अधिनियम के नियमों का उल्लंघन कर जहा इस बार भी चयनित बच्चो के घर जाकर वेरिफिकेशन करने का खेल शुरू कर दिया वही बच्चो के अभिभावकों से तीन साल की बैंक स्टेटमेंट सहित अनावश्यक कागजात मांगने शुरू कर दिए हैं गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन के सचिव अनिल सिंह का कहना है कि निजी स्कूल हमारे शिक्षा अधिकारियों की सुनने के लिए तैयार ही नहीं है इस बार भी वहीं पुराना राग अलापना शुरू कर दिया है कुछ स्कूल कह रहे है कि हम मार्च में दाखिला देंगे और कुछ स्कूलों ने तो आरटीई नियमों का उल्लंघन कर गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के अभिभावकों के यहां अपना स्टाफ भेजकर जांच करानी शुरू कर दी है जो जहा गरीब अभिभावकों के निजिता के अधिकार का हनन है वहीं आरटीई के नियमों का उल्लंघन भी है हम जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और जिला प्रशासन से अनुरोध करते हैं कि ऐसे स्कूलों पर समय रहते कार्यवाई सुनिश्चित करे जिससे कि किसी भी आरटीई के अंतर्गत चयनित बच्चे को शिक्षा के अधिकार से वंचित न होना पड़े।

लोकप्रियता गोवा टूर के आयोजन से बढेगी आपसी आत्मीयता और जनप्रतिनिधियों की लोकप्रियता

अतुल गर्ग के सानिध्य में गोवा टूर पर जाना हमारा सौभाग्य : संजीव गुप्ता

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गाजियाबाद (आशा चौधरी)। सांसद प्रतिनिधि राजेन्द्र मित्तल मेदी वालों ने टूर को बनाया है बहुत ही रोचक और व्यवस्थित गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग के प्रयासों से एक मार्च को हिंडन एयरपोर्ट से गोवा को जाने वाली पहली फ्लाइट उडान भरेगी और इस उपलब्धि को यादगार बनाने के लिए सांसद टीम ने गाजियाबाद से गोवा का एक बहुत ही रोचक टूर बनाया है। जिसमें सांसद अतुल गर्ग के सानिध्य में गाजियाबाद के जनप्रतिनिधि, भाजपा संगठन के पदाधिकारी, व्यापारियों और गणमान्य लोगों के साथ समरकूल ग्रुप के चेयरमैन और महानगर भाजपा के कोषाध्यक्ष संजीव कुमार गुप्ता भी चार दिवसीय इस टूर में भाग ले रहे हैं?। इस गोवा टूर पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए संजीव गुप्ता का कहना है कि, गाजियाबाद हिंडन एयरपोर्ट से घरेलू उडान शुरू कराकर हमारे माननीय सांसद और बड़े भाई अतुल गर्ग जी ने हमें एक बहुत बड़ी सौगात दी है। जिसका हमे आने वाले दिनों में बहुत बड़ा लाभ मिलेगा। और पहली उडान पर गोवा का यह टूर यादगार और बहुत ही रोचक और अपनेपन से भरपूर रहेगा। इस टूर के आयोजन में माननीय सांसद जी की टीम और विशेष रूप से उनके प्रतिनिधि भाई राजेन्द्र मित्तल मेदी वालों का बहुत ही सराहनीय प्रयास देखने को मिला रहा है। क्योंकि जिस तरह से अभी तक सभी व्यवस्थायें चुस्त दुरूस्त चल रही है। यह आभास कराता है कि गोवा का यह टूर एक यादगार और एतिहासिक टूर साबित होगा। जिसमें पहली बार जिले के अधिकांश जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग एक साथ रहेगें। तो बहुत सी साकारात्मक चीजें निकलकर आयेगी। संजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि मैं इस अभूतपूर्व टूर के आयोजन हेतू माननीय सांसद जी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ और मेरी ओर से गोवा टूर के सभी प्रतिभागियों को पूर्व में ही बहुत बहुत शुभकामनाएं है।

बाल कल्याण समिति ने धौलाना में नाबालिग की शादी रूकवाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

धौलाना (संजीव वशिष्ठ)। चाइल्ड हेल्पलाइन लखनऊ से बाल विवाह की शिकायत प्राप्त होने पर बाल कल्याण समिति द्वारा थाना एएचटीयू, जिला बाल संरक्षण समक्ष पेश किया गया। समिति के अध्यक्ष/मजिस्ट्रेट अभिषेक त्यागी व मजिस्ट्रेट डॉ. इंदु गोस्वामी और मजिस्ट्रेट बाबूराम गिरी द्वारा बालिका के आवश्यक कागजात बालिका के माता पिता द्वारा प्राप्त किए गए, अग्रिम कार्यवाही होने तक बालिका को वन

इकाई व वन स्टॉप सेंटर की संयुक्त टीम गठित करते हुए, थाना धौलाना क्षेत्र में एक नाबालिक 17 वर्षीय बालिका का बाल विवाह रुकवाया। संबंधितू बालिका को तुरंत रेस्क्यू कर बाल कल्याण समिति के स्टॉप सेंटर में भेजा गया। इस कार्यवाही में अमित कुमार संरक्षण अधिकारी, सह आंकड़ा विश्लेषक मुकेश कुमार, वन स्टॉप सेंटर से केन्द्र प्रबंधक सोनिया, उप निरक्षक कर्णवीर सिंह शामिल रहे।

आनंदा ने रचा इतिहास झ गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स™ में दर्ज हुआ नाम, दुनिया का सबसे बड़ा पनीर स्लैब-205.4 किलोग्राम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)। क्षेत्र के गांव खैरपुर खैराबाद स्थित आनंदा डेयरी ने नया कीर्तिमान स्थापित किया है। भारत की प्रतिष्ठित डेयरी ब्रांड आनंदा ने अपने उत्कृष्टता और नवाचार की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ™ में अपना नाम दर्ज करा लिया है। आनंदा ने 205.4 किलोग्राम वजनी दुनिया का सबसे बड़ा पनीर स्लैब बनाकर यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। यह रिकॉर्ड न केवल आकार की दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह गुणवत्ता, स्वच्छता और शुद्धता के उच्चतम मानकों पर भी खरा उतरा है। 100% शुद्ध दूध से तैयार इस पनीर स्लैब को कड़े स्वच्छता मानकों के साथ बनाया गया, जो आनंदा की गुणवत्ता और उपभोक्ता प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

आनंदा की प्रतिबद्धता झ शुद्धता और नवाचार का संगम

इस उपलब्धि पर आनंदा डेयरी के चेयरमैन और फाउंडर डॉ. राधे श्याम दीक्षित ने कहाः"हम हमेशा डेयरी उत्कृष्टता की सीमाओं को आगे बढ़ाने में विश्वास रखते हैं। यह उपलब्धि केवल एक रिकॉर्ड बनाने के बारे में नहीं है, बल्कि यह आनंदा की शुद्धता और गुणवत्ता के प्रति प्रतिबद्धता का उत्सव भी है, जिसे हम पूरे विश्व के साथ साझा करना चाहते हैं।"

उपभोक्ताओं के लिए गर्व का क्षण

गृहिणियों के लिए - यह आश्वासन कि वे जो कुछ भी अपने परिवार को परोसती हैं, वह विशेष देखभाल और विशेषज्ञता के साथ बनाया गया है।

ग्रोसरी दुकानदारों के लिए झ यह आनंदा के उत्पादों को स्टॉक करने का एक और ठोस कारण है, क्योंकि उपभोक्ता हमेशा गुणवत्ता और विश्वसनीयता वाले ब्रांड्स की ओर आकर्षित होते हैं। डेयरी टेक्नीशियनों के लिए झ यह आनंदा की अग्रणी सोच और उद्योग में नए मानक स्थापित करने की क्षमता को दशार्ता है।

रिकॉर्ड से सेवा तक -एक ऐतिहासिक मिशन

आनंदा ने इस विशाल पनीर स्लैब को NGOs और सामुदायिक रसोई में वितरित कर इस ऐतिहासिक उपलब्धि को एक मिशन में बदल दिया। यह रिकॉर्ड सिर्फ एक आंकड़ा नहीं, बल्कि समाज की सेवा करने और जरूरतमंदों तक पोषण पहुंचाने का भी प्रतीक है।

रमजान माह में व्यवस्थाओं को दुरुस्त कराए जाने के लिए सौंपा ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

संभल। रमजान की व्यवस्थाओं को दुरुस्त कराने की मांग को लेकर सपा कार्यकताओं ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। गुरुवार को सपा के जिला सचिव सईद माह में मस्जिदों में धीमी आवाज से लाउडस्पीकर से अजान देने की अनुमति दी जाए, जिससे सेहरी व इफ्तार में रोजेदारों को कोई परेशानी न हो। रमजान में समय की पाबंदी होती है। सेहरी व इफ्तार के समय 24 घंटे बिजली सुचारु की जाए। इसमें कटौती ना हो।

अख्तर इसराईली के नेतृत्व में एसडीएम वंदना मिश्रा को सौंपे गए पांच सूत्रीय ज्ञापन में बताया कि शहर में मस्जिदों, मस्जिदों, मदरसों व इमामबाड़ों व दरगाहों के आसपास के आसपास साफ-सफाई कराई जाए, रमजान मुख्य चौराहों व बाजार में महिला व पुरुष पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई जाए। शहर में जल व्यवस्था दिन में तीन बार दिए जाने की मांग की है। इसमें हाफिज वसीम, मसरूर, मोहम्मद अनस, अदनान, हमजा आदि रहे।

परिवहन और खनन विभाग के द्वारा की गई कार्रवाई, वसूला गया 168 लाख रुपये का जुर्माना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

ग्रेटर नोएडा (अंशु चौहान)। ओवरलोड वाहनों से न सिर्फ दुर्घटना का खतरा रहता है बल्की सड़कें छतिग्रस्त होती है और प्रदूषण भी फैलता है। ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ जिले का परिवहन व खनन विभाग लगातार कार्रवाई कर रहा है। विभाग के द्वारा जिले में विभिन्न स्थानों पर पिछले 2 माह के दौरान 357 ओवरलोड वाहनों चालान किया गया। 271 वाहनों को किया बंद करा दिया गया। वाहन मालिकों से 168 लाख 28 हजार रुपए वसूला गया।एआरटीओ प्रवर्तन डाक्टर उदित नारायण ने बताया कि जनवरी एवं फरवरी माह में चलाए गए अभियान में राजस्थान व हरियाणा से रोडी, गिट्टी, रेता आदि लादकर जनपद गौतमबुद्धनगर आने वाले एवं अन्य 357 ओवरलोड वाहनों का चालान कर 271 वाहनों को बंद किया गया। टीम के द्वारा इको टेक-1, डीएनडी कालिंदी कुंज, चार मूर्ति,

सिरसा कट, बिसरख, बादलपुर, नालेज पार्क सहित अन्य स्थानों पर जांच की गई। जांच में मिला कि कई वाहनों में पंजीयन चिन्ह अस्पष्ट था और निर्माण सामाग्री, त्रिपाल से ढका न होने, रेफ्लेक्ट न लगा होने सहित अन्य मामलों में कार्रवाई की गई। सभी चालकों के ड्राइविंग लाइसेन्स निलंबन और परमिट निलंबन की संस्तुति की गई है।

मांगों के समर्थन में ग्रामीणों ने एनपीसीएल कार्यालय पर किया प्रदर्शन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

ग्रेटर नोएडा (अंशु चौहान)। विभिन्न मांगों के समर्थन में किसान सभा एवं किसान एकता संघ के नेतृत्व में तुगलपुर स्थित एनपीसीएल कार्यालय पर किसानों ने प्रदर्शन किया। यूपीपीसीएल के खिलाफ किसानों ने जमकर नारेबाजी की और खराब बिजली आपूर्ति सहित तमाम आरोप लगाए। पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में किसानों के 15 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने एनपीसीएल के अधिकारियों से वार्ता की।

खेड़ी गांव में बिजली कर्मचारियों द्वारा की गई बदतमीजी की घटना में शामिल बिजली कर्मियों के सस्पेंशन पर सहमति को छोड़कर अन्य किसी भी मुद्दे पर सहमति नहीं बन पाई। किसानों ने एनपीसीएल का बहिष्कार करने का निर्णय लिया। ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि अब एनपीसीएल की बिजली नहीं लेंगे और कंपनी के किसी भी बिलिंग संबंधित कर्मचारी को गांव में घुसने नहीं देंगे। ग्रामीणों ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर एनपीसीएल की जगह यूपीपीसीएल से बिजली आपूर्ति की मांग करने का निर्णय लिया है। मांग पूरी न होने तक ग्रामीणों ने बिजली बिल न भरने का संकल्प लिया। निर्णय लिया कि गांवों में बड़े पैमाने पर बैठकें आयोजित कर बहिष्कार प्रस्ताव पारित किया जाएगा। किसान सभा के जिलाध्यक्ष डॉ. रुपेश वर्मा ने कहा बिजली कंपनी के अधिकारी अपनी बात पर टिकते नहीं हैं। ग्रामीणों पर झूठे चोरी के मुकदमे दर्ज कर उनका शोषण किया जा रहा है। हाल ही में खेड़ी गांव के संतराज के साथ हुई मारपीट इसका ताजा उदाहरण है। इस अवसर पर वीर सिंह नागर, गवरी मुखिया, निशांत रावल, निशांत भाटी, मनोज प्रधान, पप्पू ठेकेदार, भोजराज रावल, सतीश यादव, अरुण , अजीत, उधम सिंह , जय किशन, सतीश , लीलू , सुंदर प्रधान, डॉक्टर जगदीश, देशराज राणा, नितिन चौहान सहित अन्य लोग मौजूद थे।

खाद्य पदार्थों में मिलावट को लेकर पनीर, दुग्ध का नमूना लेने के साथ मीट विक्रेता को दिया नोटिस

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गढ़मुक्तेश्वर। सिंभावली में जिलाधिकारी के दिशा निर्देश पर अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा अधिकारी के द्वारा दुग्ध,पनीर, का नमूना संग्रहित करने के साथ मीट विक्रेता के यहां साफ सफाई का अभाव मिलने पर नोटिस जारी किया। आपको बता दें कि आगामी त्योहार और माहे रमजान के मद्देनजर खाद्य पदार्थों में मिलावट खोरी करने वालों पर शिकंजा कसने को लेकर खाद्य सुरक्षा औषधि प्रशासन विभाग के द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत खाद्य निरीक्षक शोविन्दर सिंह के द्वारा बक्सर में स्थित एक डेरी से पनीर एवं दुग्ध लेकर आने वाले एक दूधिया का दुग्ध नमूना संग्रहित किया गया। वही क्षेत्र के गांव मुरादपुर में मीट विक्रेता को सफाई नहीं होने पर नोटिस जारी किया गया है। वहीं क्षेत्र में की गई कार्यवाही को लेकर खाद्य निरीक्षक शोविन्दर सिंह का कहना है कि बक्सर में एक डेरी से पनीर और उसके यहां पर दुग्ध लेकर आने वाले एक दूधिया का दूध का नमूना संग्रहित किया गया है। और क्षेत्र के गांव मुरादपुर में मीट विक्रेता को नोटिस जारी किया गया है। संग्रहित किए गए दोनों नमूनों को राजकीय लैब भेजा जा रहा है। रिपोर्ट आने पर विधिक वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

अंडर 17 बालक वर्ग में ग्रीन हाउस ने किया वाली बॉल ट्रॉफी पर कब्जा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गढ़मुक्तेश्वर (गुफरान अली) । गढ़ स्थित क्रिस्तु ज्योति कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के परिसर में चल रही खेल प्रतियोगिताओं में

गढ़ क्रिस्तु ज्योति कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में चल रही है खेल प्रतियोगिताओं

गुरुवार को अंडर 17 बालक वर्ग का वाली बॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया है।जिसका शुभारंभ स्कूल प्रधानाचार्या डॉ. सिस्टर मर्सी ओर स्कूल उप प्रधानाचार्या सिस्टर अमृता ने किया। प्रतियोगिता में चारों हाउस की अंडर 17 बालक वर्ग की टीमों ने भाग लिया।जिसमें पहला मैच ग्रीन हाउस बनाम रेड हाउस के बीच खेला गया।जिसमें ग्रीन हाउस ने 17-25, 25-13, 25-14 ने जीत हासिल की दूसरा मुकाबला येलो हाउस



बनाम ब्लू हाउस की टीमों के बीच खेला गया जिसमें येलो हाउस की टीम ने 22-15, 25-22 व 25-21 से मैच में जीत हासिल करके फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबला येलो हाउस बनाम ग्रीन हाउस की टीमों के बीच खेला गया जिसमें ग्रीन हाउस की टीम ने येलो हाउस को 25-19 व 25-22 से हरा कर फाइनल ट्राफी पर अपना कब्जा किया। इस अवसर पर मुशीर, रोहित कुमार, सीमा शर्मा, केशव शर्मा, सचिन व मैच रैफरी धर्मेंद्र यादव व स्कोरर प्रीति चौधरी मौजूद रहे।

जानकारी

जिला अस्पताल में पैदा हुए हैं 4805 बच्चे, 2443 बेटियों ने लिया जन्म

जिला अस्पताल में बेटों से अधिक जन्मीं बेटियां, मिलेगा सुमंगला का लाभ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

संभल (सय्यद अतहर अली)। बेटियों को लेकर समय के साथ समाज की सोच बदल रही है और इसका प्रमाण संभल जिला अस्पताल में जन्मे बच्चों के आंकड़ों से मिलता है। एक अप्रैल 2024 से 20 फरवरी 2025 तक जिला अस्पताल में कुल 4805

सकारात्मक बदलाव, बेटियों के जन्म को सहर्ष स्वीकार कर रहे लोग

बच्चों का जन्म हुआ, जिसमें से 2443 बेटियां हैं। यह आंकड़ा इस बात का संकेत है कि समाज में बेटियों को अब पहले से अधिक सम्मान और स्वीकृति मिलने लगी है। पिछले वर्षों में बेटों की संख्या अधिक देखने को मिलती थी, लेकिन इस बार बेटियों का अनुपात बढ़ा है। समाज में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसी सरकारी योजनाओं, शिक्षा और जागरूकता अभियानों का प्रभाव साफ दिखाई दे रहा है। लोग अब बेटियों के जन्म को गर्व और खुशी से स्वीकार कर रहे हैं, जो एक सकारात्मक बदलाव है। बेटियों के जन्म को लेकर अब सोच में बड़ा परिवर्तन आ रहा है। जहां पहले बेटों को प्राथमिकता दी जाती थी, वहीं अब लोग बेटियों को भी समान अधिकार और अवसर देने को तैयार हो रहे हैं। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान से लोगों में जागरूकता बढ़ी है और बेटियों को लेकर सोच बदली है। शिक्षा के बढ़ते प्रभाव से माता-पिता अब बेटियों को शिक्षित करने के लिए अधिक जागरूक हो रहे हैं। बेटियों के लिए चलाई जा रहीं सरकारी योजनाओं से भी परिवारों का भरोसा बढ़ा है।

कन्या सुमंगला का लाभ दिलाने को स्वास्थ्य विभाग कर रहा सत्यापन

संभल। बेटी के जन्म को प्रोत्साहित करने और उनके उज्जवल भविष्य को सुरक्षित बनाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना का लाभ बेटियों को मिलेगा। अब जिला अस्पताल में जन्म लेने वाली बेटियों के सत्यापन का कार्य स्वास्थ्य विभाग ने शुरू कर दिया है। स्वास्थ्य

विभाग की टीम उन परिवारों को चिन्हित कर रही है, जिनके यहां पहली या दूसरी संतान के रूप में बेटी का जन्म हुआ है। सत्यापन के बाद इन परिवारों को योजना का लाभ दिया जाएगा, जिससे उनकी बेटियां शिक्षा और भविष्य की अन्य जरूरतों के लिए आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें।

जिला अस्पताल में जन्म लेने वाली सभी बेटियों का स्वास्थ्य विभाग द्वारा रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है। स्वास्थ्य कर्मी उन परिवारों की पहचान कर रहे हैं, जिनकी पहली या दूसरी संतान बेटी है। सत्यापन के बाद लाभार्थी परिवारों को कन्या सुमंगला योजना से जोड़ा जाएगा। इसके तहत मंगलवार को पहला रजिस्ट्रेशन किया गया है।

डा. राजेंद्र सिंह, सीएमएस, जिला अस्पताल।

कन्या सुमंगला योजना के तहत क्या मिलेगा लाभ?

जन्म के समय-5000 रुपये
एक साल का टीकाकरण पूरा होने पर-2000 रुपये
कक्षा 1 में प्रवेश पर-3000 रुपये
कक्षा 6 में प्रवेश पर- 3000 रुपये
कक्षा 9 में प्रवेश पर-5000 रुपये
ग्रेजुएशन या डिप्लोमा करने पर- 7000 रुपये।

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सरकारी स्कूलों का किया निरीक्षण, मौसम बदलने पर बच्चों में होने वाली बीमारियों में दी जानकारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गढ़मुक्तेश्वर (गुफरान अली) । मौसम के बदलते ही बच्चों में होने वाली बीमारियों को लेकर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सीएचसी प्रभारी के नेतृत्व सरकारी स्कूलों का निरीक्षण कर स्कूली बच्चों में होने वाली बीमारियों से बचाव के उपाय बताए।

आपको बता दें कि स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बदलते मौसम के मद्देनजर बच्चों के स्वास्थ को लेकर अलग-अलग गांव के सरकारी स्कूल का निरीक्षण किया।इस दौरान स्वास्थ्य विभाग टीम ने छात्र-छात्राओं को एल्बेंडाजोल गोली खिलाने के निर्देश दिए हैं।क्षेत्र के गाँव बुकलाना और भगवानपुर में मिड डे मील, साफ सफाई एवं स्कूल टाइम में बाहरी लोगों की एंट्री एवं व्यवस्था में त्रुटि पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधितों को साफ सफाई की व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखने को लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिए और मौसम के बदलाव होने पर बच्चों में होने वाली बीमारियों को लेकर बचाव के लिए उपाय बताए। वही इस मामले को लेकर सीएचसी प्रभारी डॉ अमित बैसला का कहना है कि निरीक्षण के दौरान स्कूल में साफ सफाई सही नहीं होने पर नाराजगी जताई। और मिड डे मील की गुणवत्ता को चेक किया और जरूरी दिशा निर्देश दिए।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश

सम्पादकीय

ग्रामीण परिवेश में सकारात्मक परिवर्तन

अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

इन दिनों ग्रामीण भारत में परिवर्तन और किसानों के बदलते जीवन विषयों पर प्रकाशित हो रही विभिन्न अध्ययन रिपोटरे में यह तथ्य रेखांकित हो रहा है कि भारत के ग्रामीण परिवेश में सकारात्मक परिवर्तन हो रहा है और इससे किसानों की आमदनी के साथ किसानों का जीवन स्तर भी बढ़ रहा है, लेकिन विकास की बहुआयामी चुनौतियां अभी बनी हुई हैं। हाल में प्रकाशित मैकिन्से ग्लोबल फॉर्मर्स इनसाइट सर्वे, 2024 में कहा गया है कि भारतीय किसान तेजी से डिजिटल पेमेंट को अपना रहे हैं। वर्ष 2024 भारत में 40 फीसद किसान द्वारा रु पयों का भुगतान डिजिटल माध्यम से किया गया है, वहीं 2022 में 11 फीसद किसान डिजिटल भुगतान का इस्तेमाल कर रहे थे। किसानों के बीच डिजिटल भुगतान का चलन बढ़ने का कारण सस्ता डाटा और यूपीआई सेवा को माना गया है। रिपोर्ट के अनुसार 2022 में देश में फसल बीमा का इस्तेमाल करने वाले महज 8 फीसद किसान थे, वे 2024 में बढ़ कर 37 फीसद हो गए। इसमें सबसे अधिक योगदान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का है। यह भी पाया गया है कि 11 फीसद किसान 2024 में जैविक उत्पादों का इस्तेमाल कर रहे थे जबकि 2022 में 2 फीसद किसान ही जैविक उत्पादों का इस्तेमाल कर रहे थे। इस रिपोर्ट का यह निष्कर्ष भी महत्त्वपूर्ण है कि भारतीय किसान औपचारिक ॠण की ओर बढ़ रहे हैं। 2024 में 36 फीसद किसानों ने बैंक से कर्ज लिया जो 2022 में केवल 9 फीसद था। वहीं, 26 फीसद किसानों ने सब्सिडी वाले सरकारी ॠण का उपयोग किया जबकि 2022 में यह आंकड़ा सिर्फ 1 फीसद था। रिपोर्ट ने यह भी बताया कि भारत के 53 फीसद किसान फसल चक्रीकरण जैसे टिकाऊ खेती के तरीकों को अपनाने के लिए सरकारी सब्सिडी पर निर्भर हैं। सरकार इस दिशा में कई तरह से सहायता प्रदान कर रही है जैसे कि लागत में छूट, कार्बन क्रेडिट से आय बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन आदि। यह बात भी महत्त्वपूर्ण है कि मार्च, 2024 तक भारत में 95.44 करोड़ इंटरनेट ग्राहक थे। इनमें से 39.83 करोड़ ग्रामीण इंटरनेट ग्राहक थे। इसी परिप्रेक्ष्य में हाल में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) रिसर्च द्वारा जारी रिपोर्ट भी महत्त्वपूर्ण है।

इसमें कहा गया है कि मुख्य रूप से गरीबों को सीधे, लाभान्वित करने वाले सरकारी सहायता कार्यक्रमों के सकारात्मक प्रभावों और विकास के कारण गरीबी में कमी आई है। गरीबी में कमी शहरी इलाकों की तुलना में ग्रामीण इलाकों में अधिक तेजी से हुई है। जहां 2011-12 में ग्रामीण गरीबी 25.7 फीसद और शहरी गरीबी 13.7 फीसद थी, वहीं 2023-24 में ग्रामीण गरीबी घट कर 4.86 फीसद और शहरी गरीबी घट कर 4.09 फीसद पर आ गई। इस रिपोर्ट के मुताबिक पिछले 14 साल में आमदनी बढ़ने से जहां शहरों में हर माह प्रति व्यक्ति उपभोक्ता खर्च (एमपीसीई) 3.5 गुना हो गया, वहीं यह ग्रामीण इलाकों में करीब चार गुना हो गया है। 2009-10 से 2023-24 के बीच शहरी इलाकों में एमपीसीई 1984 रु पये से बढ़ कर 6996 रु पये और ग्रामीण इलाकों में यह खर्च 1054 रु पये से बढ़ कर 4122 रु पये हो गया। ऐसे में शहरों की तुलना में गांवों की ग्रोथ ज्यादा है। निस्संदेह ग्रामीण एवं कृषि विकास के विभिन्न अभियानों के कारण देश में ग्रामीण गरीबी में तेजी से कमी आ रही है। यह पिछले वर्ष 2024 में घट कर पांच फीसद से भी कम रह गई है। ग्रामीणों की आमदनी और क्रयशक्ति भी बढ़ी हैं। यह भी महत्त्वपूर्ण है कि डिजिटल इंडिया, शौचालय, स्वच्छ पेयजल और स्वच्छ ईंधन के लिए उज्ज्वला योजना, सभी घरों में बिजली के लिए सौभाग्य योजना जैसे अभियानों से भी ग्रामीण भारत में गरीबी में कमी आ रही है।

पवित्र स्नान का दूसरा पहलू: क्या महाकुंभ में सरकारी लापरवाही से लोग बेहद गंदे पानी में नहाते रहे?

सुभाष गाताडे

आस्था और गंदगी सहयात्री रहते आए हैं। आस्था के तमाम जाने-माने केन्द्रों पर या अपनी आस्था को सेलिब्रेट करने के नाम पर मनाए जाने वाले समारोहों में, प्रचंड ध्वनि प्रदूषण और रौशनी का प्रदूषण आदि के माध्यम से, इसकी मिसाल अक्सर देखने को मिलती है। प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्तियों से भरे गंदे जलाशय, जिनकी मौजूदगी पानी के ऑक्सीजन की मात्रा पर विपरीत असर डालती है, पानी में ही फेंकी गयी सूखे फूलों की मालाएं आदि-आदि से महानगर भी अछूते नहीं रहते हैं। इस सम्बन्ध में ताजी मिसाल महाकुंभ के बहाने से उजागर हुई है, जब केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) की रिपोर्ट ने इस बात को उजागर किया कि किस तरह प्रयागराज के पानी में उन्हें उच्च स्तर पर मल के जीवाणु मिले हैं, जो किसी भी सूरत में नहाने योग्य नहीं है। इस सिलसिले में नेशनल ग्रीन टिब्यूनल ने उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीपीसीबी) के अधिकारियों को तलब भी किया है कि प्रयागराज/इलाहाबाद में गंगा, यमुना के पानी की गुणवत्ता के उल्लंघन को लेकर, उन्होंने जो दिशानिर्देश जारी किए थे, उस पर उन्होंने अमल नहीं किया है। गौरतलब है कि राष्ट्रीय ग्रीन टिब्यूनल (एनजीटी) ने उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की इस बात के लिए भी आलोचना की है कि अपनी जो रिपोर्ट उन्होंने प्रस्तुत की है, उसके सैम्पल पुराने है और सभी 12 जनवरी के पहले के, अर्थात कुंभ मेला शुरू होने के पहले के है। प्रयागराज में गंगा और यमुना में असंशोधित सीवेज डालने के मसले पर सुनवाई करते हुए नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने अपने इस आरोप को दोहराया है कि किस तरह महाकुंभ में उन्हें कई स्थानों पर जल की जांच में मल सम्बन्धी जीवाणु और टोटल कॉलीफॉर्म के तत्व मिले हैं। दिलचस्प है कि विधानसभा के पटल पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट को ही खारिज किया है और अपनी तरफ से ऐलान किया है कि गंगा-यमुना का पानी न केवल नहाने योग्य है, बल्कि पीने योग्य भी है। वैसे इस बयान से भले ही सरकार समर्थक लोगों, समूहों के आत्मविश्वास को बल मिले, मगर जब उत्तर प्रदेश प्रदूषण बोर्ड के अधिकारियों को सार्वजनिक तौर पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की तरफ से लताड़ लग रही हो, तब इस वक्तव्य को कैसे समझा जाए, यह अहम सवाल है।प्रश्न उठता है कि राष्ट्रीय ग्रीन ट्रिब्यूनल की गंगा के प्रदूषण पर जब मुहर लगी है, तब क्या यह तर्क दूर तक जायेगा कि यह सवाल उठाना करोड़ो लोगों की आस्था पर हमला है? तय बात है कि सत्ताधारी जमात के प्रकट राजनीतिक विरोधियों ने भी यह सोचा नहीं होगा कि महाकुम्भ के सम्पन्न होने के अवसर पर मुख्यमंत्री महोदय को मिलते तारीफों के गुलदस्तों के साथ-साथ वह खबर भी हवा में तैर रही होगी कि जिस श्रद्धा के साथ लोगों ने कुंभ के अवसर पर गंगा-यमुना में स्नान किया, वह पानी, बकौल नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल और केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, ह्यकहीं से भी नहाने लायक नहीं था। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्राण बोर्ड द्वारा पानी की गुणवत्ता पर जो अध्ययन किया गया है तथा इस बात की विधिवत जांच की गयी है कि इलाहाबाद/प्रयागराज में जितने सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट लगे है, वह उन तक पहुंचने वाले सभी सीवेज को पूरी तरह से संशोधित करने में अक्षम है और बहुत सारा असंशोधित पानी सीधे नदी में छोड़ा जाता है, उसके चलते इन आरोपों को सहसा खारिज करना उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के लिए आसान नहीं होगा। यह बात भूलनी नहीं चाहिए कि असंशोधित पानी के सीधे गंगा-यमुना में छोड़े जाने से तथा कुंभ नहाने के लिए पहुंचे लोगों द्वारा मल विसर्जन को खुले में करने से भी दिक्कतें बढ़ गयी है। निश्चित ही राज्य सरकार ने यात्रियों के लिए टेम्परारी स्तर पर संडासों का निर्माण किया था, सफाईकर्मी भी तैनात किए थे, लेकिन जब तमाम आकलनों को धता बताते हुए वहां पहुंचनेवाले लोगों की संख्या में अभूतपूर्व बढ़ोत्तरी देखी गयी, उसके चलते खुले में मल विसर्जन होना ही था।गौरतलब है कि प्रयागराज में गंगा-यमुना के गुणवत्ता की जांच किसी देश की बाहरी एजेंसी ने नहीं, बल्कि केन्द्र सरकार के अधीन आने वाले केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने की है, जिसकी नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में सुनवाई हो रही है, जो एक केन्द्रीय संस्था है, इसके चलते इन विस्फोटक खुलासों को अचानक ह्यसनातन विरोधियों की साजिश कहना भी सूबाई सरकार के लिए या उसके अगुआओं के लिए संभव नहीं होगा। अब प्रयागराज में गंगा-यमुना में खास कर संगम के इलाके में सुरक्षित एवं स्वच्छ वातावरण में स्नान करने के सरकारी दावों और वास्तविक स्थिति पर गहरे अंतराल को लेकर सवाल अधिक जोर से उठेंगे और तेज होंगे। एक जानकार का कहना था कि अब परीक्षार्थी के लिए यह दावा करना मुश्किल होगा कि वह कहने लगे कि प्रश्न सिलेबस के बाहर का आया था। इस बात पर भी जोर देना आवश्यक है कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा पानी की खराब क्वालिटी, इसमें मिले कोलीफॉर्म के जंतु, पानी में ऑक्सीजन की घटती मात्रा आदि को लेकर उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की जो सख्त आलोचना की गयी है, वह न केवल राज्य सरकार, बल्कि केन्द्र सरकार के तथा उसके नुमाइंदों के खोखले दावों को भी बेनकाब करता है। सभी को याद होगा कि दो सप्ताह पहले विज्ञान और टेक्नोलॉजी के केन्द्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह कुंभ में स्नान के लिए आए थे, उस दिन उन्होंने पत्रकारों के सामने यह दावा भी किया था कि ह्यपानी की गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए भारत के नाभिकीय अनुसंधान केन्द्रों द्वारा प्रयोग में लायी जा रही तकनीक का भी यहां इस्तेमाल हो रहा है और इन प्रयासों को लेकर उन्होंने अपने महकमे की पीठ ठोंकी थी। उन्होंने यह भी साफ किया था मुंबई में स्थित भाभा अणु अनुसंधान केन्द्र और कल्पकम में स्थित ह्यइंदिरा गांधी सेन्टर फॉर एटोमिक रिसर्च ने पानी की शुद्धता बनाए रखने के लिए वहां गंदे पानी को साफ करने के लिए फिल्टरेशन प्लांट भी लगाए हैं।

अगर हम राष्ट्रीय ग्रीन ट्रिब्यूनल के अवलोकनों पर गौर करें और उनके इन निष्कर्षों को देखें कि किस तरह प्रदूषित जल की अधिकतम मात्रा संगम के पास देखी गई और वहां जुटे

श्रद्धालुओं द्वारा इस्तेमाल किया गया पानी किसी भी सूरत में नहाने योग्य नहीं था, क्योंकि वह सीवेज के पानी से मिला था, तब कुछ अहम सवाल उठते हैं जिनके बारे में जिम्मेदार पदों पर बैठे लोगों को साफ-साफ जवाब देने ही होंगे : एक, आखिर उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने मेला के पहले ही ऐसी प्रणालियां क्यों नहीं कायम की, जबकि वह जानते थे कि 12 जनवरी के बाद जनता का महासमुद्र वहां स्नान करने पहुंच रहा है?

दो, वह इस बात को क्यों सुनिश्चित नहीं कर सका कि प्रयागराज में स्थापित सभी सीवेज संशोधन प्लांट पूरी तरह कार्यरत हैं और सीवेज का एक भी बूंद सीधे नदी में नहीं पहुंच रहा है? तीन, जब केंद्रीय प्रदूषण बोर्ड के अधिकारियों ने शहर में अलग-अलग स्थानों पर पानी की गुणवत्ता की जांच की और बताया कि पानी प्रदूषित है और इसे ठीक किया जाए, तब यूपीपीसीबी ने तेजी से ऐसे कदम क्यों नहीं उठाए, ताकि देश के कोने-कोने से आए यात्रियों में से किसी को भी सीवेज के पानी में नहाना ना पडे.। चार, जब यूपीपीसीबी बोर्ड ने पाया कि उसके सामने जो कार्यभार उपस्थित है, जिसे पूरा करना उसके लिए असंभव है, तो क्यों नहीं उसने आपातकालीन कदम उठाया और सरकार को आगाह किया कि वह कुम्भ में आने से लोगों को रोके, उन्हें वहां पहुंचने से मना करे।सभी जानते हैं कि भले ही औपचारिक तौर पर सभी प्रश्न उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को पूछे जा रहे हैं, जो सरकारी आदेश के मातहत काम करता है, स्नान के लिए सीवेज युक्त पानी उपलब्ध रहने के प्रसंग की पूरी जिम्मेदारी निश्चित ही राज्य और केन्द्र सरकार के अग्रणियों के कंधों पर आती है, जिनकी साझा पहल के तहत ही इस महाकुंभ के लिए लोगों को न्यौता दिया गया। क्या यह सरकारें इस बात से इंकार कर सकती हैं कि आधिकारिक तौर पर 7,300 करोड़ रुपए सरकार द्वारा इस मेले के लिए आबंटित किया गया, ताकि जनता के लिए एक सुरक्षित एव सुविधाजनक ढंग से स्नान उपलब्ध हो सके। अगर इतनी अधिक मात्रा में पैसा आबंटित हुआ था, तो फिर सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट को पूरी तरह चलने में क्यों नहीं सक्षम बनाया गया, क्यों पानी की अच्छी खासी मात्रा बिना संशोधित किए, नदी में सीधे डाली जाती रही?

अपनी कमियों को स्वीकारने के बजाय अब यही सुर अपनाया जा रहा है कि कमियां थी ही नहीं, सब कुछ ठीक था। उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड जहां नेशनल ग्रीन टिब्युनल के अग्रणियों के सामने अपनी सफाई नहीं पेश कर पा रहा है, वहां उसे पूछा जा रहा है कि पानी की गुणवत्ता के उसके आंकड़े कुंभ मेले के पहले के हैं और उसने ताजे आंकड़ों को क्यों नहीं इकटठा किया है, क्या वह किसी दबाव में काम कर रहा है और अब अचानक किसी विशेषज्ञ महोदय को सामने लाया गया है और पानी की गुणवत्ता पर उनके अनुसंधान का ढोल पीटा जा रहा है, जहां वह पानी के बिल्कुल शुद्ध होने का सर्टिफिकेट बांट रहे हैं। इस विशेषज्ञ की विद्वत्ता पर कौन सवाल करेगा? सवाल यह है कि क्या वह यूपीपीसीबी के मुलाज़िम है या स्वतत्र एक्सपर्ट है, उनकी क्लीन चिट आखिर यूपीपीसीबी या सीपीसीबी के विद्वानों द्वारा कही गयी बातों को झूठला दे सकती है?

क्या यह मुमकिन भी होगा उनकी राय केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों और वैज्ञानिकों की मेहनत को, नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के अग्रणियों द्वारा सुनवाई के दौरान उठे जायज सवालों पर एक ही झटके में परदा डाल दे, अपने कार्य निष्पादन में बेहद अक्षम साबित हुए उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अग्रणियों को ही क्लीन चिट दिलवा दें?

अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।
bulandsandesh@ gmail.Com

वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

आरएसएस के अंग्रेजपरस्ती के इतिहास की पुनरावृत्ति है भारत-अमेरिका संबंधों का यह काल

अरुण माहेश्वरी



ट्रंप-2 के शासन का अब तक का यह काल हमें अभी से भारत-अमेरिकी संबंधों के इतिहास का सबसे शर्मनाक काल दिखाई देने लगा है। इसमें सबसे अधिक चिंता की बात यह है कि इस शर्म के लिए अकेले ट्रंप ज़िम्मेदार नहीं है। मोदी और उनकी सरकार भी अगर ज्यादा नहीं, तो कम ज़िम्मेदार भी नहीं है। ट्रंप ने तो अपने चुनाव अभियान के दौरान ही पारस्परिक आयात शुल्क (फ्रीस्त्र१ड्ढं' ३१ढ्ढा) के अपने इरादे को साफ तौर पर कहा था। इसी प्रकार, अवैध आप्रवासियों से अमेरिका को मुक्त करने की अपनी पुरानी नीति को भी दोहराया था। पर ट्रंप की इन नीतियों की दुनिया के दूसरे देशों ने कोई परवाह नहीं की, क्योंकि अन्य सभी राष्ट्रों को अपनी स्थिति और दुनिया में राष्ट्रों की परस्पर निर्भरता का एक सटीक अनुमान है। कोई भी अपने अस्तित्व को पूरी तरह से अमेरिका से जोड़ कर नहीं देखता है। ट्रंप ने अपने पहले शासन के चार सालों में भी मेक्सिको से अवैध घुसपैठ को रोकने और अवैध आप्रवासियों को लेकर राजनैतिक उत्तेजना पैदा करने की कम कोशिश नहीं की थी। पर देखते-देखते उनके चार साल थोथी फुत्कारों में ही बीत गए। अमेरिका की इस कथित समस्या का जरा भी निदान संभव नहीं हुआ। सारी दुनिया जानती है कि आप्रवासी का मसला सिर्फ. दो देशों का मसला नहीं, मानव सभ्यता के इतिहास से जुड़ा हुआ मसला है। अमेरिका की सच्चाई तो यह है कि उस देश को आप्रवासियों ने ही आबाद, निर्मित और विकसित किया है। हाल के साल तक भी अमेरिका के विकास के हर पन्ने को, वह भले कृषि को लेकर हो या उद्योग को लेकर या डिजिटल क्रांति को लेकर, लिखने में आप्रवासियों की, अन्य देशों के वैध-अवैध श्रमिकों की प्रमुख भूमिका रही है।

यह अकारण नहीं है कि अमेरिका अपने देश को ह्यअवसरों का देशह्न के रूप में प्रचारित कर दुनिया भर के महत्वाकांक्षी युवकों को आकर्षित करता रहा है! भारत सहित अन्य देशों से नाना उपायों से वहाँ पहुँचने वाले आप्रवासी वहाँ अपराधों, लूट-मार या हत्याएं करने के लिए नहीं जाते हैं, अपनी बुद्धि और श्रम के बल पर उस देश के निर्माण में भाग लेकर अपने जीवन को सुधारने के लिए जाते हैं।आप्रवासियों के आने के साथ सिर्फ. उन आप्रवासियों का ही नहीं, उन देशों के स्वार्थ भी किसी-न-किसी रूप में जुड़े होते हैं जिन देशों को उन्होंने अपना भाग्य आजमाने के लिए चुना है। इसीलिए मानव सभ्यता के विकास के इतिहास को भी आप्रवासी का इतिहास कहा जाता है। इस विषय पर ट्रंप के पहले चार साल के शासन की विफलता ही उसकी तयशुदा नियति थी। और, आगे भी इस मसले पर ट्रंप लगातार राजनीतिक उत्तेजना तो पैदा करते रहेंगे, पर कभी भी इसमें उन्हें कोई बहुत बड़ी सफलता नहीं मिल पाएगी।

इसी प्रकार का ट्रंप का दूसरा बड़ा मसला है पारस्परिक आयात शुल्क का मसला। यह समस्या भी मूलतः मानव इतिहासों से जुड़ी एक और समस्या ही है। जैसे द्वितीय विश्व युद्ध में तबाह हो चुके पूरे यूरोप के पुनर्निर्माण के लिए मार्शल योजना और विश्व बैंक, आईएमएफ की तरह की ब्रेटनवुड संस्थाओं को सस्ते ऋणों आदि के साथ सामने आना पड़ा था। बिल्कुल उसी तर्ज. पर वैश्विक असमानता के शिकार दुनिया के विकासशील देशों में विकास की गति को तेज करने के लिए विश्व वाणिज्य संगठन को विश्व वाणिज्य की ऐसी शर्तों को स्वीकारना पड़ा हैं, जिनमें आयात शुल्कों के जरिए विकासशील देश अपने लिए जरूरी पूंजी जुटा सकें और अपने बाजारों को बड़ी ताकतों के नीतिगत दबावों से मुक्त रख सकें। इन व्यवस्थाओं ने दुनिया में कमजोर और शक्तिशाली राष्ट्रों के परस्पर हितों के बीच एक संतुलन बनाए रखने में एक असरदार भूमिका अदा की है और दुनिया में स्थिरता बनाए रखने का काम किया है। शांति और स्थिरता समूची मानवता के विकास की एक अनिवार्य शर्त है। यही वजह है कि आज अमेरिका के स्तर की महाशक्ति यदि दुनिया में स्थिरता को खत्म करने का काम करती है, तो वह सबसे ज्यादा अपना ही नुकसान करेगी। ट्रंप का पारस्परिक आयात शुल्क का एक हथियार की तरह प्रयोग करने की योजना अंत में एक दिखावा ही साबित होगी, क्योंकि खुद अमेरिका के आर्थिक-राजनीतिक हित इस मामले में उसके खिलाफ उठ खड़े होंगे। इसीलिए ट्रंप के पारस्परिक आयात शुल्क और उससे संभावित वाणिज्य युद्ध को लेकर चीन, रूस सहित यूरोप तक ज्यादा चिंतित नहीं है। इस दिशा में ट्रंप के कदमों के अनुपात में ही वे अपनी तात्कालिक और दूरगामी नीतियाँ तैयार करने की रणनीति अपनाए हुए हैं। इस पूरे परिप्रेक्ष्य में विचार का यह एक गंभीर सवाल है कि ट्रंप के क्रियाकलापों से भारत ही क्यों इतना ज्यादा परेशान हो रहा है? क्यों ट्रंप भारत के अवैध आप्रवासियों को अन्य देशों के आप्रवासियों की तुलना में ज्यादा सता रहे हैं ।

वीएफएस ग्लोबल ने AI और डिजिटल नवाचार में निभाई अग्रणी भूमिका, एक संचालित चैटबॉट किया लॉन्च

VFS Global ने हाल ही में UK जाने वाले यात्रियों के लिए ग्राहक सहायता बढ़ाने के लिए एक नया जनरेटिव AI-संचालित चैटबॉट लॉन्च किया है।

AI-संचालित चैटबॉट न केवल मानव-समान, संवादी सहायता प्रदान करने के लिए उन्नत जनरेटिव अक तकनीक का उपयोग करता है, बल्कि आवाज और टेक्स्ट दोनों कमांड के माध्यम से ऐसा करता है, जो यू के जाने वाले ग्राहकों के लिए तत्काल, सही और आसान जानकारी प्रदान करता है।

दुबई मुख्यालय में काम कर रही वी एफ एस ग्लोबल की अक टीम द्वारा विकसित, अक-संचालित चैटबॉट कुशल ग्राहक सहायता की बढ़ती मांग को संबोधित करता है, जिससे उपयोगकर्ता आवेदन प्रक्रिया को नेविगेट करने के लिए आवश्यक जानकारी तक आसानी से पहुँच सकते हैं। इस अवसर पर जेन विडलर, उप निदेशक, क्रॉस कटिंग सेवा संचालन, वीजा, स्थिति और सूचना सेवाएँ, ग्राहक सेवा समूह, यूके वीजा और इमिग्रेशन, ने कहा, "वी एफ एस ग्लोबल के अक-संचालित चैटबॉट का रोलआउट यह सुनिश्चित करने के लिए हमारी निरंतर प्रतिबद्धता को दशार्ता है कि हमारी वीजा सेवाएँ सुलभ, कुशल हों और सभी ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करें। वीजा आवेदन प्रक्रिया के बारे में ठीक जानकारी तक फोरन पहुँच प्रदान करना सुनिश्चित करेगा कि हम अपने ग्राहकों को सर्वोत्तम सेवा प्रदान करना जारी रखें।"

इस मौके पर वी एफ एस ग्लोबल के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जुबिन करकारिया ने कहा, कि "वी एफ एस ग्लोबल में प्रौद्योगिकी और नवाचार हमेशा हमारे संचालन की आधारशिला रहे हैं, और हम इस अक-संचालित सूचना समाधान को लॉन्च करने पर खुश हैं जो दुनिया भर से यूके की यात्रा करने वाले हमारे ग्राहकों के लिए वीजा आवेदन अनुभव को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएगा। हम अपनी क्लाइंट सरकारों और ग्राहकों के लिए वीजा और कांसुलर सेवाओं में अगले परिवर्तन को आगे बढ़ाने के लिए अक और डिजिटल तकनीक से संचालित उत्पादों की एक श्रृंखला विकसित कर रहे हैं। हम अपने क्लाइंट सरकारों की नीतियों और

आवश्यकताओं के अनुसार अकके जिम्मेदार विकास के लिए गहराई से प्रतिबद्ध हैं। अक-संचालित चैटबॉट को उन्नत जनरेटिव अक तकनीकों का उपयोग कर-के विकसित किया गया था, जिनमें से प्रत्येक को उनके संबंधित VFS Global कंट्री-टू-यूके वेबसाइटों से सार्वजनिक रूप से उपलब्ध डेटा पर विशेष रूप से प्रशिक्षित किया गया था। VFS Global के सुरक्षित IT अवसंरचना पर पूरी तरह से निर्मित और होस्ट किए गए, अक मॉडल कठोर डेटा गोपनीयता और सुरक्षा मानकों का पालन करते हैं।

डेटा वैज्ञानिकों और अक विशेषज्ञों की एक समर्पित टीम ने दुबई (अक और डिजिटल संचालन के लिए मुख्यालय), मुंबई और बर्लिन में स्थित VFS Global के अक केंद्रों के साथ उच्चतम गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों को बनाए रखने के लिए इन-हाउस विशेषज्ञता का लाभ उठाते हुए परियोजना पर सहयोग किया। नैतिक अक अभ्यास एक प्रमुख फोकस थे, जिसमें वी एफ एस ग्लोबल ने विकास प्रक्रिया में नैतिक विचारों और पूर्वाग्रह शमन को एकीकृत करने के लिए 'जिम्मेदार अक संस्थान' के साथ साझेदारी की। इसके अतिरिक्त, इस परियोजना में हमारे अक फाउंडेशन मॉडल और सुपर अल्फा एप्लीकेशन प्लेटफॉर्म सहित मालिकाना अक प्लेटफॉर्म का उपयोग किया गया, जो डेटा सुरक्षा, सुरक्षा और विनियामक अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए बिल्ट-इन गार्डरेल से लैस हैं। दुनिया की अग्रणी आउटसोर्सिंग और प्रौद्योगिकी सेवा विशेषज्ञ के रूप में, वी एफ एस ग्लोबल दुनिया भर में सरकारों और राजनयिक मिशनों का सहयोग करने के लिए जनरेटिव अक सहित तकनीकी नवाचार को अपनाती है। कंपनी अपनी क्लाइंट सरकारों के लिए वीजा, पासपोर्ट और कांसुलर सेवाओं के लिए आवेदनों से संबंधित गैर-निर्णयात्मक और प्रशासनिक कार्यों का प्रबंधन करती है, उत्पादकता बढ़ाती है और उन्हें मूल्यांकन के महत्वपूर्ण कार्य पर पूरी तरह से ध्यान केंद्रित करने में सक्षम बनाती है।

प्रौद्योगिकी विकास, अपनाने और एकीकरण के लिए एक जिम्मेदार दृष्टिकोण के साथ, कंपनी 68 क्लाइंट सरकारों के लिए विश्वसनीय भागीदार के रूप में सेवा करते हुए नैतिक प्रथाओं और स्थिरता को प्राथमिकता देती है। 153 देशों में 3,500 से अधिक एप्लिकेशन सेंटर संचालित करते हुए, वी एफ एस ग्लोबल ने 2001 से 305 मिलियन से अधिक आवेदनों को कुशलतापूर्वक संसाधित किया है।

शुक्रवार का राशिफल

मेष — मल्टी स्टोर चलाते है तो व्यवसाय अच्छा चलेगा, व्यस्तता रहेगी, प्रसन्नता की नींद आयेगी, दवा समय पर ले, खानपान का ध्यान रखें। भाग्य प्रतिशत-78

वृषभ — घर से ही कोई मीटिंग अटेंड करेंगे, थोड़ा मनोरंजन भी करेंगे, मित्र से मुलाकात या लम्बी बात होगी, घर का टैक्स, बिल जमा कराने जा सकते है। भाग्य प्रतिशत-79

मिथुन — ऊर्जा अधिक खर्च होगी, कई व्यवस्था एकसाथ सम्भालनी पड़ सकती है, रिपोर्टिंग के क्षेत्र में जोखिम आ सकता है, बच्चे पढ़ाई पर समय कम देंगे। भाग्य प्रतिशत-55

कर्क — परिवार, घर में नकारात्मकता हावी रहेगी, कोई बड़ा उल्टे फैसले ले सकता है, घर से दूर जाने की इच्छा होगी, किराये के दूसरे घर में जाना सम्भव है। भाग्य प्रतिशत-50

सिंह — रचनात्मक कार्य करेंगे,अभी धन लाभ नहीं होगा, खेल के क्षेत्र में फिटनेस की समस्या आ सकती है, मीडिया में लेखन, वकील ड्राफटिंग अच्छे से करेंगे। भाग्य प्रतिशत-68

कन्या — आपके किसी जिद्दी फैसले से परिवर्तन में असंतोष आ सकता है, धार्मिक गुरु का सानिध्य या किताब पढ़ना होगा, सुन्दर सुडौल स्त्री का रिश्ता आ सकता है। भाग्य प्रतिशत-65

तुला — परिवार को लेकर तनाव बढ़ेगा, जीवनसाथी से मोरल सपोर्ट मिलेगा, किसी पर गुस्सा निकालने से बचे, इम्पोर्ट एक्सपोर्ट कार्य में मध्यम लाभ होगा, धार्मिक व्यक्ति से सलाह मिलेगी। भाग्य प्रतिशत-72

वृश्चिक — मेहनत अधिक करनी पड़ेगी, पैसे का लेनदेन सोच समझकर करें, कानूनी कागजात पर हस्ताक्षर पढ़ कर करें, जीवन साथी से सुख मिलेगा। भाग्य प्रतिशत-54

धनु — स्वास्थ्य का ध्यान रखें, बुद्धि शुद्ध होगी, अच्छे कार्यो की तरफ बढ़ेंगे, किसी संबंध में बेबाकी होने से बचें, शिक्षा और करियर में उन्नति मिलेगी। भाग्य प्रतिशत-80

मकर — सरकारी कार्य में विलंब हो सकता है, पिता से सीधे टकराव से बचे, मकान दुकान लेने की योजना बनेगी, रिश्तों में सुधार होगा। भाग्य प्रतिशत-57

कुंभ — पत्नी को कुछ समझाने में परेशानी होगी, धार्मिकता बढ़ेगी, पिता की सेहत को हल्के में ना ले, कर्जदार को शांति से समझा देंगे। भाग्य प्रतिशत-52

मीन — पूजा पाठ में मन लगेगा, किसी विचार को लेकर असमंजस रहेगा, व्यवसाय में फायदा होगा, किसी की सहायता करने की इच्छा होगी, अपनी संतान से सुख मिलेगा। भाग्य प्रतिशत-81

अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश

मोटापे से सम्बंधित बीमारियों पर मैक्स अस्पताल ने किया सेमिनार में जागरूक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

डॉ आशीष गौतम ने मोटापा, टाइप-2 डायबिटीज, उच्च रक्तचाप, और ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया पर किया जागरूक

अलीगढ (मनोजचौहान)। मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, पटपड़गंज के चिकित्सकों ने गुरुवार को आभा होटल में दोपहर 1:30 बजे एक जन जागरूकता सत्र का आयोजन किया। जिसमें मोटापा, टाइप-2 डायबिटीज, उच्च रक्तचाप और ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया जैसी बढ़ती चिंताओं से निबटने पर जोर दिया गया। यह सत्र भारत के प्रसिद्ध लेप्रोस्कोपिक,बेरियाट्रिक और रोबोटिक सर्जन डॉ. आशीष गौतम के नेतृत्व में आयोजित किया गया जिसमें उन्होंने इन समस्याओं से जूझ रहे लोगों को जागरूक किया। डॉ आशीष गौतम ने बताया कि यह सारी समस्याएं साइलेंट किलर का काम करती हैं। उन्होंने इन बीमारियों के इंटरकनेक्शन, इनके बढ़ते खतरे, इसकी प्रारंभिक पहचान के बारे में बताया। साथ ही उन्होंने स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर इन बीमारियों को रोकने और प्रबंधित करने के तरीकों को समझाया।

डॉ आशीष गौतम ने बताया कि बेरियाट्रिक सर्जरी मोटापे और उससे जुड़े रोगों जैसे टाइप-2 डायबिटीज, हाइपरटेंशन, ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया (ओएसए) और अन्य मेटाबॉलिक समस्याओं के लिए एक दीर्घकालिक समाधान प्रदान करती है। डॉ आशीष ने बताया कि वैज्ञानिक शोध और क्लीनिकल ट्रायल से साबित हुआ है कि बेरियाट्रिक सर्जरी न केवल स्वास्थ्य में सुधार करती है, बल्कि टाइप 2 डायबिटीज का पूरी तरह से उपचार करने और हाइपरटेंशन व अन्य मेटाबॉलिक समस्याओं के खतरे को कम करने में भी प्रभावी है।

रोबोटिक-असिस्टेड बेरियाट्रिक सर्जरी के 48 घण्टे के भीतर मरीज को अस्पताल से छुट्टी मिल जाती है। साथ ही इस पद्धति के कारण संक्रमण का खतरा, खून की हानि कम होती है तथा और मरीज की हालत में जल्द सुधार होता है।

उन्होंने बताया कि समय पर जागरूक होकर, उचित आहार, व्यायाम और नियमित निगरानी के माध्यम से इन बीमारियों से बचा जा सकता है। उन्होंने उच्च रक्तचाप के प्रति भी लोगों को जागरूक किया और बताया कि यह बीमारी हृदय रोग, स्ट्रोक और किडनी डैमेज का प्रमुख कारण बनी हुई है। जिसकी रोकथाम के लिए उन्होंने नियमित रक्तचाप जांच आदि जरूरी हैं। ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनि के प्रति सचेत करते हुए उन्होंने कहा कि इस बीमारी को नजर अंदाज करने के कारण थकान व हृदय संबंधी समस्याएं उभर के सामने आती हैं।

डॉ. आशीष ने कहा कि संतुलित पोषण, नियमित शारीरिक गतिविधि, मासिक स्वास्थ्य जांच और प्रभावी वजन प्रबंधन स्वस्थ जीवनशैली का मूलमंत्र हैं। उन्होंने मोटापा के प्रति भी सचेत करते हुए कहा कि मोटापा गंभीर बीमारियों जैसे डायबिटीज, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, स्लीप डिसऑर्डर और कई अन्य जटिलताओं का मूल कारण बन गया है।

डॉ आशीष ने बताया कि मैक्स हेल्थकेयर इंस्टीट्यूट लिमिटेड भारत के सबसे बड़े हेल्थकेयर ऑर्गनाइजेशंस में से है। नवीनतम टेक्नोलॉजी और अत्याधुनिक शोध के दम पर मैक्स हेल्थकेयर ने क्लीनिकल एक्सीलेंस एवं पेशेंट केयर के मामले में सर्वोच्च मानक स्थापित किये हैं। उत्तर भारत मे कुल 22 अस्पतालों के संचालन (करीब 5,000 बेड) के साथ मैक्स हेल्थकेयर की उल्लेखनीय उपस्थिति है। इसके नेटवर्क में कंपनी एवं उसकी सब्सिडियरीज द्वारा संचालित सभी अस्पताल एवं मेडिकल सेंटर, पार्टनर हेल्थकेयर फैसिलिटीज एवं मैनेज्ड हेल्थकेयर फैसिलिटीज शामिल हैं।

इनमें दिल्ली एनसीआर में साकेत (3 हॉस्पिटल), पटपड़गंज, वैशाली, राजेंद्र प्लेस, द्वारका, नोएडा व शालीमार बाग के अत्याधुनिक टर्शरी एवं क्वाटर्नरी केयर हॉस्पिटल्स, लखनऊ, मुंबई, नागपुर, मोहाली, बठिंडा, देहरादून के एक-एक हॉस्पिटल, गुरुग्राम व बुलंदशहर के सेकेंडरी केयर हॉस्पिटल और दिल्ली-एनसीआर में नोएडा, लाजपत नगर (दो सेंटर) व पंचशील पार्क के मेडिकल सेंटर और मोहाली, पंजाब का एक मेडिकल सेंटर शामिल है। मोहाली और बठिंडा के अस्पताल पंजाब सरकार के साथ पीपीपी (सार्वजनिक-निजी भागीदारी) के तहत संचालित होते हैं। इन अस्पतालों के अतिरिक्त, मैक्स हेल्थकेयर अपने ब्रांड मैक्स@होम और मैक्स लैब्स के तहत क्रमशः होमकेयर और पैथोलॉजी बिजनेस का संचालन भी करता है। मैक्स@होम के तहत घर पर ही हेल्थ एवं वेलनेस सर्विसेज प्रदान की जाती हैं, जबकि मैक्स लैब के तहत अपने नेटवर्क से बाहर के मरीजों को भी डायग्नोस्टिक्स की सुविधा प्रदान की जाती है।

सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री प्रतिनिधि राजवीर सिंह के नेतृत्व में गांव करनावल में पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे पुलिस अधिकारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मथुरा (मोइनुद्दीन)। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री प्रतिनिधि राजवीर सिंह ने कहां जल्द सभी अपराधियों की गिरफ्तारी हो कहा कि अपराधियों को बक्सा नहीं जाएगा कड़ी से कड़ी कार्रवाई अपराधियों पर होगी जनपद मथुरा के गांव करनावल मैं हुए सारे घटनाक्रम से सूहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर को अवगत कराया जाएगा बुधवार को कैबिनेट मंत्री प्रतिनिधि ने सबसे पहले पीड़ित के परिवार से वार्ता की हर संभव मदद का आश्वासन पीड़ित परिवार को दिया कहा लखनऊ जाकर सोहेलदेव भारतीय



समाज पार्टी का प्रतिनिधिमंडल उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर जी मुलाकात कर अपराधियों कड़ी कार्रवाई व अपराधियों के घर पर बुलडोजर चलाने की मांग करेंगे व पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा की मांग भी करेंगे प्रतिनिधि मंडल में प्रमुख रूप से अखिल भारतीय समता फाउंडेशन के अध्यक्ष लोकेश कुमार रही अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष असलम कुरैशी महानगर अध्यक्ष कुरैशी फैजान कुरैशी प्रेम कर्दम सिंह अशोक रावल प्रमुख रूप से मौजूद थे ।

कुश्ती दंगल में पहलवानों को दिखाए जौहर सहारा खुर्द में हुआ दंगल का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

इगलास। तहसील क्षेत्र के गांव सहारा खुर्द में महाशिवरात्रि के अवसर पर मेले के साथ ही कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के अलावा दूर-दराज से आए पहलवानों ने अपने हाथ आजमाए और अपने पेंटरों और जौहर से लोगों दांतों तले उंगली दबाने को मजबूर कर दिया। मेला कमेटी द्वारा विजयी पहलवानों को नगद इनामी राशि देकर सम्मानित किया। शुभारंभ एमएलसी चैधरी ऋषिपाल सिंह ने फीता काटकर किया और कहा कहा कि विशेष उत्सवों पर ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन से छुपी हुई प्रतिभाओं को मौका और सम्मान मिलता है। जिससे ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाए निखर कर सामने आती हैं। ग्राम प्रधान संजय चैधरी ने अतिथियों व पहलवानों का स्वागत किया। दंगल में एक के बाद एक पहलवानों ने अपनी मल्ल विद्या का प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में आए दर्शकों ने कुश्ती दंगल का जमकर लुफ्त उठाया। आखिरी कुश्ती बिना लड़े ही सचिन पहलवान के नाम रही। नेत्रपाल सिंह, विपिन शर्मा, कुंमरपाल शर्मा, हाकिम सिंह, महावीर सिंह, डीपी चैधरी, अभिनाश चैधरी, दिनेश चैधरी, मुकेश शर्मा, सुनील शर्मा, राकेश शर्मा, आदि मौजूद रहे।

अलीगढ़ के कारोबारी करा रहे तीन वर्ष से सोमनाथ में भण्ड़ारा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

अलीगढ़। एक परिवार ने भोलेनाथ में अपनी श्रद्धा आस्था और लगन लगाई है और पिछले तीन वर्षों से लगातार अलीगढ़ से गुजरात सोमनाथ मंदिर पर जाकर शिवरात्रि के दिन विशाल भण्ड़ारा करवाते चले आ रहे हैं इसी क्रम में भोलेनाथ के आशीर्वाद से उनके भक्त भवदेश गुप्ता जो हिन्दू युवा वाहिनी के राष्ट्रीय महामंत्री हैं, इस बार भी अपने परिवार केसाथ सोमनथस मंदिर गुजरात पहुंचे और भण्ड़ारा किया। अलीगढ़ के थाना बन्नादेवी क्षेत्र के सारसौल पुलिस चैकी के पीछे रहने वाले भवदेश गुप्ता के साथ तीन से अधिक परिवार सेमनाथ मंदिर पर भण्ड़ारा करने पहुंचे हैं। शिवरात्री के पिछले तीन वर्षों से अलीगढ़ का गुप्ता परिवार सोमनाथ मंदिर पर जाकर

श्रद्धालुओं के लिये फल-मेवा और साबुन के अलावा अलग-अलग व्यंजनों का भण्ड़ारा करते हैं।अलीगढ़ के मालती रोड केरियार और जय सोमनाथ ट्रांसपोर्ट कम्पनी के प्रातिक गुप्ता, ऋषि, अरविंद, वरुण, राजू अिद ने बहुत खुशी और प्यार के साथ ने कहा कि अब तक, सोमनाथ महादेव ने अपनी हर इच्छा पूरी कर ली है। वह लोग भण्ड़ारा समापन करके अपने घर वापसी अलीगढ़ करेगें।

छत्तीसगढ के रायगढ़ में आरएसएस के मंच पर कृष्ण कन्हाई का हुआ सम्मान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मथुरा/वृन्दावन (मोइनुद्दीन)। रायगढ़ छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के एक कार्यक्रम में पद्मश्री कृष्ण कन्हाई का विशेष सम्मान किया गया। इस अवसर पर आर एस एस के सह कार्यवाह और प्रसिद्व विचारक दत्तात्रेय होसबले

पद्मश्री कृष्ण कन्हाई का सम्मान करते हुये संघ के पदाधिकारी एवं राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सहकार्यवाह दत्तात्रेय होसबले

विशेष रूप उपस्थिति थे। कृष्ण कन्हाई रायगढ़ के आरएसएस प्रमुख विनोद अग्रवाल के निमंत्रण पर रायगढ़ गये थे। सैकडों लोगो से भरे हुये नगर निगम के ऑडिटोरियम में प्रबुद्धजन व्याख्यान का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर सरकार्यवाह दत्तात्रेय ने राष्ट्रीय समाज और

संस्कृति से जुडे महत्वपूर्ण विषयों पर उद्धबोधन किया था। इस कार्यक्रम में मध्य क्षेत्र एवं प्रान्त के विभिन्न अधिकारी उपस्थिति रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये पद्मश्री कृष्ण कन्हाई ने युवा लोगो को उत्साहित किया तथा जीवन मे आगे बढ़ाने के लिये कड़ी मेहनत और धैय रखने की सलाह दी तथा युवाओं को राष्ट्र निर्माण मे अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिये प्रेरित किया । रायगढ़ जाते समय बाराद्वार के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष धनश्याम जिन्दल ने भी पद्मश्री कृष्ण कन्हाई का श्रीफल देकर एवं शॉल उढाकर स्वागत सत्कार किया था । ज्ञात हो कृष्णा जी के पिता पद्मश्री कन्हाई चित्रकार ने कला कि दीक्षा गुजराती चित्रकार नाना लाल जानी से प्राप्त की थी जो उस समय रायगढ़ के राजा चक्रधार सिंह के राजदरबार में चित्रकार थे ।

व्यापारी बन्धु शहर की यातायात व्यवस्था को सुधारने में पुलिस एवं प्रशासन का करें सहयोग: डीएम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

अलीगढ़ । जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय व्यापार बन्धु बैठक का आयोजन किया गया। डीएम ने कहा कि शहर में व्यावसायिक उपक्रमों के सुगम संचालन एवं व्यापारियों की समस्याओं के त्वारित निस्तारण के लिए धरातल पर कार्य किए जाएं। उन्होंने व्यापारिक बन्धुओं से भी आव्हान किया कि वह शहर की यातायात व्यवस्था को सुधारने में पुलिस एवं प्रशासन का पूरा सहयोग करें ताकि आमजन को सुगम आवागमन उपलब्ध हो सके।बैठक में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के कोषाध्यक्ष किशन गुप्ता की जिज्ञासू मार्केट गॉधी पार्क पर शौचालल निर्माण एवं नाले ढ़के जाने के संबंध में नगर निगम द्वारा बताया गया कि शौचालन निर्माण के लिए चिन्हत स्थान पर दो निस्प्रयोज्य विद्युत पोल हटाए जाने हैं जिसके लिए विद्युत विभाग द्वारा दिए गए प्राकलन पर भुगतान की कार्यवाही प्रक्रिया में है, विद्युत पोल हटते ही शौचालय निर्माण कराया जाएगा। इसी प्रकार खुले नाले को ढ़कने के लिए आरसीसी स्लैब के निर्माण के लिए निविदा आमंत्रित की गई हैं, जिसके पूर्ण होते ही नाला ढ़कने की कार्यवाही आरम्भ की जाएगी।अध्यक्ष तालानगरी व्यापार मण्डल धर्मेन्द्र शर्मा द्वारा शहर में यातायात व्यवस्था के संबंध में अपनी शिकायत दर्ज कराई।

संक्षिप्त समाचार

ब्रज प्रेस क्लब का 2 मार्च को होगा होली महोत्सव

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मथुरा (मोइनुद्दीन)। एनयूजेआई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं ब्रज प्रेस क्लब के अध्यक्ष डॉ कमलकांत उपमन्यु एडवोकेट ने यह जानकारी देते हुए बताया कि ब्रज प्रेस क्लब द्वारा गत वर्षो की भांति इस वर्ष दो मार्च दिन रविवार को 10:00 बजे से 12:00 बजे तक डैंपियर नगर स्थित हीरा क्रिस्टल होटल के सभागार में होली मिलन महोत्सव आयोजित कर रहा है इस कार्यक्रम में राधा कृष्ण के स्वरूप के साथ फूलों की होली होगी इस अवसर पर बृज क्षेत्र के सभी प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक, एवं सोशल मीडिया के पत्रकार एवं सभी जनप्रतिनिधि और सामाजिक संगठनों के प्रमुख एवं प्रशासनिक तथा पुलिस के अधिकारी एक साथ एक दूसरे को होली महोत्सव की शुभकामनाएं देंगे उन्होंने बृज क्षेत्र के समस्त प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया के पत्रकारों से होली मिलन समारोह में समय से पहुंचने का आह्वान किया इसमें समाज में पत्रकार और समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य करने वाले लोगों को भी सम्मानित किया जाएगा तथा कार्यक्रम का समापन लंच के साथ संपन्न होगा।

खेरेश्वर चैराहे के पास मिला महिला का शव, नहीं हुई शिनाख्त

बुलन्द संदेश ब्यूरो

अलीगढ़। महिला ने काली रंग की पजामी ,मटमैली रंग की कुर्ती और जर्सी ,एक पीले रंग का दुपट्टा, हाथ में कड़ा व कमर में काला धागा पहने हुए है। शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। अलीगढ़ के थाना रोरावर अंतर्गत खेरेश्वर चैराहे के पास 27 फरवरी को दोपहर एक बजे के करीब न्यू सन साईन पब्लिक स्कूल के गेट पर लगी फुलवारियों में एक 35 से 40 वर्षीय अज्ञात महिला का शव मिलने सनसनी फैल गई। शव मिलने पर वहां भीड़ एकत्र हो गई। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक शिवशकंर गुप्ता मय पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। पुलिस ने ग्रामीणों से शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया परन्तु कोई पहचान न सका। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

ब्रज प्रेस क्लब का 2 मार्च को होगा होली महोत्सव

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मथुरा (मोइनुद्दीन)। एन यू जे आई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं ब्रज प्रेस क्लब के अध्यक्ष डॉ कमलकांत उपमन्यु एडवोकेट ने यह जानकारी देते हुए बताया कि ब्रज प्रेस क्लब द्वारा गत वर्षो की भांति इस वर्ष दो मार्च दिन रविवार को 10:00 बजे से 12:00 बजे तक डैंपियर नगर स्थित हीरा क्रिस्टल होटल के सभागार में होली मिलन महोत्सव आयोजित कर रहा है इस कार्यक्रम में राधा कृष्ण के स्वरूप के साथ फूलों की होली होगी इस अवसर पर बृज क्षेत्र के सभी प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक, एवं सोशल मीडिया के पत्रकार एवं सभी जनप्रतिनिधि और सामाजिक संगठनों के प्रमुख एवं प्रशासनिक तथा पुलिस के अधिकारी एक साथ एक दूसरे को होली महोत्सव की शुभकामनाएं देंगे उन्होंने बृज क्षेत्र के समस्त प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया के पत्रकारों से होली मिलन समारोह में समय से पहुंचने का आह्वान किया इसमें समाज में पत्रकार और समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य करने वाले लोगों को भी सम्मानित किया जाएगा तथा कार्यक्रम का समापन लंच के साथ संपन्न होगा।

पिलखुवा नगर पालिका क्षेत्र में चेरमैन विभू बंसल ने ईओ इन्द्र पाल सिंह के साथ सड़कों का लोकार्पण

पिलखुवा (गजेन्द्र राठी) वार्ड नंबर 6 परतापुर चुंगी के निकट चारु क्लीनिक के पास सड़क वार्ड नंबर 11 में परतापुर रोड पर पिंटू सैनी चिंटू सैनी के मकान के पास सड़क वार्ड नंबर 12 पहलाद नगर में शिव मंदिर वाली सड़क का लोकार्पण।वार्ड नंबर 22 में ताज होटल वाली सड़क का लोकार्पण नगर पालिका परिषद पिलखुवा में नगर पालिका अध्यक्ष विभू बंसल के साथ सभासदों और नगर वासीयों द्वारा सड़कों का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद अधिशासी अधिकारी इंद्रपाल सिंह , सभासद डॉ राजेश कुमार , लोकेश प्रजापति , सत्तार , सभासद पति सोनू कोरी , नफीस , अश्वनी , दीपक राबिया , अमित टांक एवं नगर पालिका परिषद के अधिकारीगण/कर्मचारीगण व नगरवासी उपस्थित रहे।



जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में जिला सैनिक बन्धु की बैठक हुई संपन्न

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मथुरा (मोइनुद्दीन)। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी द्वारा बैठक में उपस्थित सभी वरिष्ठ अधिकारियों, सैनिक बन्धु के सदस्यों, पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों को धन्यवाद देते हुए बैठक का शुभारम्भ किया गया। जिलाधिकारी द्वारा पूर्व माह में हुयी बैठक में पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों से प्राप्त प्रार्थना पत्रों के सम्बन्ध में वार्ता की गयी एवं अनिस्तारित प्रकरणों को सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारित किए जाने के निर्देश दिए गए। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी द्वारा मीटिंग में उपस्थित सभी वरिष्ठ अधिकारियों, सैनिक बन्धु के सदस्य, पूर्व सैनिक एवं उनके आश्रितों को धन्यवाद देते हुए बैठक का समापन किया गया।

बहुजन एकता मार्च का संयोजक सर्व सहमति से युवा क्रांतिकारी विचारक अजय सनवाल को आयोजित मनोनीत किया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मथुरा (मोइनुद्दीन)। अखिल भारतीय समता फाउंडेशन जनपद मथुरा द्वारा गट वर्षो भी भाति दिनांक 15 मार्च 2025 को भारत में राजनैतिक क्रांति की अग्रदूत सामाजिक न्याय के पुरोधा बहुजन नायक मान्यवर कांसीराम जी के जन्मदिवस पर आयोजित आगामी बहुजन एकता मार्च का संयोजक सर्व सहमति से युवा क्रांतिकारी विचारक भाई अजय सनवाल जी को आयोजित मनोनीत किया गया। मनोनयन उपरांत पदाधिकारियो ने भाई अजय सनवाल जी का पटका उड़ा कर स्वाफा बांध माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया। इस मौके पर बहुजन एकता मार्च की नव मनोनीत संयोजक भाई अजय सनवाल जी ने कहा किबहुजन एकता मार्च में सभी वर्गों की हिस्सेदारी ही बहुजन एकता मार्च को ऐतिहासिक बनाएगी। साथ ही सभी का आभार व्यक्त किया।

भाई अजय सनवाल मनोनयन पर स्वागत करने वालों में रमेश सैनी, सी वी विकल , सतीश बघेल, मुकेश सैनी नेताजी, सोनू हरसाना, नरेश सर, संतोष शुक्ला, हरेंद्र, ऊदल बाजना, सिद्धांत भाटिया, राहुल डागौर राजगाबर विवेक कुमार आकाश बाबू राजवीर नेताजी, एड अरविंद कुमार सिंह, सुमित , राजू, कोमल प्रसाद विक्रांत सिंह, एड देवेंद्र कुमार, प्रताप कुमार, विशंभर दयाल कर्दम आदि ने स्वागत कर हर्ष व्यक्त किया।

अनुभव

के.डी. डेंटल कॉलेज में राष्ट्रीय ओरल पैथोलॉजिस्ट दिवस पर हुए अतिथि व्याख्यान

विशेषज्ञों ने भावी दंत चिकित्सकों से साझा किए अपने अनुभव

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मथुरा (मोइनुद्दीन)। के.डी. डेंटल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल मथुरा के ओरल पैथोलॉजी विभाग द्वारा इंडियन एसोसिएशन ऑफ ओरल एण्ड मैक्सिलोफेशियल पैथोलॉजिस्ट तथा पियरे फॉचर्स एकेडमी (इंडिया सेक्शन) के संयुक्त तत्वावधान में

दंत चिकित्सा में एंटीबायोटिक्स का विवेकपूर्ण उपयोग जरूरी: डॉ. रामचंद्र गौड़ा

डॉ. एच.एम. ढोलकिया की स्मृति में छठा राष्ट्रीय ओरल पैथोलॉजिस्ट दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों तथा दो विशेषज्ञ दंत चिकित्सकों के ज्ञानवर्धक सीडीई व्याख्यानों के माध्यम से भावी दंत चिकित्सकों को ओरल पैथोलॉजी की खूबियों की विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्राचार्य डॉ. मनेश लाहौरी तथा अतिथियों द्वारा डॉ. एच.एम. ढोलकिया के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। राष्ट्रीय ओरल पैथोलॉजिस्ट दिवस पर जहां अतिथि वक्ताओं ने अपने अनुभव साझा किए वहीं संस्थान के स्नातक छात्र-छात्राओं ने ओरल पैथोलॉजी विषय से सम्बन्धित पोस्टर मेकिंग, रंगोली, साबुन नक्काशी और फेस आर्ट पेंटिंग जैसे विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से इसकी महत्ता प्रतिपादित की। प्रतिष्ठित वक्ता डॉ. रामचंद्र गौड़ा मैक्सिलोफेशियल एण्ड माइक्रोवास्कुलर रिकंस्ट्रक्टिव सर्जन (ल्यूटन एण्ड डंस्टेबल यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल लंदन यूनाइटेड किंगडम) ने लंदन से वर्चुअली डेंटल प्रैक्टिस में एंटीबायोटिक्स के विवेकपूर्ण उपयोग पर अपना व्याख्यान दिया। उन्होंने छात्र-छात्राओं से चिकित्सकों द्वारा एंटीबायोटिक दवाओं के प्रभावी उपयोग और अनुचित दुरुपयोग पर चर्चा की। इतना ही नहीं उन्होंने दंत चिकित्सा अभ्यास में दवाओं के तर्कसंगत उपयोग की भी वकालत की। प्राचार्य डॉ. मनेश लाहौरी ने छात्र-छात्राओं को रोगों के निदान में ओरल पैथोलॉजिस्ट की महत्वपूर्ण भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी। डॉ. लाहौरी ने छात्र-छात्राओं को डॉ. एच.एम. ढोलकिया के कृतित्व तथा व्यक्तित्व से अवगत कराया। केडी मेडिकल

कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल के माइक्रोबायोलॉजिस्ट डॉ. पुष्कर ने रोगाणुरोधी प्रतिरोध और इसके प्रभाव पर बात की। उन्होंने रोगाणुरोधी प्रतिरोध के कारण होने वाले दुष्परिणामों को विस्तार से बताया तथा इससे निपटने के उपाय सुझाए। विभागाध्यक्ष डॉ. उमेश ने डॉ. एच.एम. ढोलकिया के कृतित्व को याद किया। उन्होंने दंत चिकित्सकों को रोगाणुरोधी प्रतिरोध के दुष्परिणामों से सचेत रहने के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि एक टीम के रूप में काम करने से चिकित्सा संबंधी त्रुटियां रुकती हैं तथा रोगी की सुरक्षा बढ़ती है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक दंत चिकित्सक, डेंटल नर्स तथा अन्य टेक्निकल कर्मचारियों का पहला दायित्व रोगी की सुरक्षा है। डॉ. रामबल्लभ ने अपने स्वागत भाषण में रोगाणुरोधी प्रतिरोध को रोकने में दंत चिकित्सकों की भूमिका के महत्व का उल्लेख किया। डॉ. अंकिता पटनायक ने अतिथि वक्ता का परिचय दिया और कार्यक्रम की मेजबानी की। राष्ट्रीय ओरल पैथोलॉजिस्ट दिवस पर स्नातक छात्र-छात्राओं के बीच पाथआर्ट प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर सभी विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य और प्रशासनिक अधिकारी नीरज छापरिया आदि उपस्थित थे।

यंग इंडिया के बोल सीजन 5 के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए

बुलन्द संदेश ब्यूरो

लखनऊ (लेखराम मौर्य)। उ0 प्र0 युवा कांग्रेस के यंग इण्डिया के बोल सीजन-5 की फाइनल प्रतियोगिता आज यहां प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय लखनऊ में सम्पन्न हुई। जिसके विजेताओं एवं उपविजेताओ की घोषणा के साथ ही पुरस्कार वितरित किये गये।

इस प्रतियोगिता के माध्यम से देश एवं उ0प्र0 के युवा कांग्रेस के प्रवक्ताओं का चयन किया जाता है। अ0भा0 कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता आलोक शर्मा ने अपनी देखरेख में प्रतियोगिता को सम्पन्न कराया। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक मण्डल में प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता डॉ0 उमा शंकर पाण्डेय , युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव हेवरन सिंह कंसाना एवं इकबाल ग्रेवाल शामिल रहे। प्रतियोगिता के तीन मुख्य चरण थे जिसमें स्क्रीनिंग, स्पीच एवं डिबेट शामिल थे। प्रदेश से शार्टलिस्ट करके आये प्रतिभागियों में उ0प्र0 पश्चिम से 7, पूर्वी उ0प्र0 से 10 एवं यू0पी0 मध्य से 17

प्रतिभागी शामिल हुए। स्क्रीनिंग के चरण में प्रत्येक प्रतिभागी को रोजगार दो-नशा नहीं, विषय पर बोलने के लिए तीन मिनट दिये गये, डिबेट एवं स्पीच राउण्ड में प्रत्येक प्रतिभागी को डेढ़ मिनट-डेढ़ मिनट दिया गया। जिसके विषय अलग-अलग थे।

अंत में प्रतियोगिता सम्पन्न होने पर ज्यूरी के सदस्यों ने प्रत्येक जोन के विजेता एवं उपविजेता को क्रमशः 10 हजार एवं 7 हजार पांच सौ रुपये एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। सभी प्रतिभागियों को यंग इण्डिया के बोल कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सर्टिफिकेट प्रदान किया गया।

विजयी प्रतिभागियों में उ0प्र0 युवा कांग्रेस मध्य जोन से ममता जनपद सीतापुर को प्रथम पुरस्कार एवं द्वितीय पुरस्कार रविन्द्र सिंह लोधी जनपद लखनऊ को प्रदान किया गया। इसी क्रम में पश्चिमी जोन से प्रथम पुरस्कार जतिन एवं द्वितीय पुरस्कार अमिताभ को एवं पूर्वी जोन से प्रथम पुरस्कार कैफ एवं द्वितीय पुरस्कार निखिल को प्रदान किया गया। प्रतियोगिता में प्रमुख रूप से उ0प्र0 युवा कांग्रेस मध्य के उपाध्यक्ष शरद शुक्ला, महासचिव संगठन प्रद्युम्न सिंह मौजूद रहे।

जिला कांग्रेस कमेटी ने चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि पर उनको श्रद्धांजलि दी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

बदायूं । जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ओमकार सिंह के निजी स्टैंड स्थित कैंप कार्यालय पर गुरुवार को क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद को उनकी पुण्यतिथि श्रद्धांजलि दी गई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चंद्रशेखर आजाद के चित्र पर माल्यार्पण कर देश की आजादी में उनके योगदान को याद किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी स्वतंत्रता सेनानी थे। चंद्रशेखर आजाद ने काकोरी एक्शन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने प्रण लिया था कि वह कभी अंग्रेजों के हाथ नहीं आएंगे। इसलिए उन्होंने 27 फरवरी 1931 को अंग्रेज सैनिकों से लड़ते हुए अपनी पिस्तौल की आखिरी गोली खुद को मार ली थी। चंद्रशेखर आजाद की पिस्टल आज भी इलाहाबाद राष्ट्रीय संग्रहालय में रखी हुई है।

लापरवाही के चलते 8 वर्षीय मासूम की मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

चंदौसी। लापरवाही के चलते मासूम की मौत, ग्रामीणों ने किया हंगामा, लापरवाही का लगाया आरोप, जानकारी पर पहुंची डायल 112, घटनाक्रम के अनुसार नगर से सटे ग्राम नहेटा में 8 वर्षीय पिंटू पुत्र बबलू सिंह गांव में ही खेल रहे थे खेलते खेलते अचानक वह गांव के सरकारी स्कूल के पास पहुंच गए और स्कूल के में गेट पर लगे फाटक को झूला बनाकर झूलने लगे। वहां मौजूद लोगों ने बताया कि गेट का निर्माण चल रहा था और अचानक गेट निकाल कर गिर गया जिसमें 8 वर्षीय मासूम दब गया आनन फानन में बच्चे को चंदौसी चिकित्सालय लाया गया जहां हालत गंभीर होने की वजह से बच्चे को मुरादाबाद रेफर कर दिया । जहां इलाज के दौरान बच्चे की मौत हो गई जिससे परिवार में मातम छा गया साथ ही परिवार के लोगों ने स्कूल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। और साथ ही बताया कि स्कूल में चल रहा काम घटिया सामग्री से कराया जा रहा है। जिसकी लापरवाही के चलते यह घटना हुई है। की ओर पहुंच गए सरकारी स्कूल का गेट टूटने से 8 वर्षीय बच्चे की मृत्यु अचानक में बच्चे खेल रहे थे तभी गेट टूट कर पिंटू पुत्र बबलू सिंह के ऊपर गिर पड़ा समय 1:30 बच्चे को चदोसी ले गये लेकिन वहां से मुरादाबाद को रेफर कर दिया मौके पर 112 पहुंची परिजनों का कहना है कि स्कूल प्रबंधक की लापरवाही से हादसा हुआ है स्कूल में चल रहा काम घटिया सामग्री से बनाया जा रहा है।

चेयरमैन फातमा रजा ने सेवानिवृत कर्मचारी की सेवा के प्रति सम्मान प्रकट किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

बदायूं। नगर पालिका परिषद बदायूं द्वारा आयोजित इस सम्मान समारोह में सेवानिवृत्त कर्मचारी जायरा बेगम को विदाई दी गई और उनकी सेवा के प्रति सम्मान प्रकट किया गया। पालिका अध्यक्ष फात्मा रजा का यह विचार कि सेवानिवृत जीवन का अंत नहीं, बल्कि एक नई शुरूआत है, प्रेरणादायक है। यह दृष्टिकोण उन लोगों के लिए महत्वपूर्ण है जो सेवा निवृत्ति के बाद जीवन में एक ठहराव महसूस करते हैं। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त कर्मचारी को शॉल, स्मृति चिन्ह और 4,56,810 रुपये की राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही, स्वास्थ्य और खुशी बनाए रखने के लिए योग, तनाव मुक्त जीवन और परिवार व दोस्तों के साथ समय बिताने की सलाह दी गई। इस तरह के आयोजन न केवल सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सम्मानित करने का माध्यम हैं, बल्कि अन्य कर्मचारियों को भी यह प्रेरित करते हैं कि उनकी सेवाओं को सराहा जाएगा। इस अवसर पर कार्यालय अधीक्षक खालिद अली, निर्माण लिपिक सचिन सवसेना, नवैद इकबाल गनी, सूर्य प्रकाश सक्सेना, रजनेश चन्द्र, इमरान, गजेन्द्र आदि मौजूद रहे।

अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि पर कांग्रेसजनों ने दी श्रद्धांजलि

बुलन्द संदेश ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय में देश के महान क्रांतिकारी अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि के अवसर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस मौके श्री सिंह ने कहा कि शहीद चंद्रशेखर आजाद एक साधारण मध्यमवर्गीय परिवार में जन्मे उनके अंदर देश की गुलामी की पीड़ा उन्हें रह रहकर द्रवित करती थी। अंग्रेजी हुकूमत की निरकुंशता व बर्बरता से लड़ने और वतन को आजाद कराने का हौसला बाल्यवस्था से था और उंन्होने देश को आजाद कराने के लिये क्रांति का मार्ग चुन लिया और वह आजादी के लिये के लिए लड़े, आजाद रहकर देश के लिये शहीद होकर अमरत्व प्राप्त कर गए उनकी शहादत युगों युगों तक लोकतंत्र व स्वतंत्रता के दीवानों को प्रेरित करती रहेगी। इस मौके पर शहर कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान अध्यक्षगण डॉ शहजाद आलम एवं अमित त्यागी श्रीवास्तव, अजय वर्मा, मोहम्मद नोमान, हम्माम वहीद, वाकर मेहदी, शुभम सिंह, आफताब मोहसिन आदि ने भी श्रद्धासुमन अर्पित कर चन्द्रशेखर आजाद को श्रद्धांजलि दी।

सविधान को बचाना व प्रदेश का विकास करना सपा की पहली प्रथमिकता सांसद नीरज मौर्य

बुलन्द संदेश ब्यूरो

बरेली (सददाम खान)। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बिथरी विधानसभा अध्यक्ष रमेश यादव ने कहा समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव के आह्वान पर पीडीए पंचायत का आयोजन पूरे प्रदेश भर में चलाया जा रहा है। पीडीए पंचायत में महापुरुषों के जीवन व समाजवादी पार्टी की जन नीतियों के बारे में चर्चा की जा रही है। बुद्वार को विधानसभा विथरी चैनपुर के सिरोई गांव में कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लोकसभा सांसद आँवला नीरज मौर्य ने पीडीए पंचायत को संबोधित करते हुए कहा कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव लगातार दलितों पिछड़ों और अल्पसंख्यकों आदिवासी, आदी आबादी और अगड़ों में आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहें हैं। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की जननीतियों से प्रभावित होकर लोकसभा चुनाव में सपा को 37 सीट जिताकर संसद में भेजने का कार्य किया। आगे भी विश्वास जताते हुए आने वाले 2027 विधान सभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की सरकार भारी बहुमत से बनाने का काम करेंगे। कार्यक्रम में आए हुए देवतुल्य जनता का गुड्डू खान धन्यवाद करते हुए आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से कांग्रेस जिलाउपध्याक्ष पंडित राजन उपाध्याय पूर्व पीयूष वर्मा विधानसभा अध्यक्ष रामेश यादव अकवर डांम्पी अवरार खान रिजवान खान अवरार अहमद विक्की अंसारी साहित सैकड़ो की संख्या मे लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष गुड्डू खान ने कि व सभी का आभार व्यक्त किया।

एक दिवसीय रोजगार मेले का हुआ आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

चंदौसी/संभल (मयंक सक्सेना)। गुरुवार को प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय लखनऊ के द्वारा प्रदेश के युवाओं को रोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर भारत अभियान को सफल बनाए जाने हेतु जिला सेवायोजन कार्यालय संभल एवं सिरसी सादात पी0जी0 कॉलेज के तत्वाधान से एक दिवसीय रोजगार मेला सिरसी सादात पी0जी0 कॉलेज सिरसी महाविद्यालय के प्रांगण में लगाया गया। रोजगार मेला प्रातः 10:30 बजे से 3 बजे तक रहा। जिसमें इंडियन सिक्योरिटी फोर्स, हॉयर एप्लाइंसेस, डिक्सन टेक्नोलोजी, पुखराज हेल्थ केयर, एल0आई0 सी0 कंपनियो ने प्रतिभाग किया। रोजगार मेले में जिला सेवायोजन अधिकारी आमिर जुबैर के साथ संस्था के संस्थापक प्रोफेसर एस0एम0 हुसैन जाफरी, महाविद्यालय प्रबंधक सफदर जाफरी, संस्था सचिव तौकीर हैदर जाफरी, संस्था सदस्य इकरार हुसैन जाफरी एवं महाविद्यालय प्राचार्य डा0 शाहिद हुसैन मंच पर उपस्थित रहे। उपरोक्त सभी कंपनियो द्वारा ट्रेनी आपरेटर, डेस्क जॉब, सेल्स एग्जीक्यूटिव, सिक्योरिटी गार्ड की भर्ती के रूप में 243 अभ्यर्थियों का प्रारम्भिक स्तर पर चयन किया गया। जिला सेवायोजन अधिकारी आमिर जुबैर के नेतृत्व में मेला प्रभारी गौरव पूठिया, जिला सेवायोजन कार्यालय, संभल के द्वारा रोजगार मेला सकुशल सम्पन्न कराया गया। इस अवसर पर उपस्थित अभ्यर्थियों की रोजगार परक कैरियर काउंसलिंग की गई एवं यह भी बताया गया कि इसराइल, जापान एवं जर्मनी में नर्सिंग व होम केयर संबंधी रोजगार प्रदान किए जा रहे है एवं आवेदन करने की प्रक्रिया के संबंध में अवगत कराया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त स्टाफ डॉ शमीम हैदर, साजिद अली, सरफर्जुल हसन,जोगेंद्र सिंह, फरवा जैदी, खुर्शीद फातमा, के साथ गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

28 फरवरी को भी होगा निःशुल्क खाद्यान्न का वितरण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

बदायूँ। जिला पूर्ति अधिकारी रमन मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत आच्छादित अन्त्योदय तथा

जनपद के जिन पी0एच0एच0 एवं अन्त्योदय कार्डधारकों द्वारा अभी तक माह फरवरी, 2025 का खाद्यान्न प्राप्त नहीं किया गया है

पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को माह फरवरी 2025 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न के वितरण की अवधि को विस्तारित करते हुए निःशुल्क खाद्यान्न वितरण की तिथि दिनांक 28 फरवरी 2025 तक विस्तारित की गयी है। जिसके दृष्टिगत कार्डधारकों के राशनकार्डों एवं यूनिटों के सापेक्ष अनुमन्य खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण 28 फरवरी 2025 तक ई-पॉस मशीन के माध्यम से आधार आधारित वितरण किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि मोबाईल ओ0टी0पी0 व पोर्टेबिलिटी से वितरण की सुविधा 28 फरवरी 2025 को भी उपलब्ध रहेगी। उन्होंने बताया कि जनपद के जिन पी0एच0एच0 एवं अन्त्योदय कार्डधारकों द्वारा अभी तक माह फरवरी, 2025 का खाद्यान्न प्राप्त नहीं किया गया है, उन्होंने सूचित करते हुए बताया है कि वह 28 फरवरी 2025 तक उचितदर विक्रेता के दुकान से नियमानुसार निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार निःशुल्क खाद्यान्न प्राप्त कर सकते है।

सात दिवसीय शिविर में आगामी मतदान प्रक्रिया में सकारात्मक योगदान देने के लिए किया प्रेरित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

चंदौसी। गुरुवार को राष्ट्रीय सेवा योजना, छात्र इकाई, एस. एम. कॉलेज, चंदौसी के सात दिवसीय विशेष शिविर का छठा शिविर माय भारत के लिए युवा एवं डिजिटल साक्षरता हेतु युवा शीर्षक के अंतर्गत डॉ. विशेष कुमार पांडेय, कार्यक्रम अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना, छात्र इकाई के नेतृत्व में ग्राम मौलागढ़ में आयोजित किया गया। शिविर के प्रथम सत्र में स्वयंसेवकों ने शिविर स्थल पर स्वच्छता कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के उपरांत भगवान शिव की पूजा अर्चना कर शिविर का प्रारंभ किया। शिविर के प्रथम सत्र में कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने पंडित चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर उन्हें भाव बिना स्मरण करते हुए पुष्पार्चन कर श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने चंद्रशेखर आजाद के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर भी चर्चा की। आजाद को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करने के उपरांत स्वयंसेवकों ने मतदाता जागरूकता संबंधी कार्यक्रम के अंतर्गत पोस्टर्स बनाकर, मतदाता जागरूकता संबंधी नारे लगाते हुए रैली निकालकर ग्राम वासियों को 18 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों को मत बनवाने के लिए प्रेरित किया। स्वयंसेवकों ने युवाओं से बातचीत कर उन्हें मत का मूल्य समझने के साथ-साथ आगामी मतदान प्रक्रिया में सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में वयस्क मतदान विषय पर भाषण प्रतियोगिता एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें सभी स्वयंसेवकों ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि लोकतंत्र की शक्ति वयस्क मताधिकार में ही निहित है। सभी व्यक्तियों को जाति अथवा अन्य किसी प्रलोभन में आए बिना ईमानदार एवं स्वच्छ छवि वाले व्यक्ति को ही अपना मत देना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में डॉ विशेष कुमार पांडेय, कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में सभी स्वयंसेवकों ने मतदाता बनने योग्य व्यक्तियों के अधिक से अधिक मतदाता सूची में पंजीकरण कराने की शपथ ली। शिविर में संचालन मोहम्मद गुड्डू और धन्यवाद ज्ञापन नेकपाल ने किया। शिविर में स्वयंसेवकों ने ध्येय गीत का वाचन करने के उपरांत राष्ट्रगान के साथ शिविर को विश्राम दिया गया। इस दौरान शिविर में जमुना प्रसाद शर्मा, हरवीर, विनीत कुमार, जितेंद्र, शिखर किशोर, अभिजीत सिंह, जुबेर अली, रोहित कुमार, यश वार्ष्णेय, अभय, अनंत, मोहम्मद सादिक अली एवं मोहम्मद सरफराज, पीयूष शर्मा, अरविंद आदि उपस्थित रहे।

महापुरुष स्मारक समिति ने मनाया शहीद चंद्रशेखर आजाद का बलिदान दिवस

बुलन्द संदेश ब्यूरो

चंदौसी। गुरुवार को नगर के सीता रोड स्थित नीलम हॉस्पिटल में महापुरुष स्मारक समिति एवम सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में महान स्वतंत्रता सेनानी क्रांतिकारी शहीद चंद्रशेखर आजाद का बलिदान दिवस एवं भारत रत्न नाना देशमुख की पुण्य तिथि धूमधाम से मनाई गई।सर्वप्रथम मुख्य अतिथि/मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने दोनों चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।अध्यक्षता डॉक्टर नितिन कौशिक ने की संचालन विकास यादव ने किया। विशिष्ट अतिथि डॉक्टर महेश कुमार गुप्ता, डॉक्टर निशा गुप्ता, डॉक्टर अरविन्द कुमार गुप्ता, पंकज बार्ष्णेय, अंकित बार्ष्णेय, इमरान खान, राहुल सिंह आदि रहे।

आयोजन

इमामबारगाह बाबुल हवाईज में मजलिस ए बरसी आयोजित

हर नफ्स को मौत का जाएका चखना है: मौलाना गजंफर अब्बास

बुलन्द संदेश ब्यूरो

उझारी। मौत एक ऐसी सच्चाई है जिसे कोई भी इंसान इनकार नहीं कर सकता। अल्लाह ने कुरआन में फरमाया है कि हर नफ़्स को मौत का जाएका चखना है।

नगर के मोहल्ला सादात स्थित इमामबारगाहे बाबुल हवाईज में मरहूम सैयद करार हुसैन बाकरी की मजलिस ए बरसी का आयोजन किया गया। मजलिस में मर्सिया ख्वानी जीशान हैदर बाकरी और उनके हमनवाओं ने की तथा पैशखानी अली मेहंदी सहारनपुरी ने की। मजलिस को मौलाना गजंफर अब्बास छौलसी ने खिताब करते हुए कहा कि हर जानदार को मौत का जाएका चखना है। कोई भी इंसान मौत से इनकार नहीं कर सकता, चाहे कोई अमीर हो या गरीब, बादशाह हो या फकीर हर जानदार को मौत का जाएगा चखना है। अलग-अलग इंसानों की अलग-अलग सोच है यही वजह है कि खाने पीने रहने से ओढ़नी बचाने इबादत की तरह पर आदि तमाम चीजों में खिलाफ पाया जाता है। लेकिन मौत एक ऐसी सच्चाई है कि इंसान किसी भी धर्म, जाति, देश, क्षेत्र का रहने वाला हो, अल्लाह को मानता हो या न मानता हो, लेकिन मौत से इनकार नहीं कर सकता। इंसान को चाहिए कि वह खुदा के बताए हुए रास्ते पर चलकर जिंदगी गुजारे ताकि दुनिया और आखिरत में कामयाबी मिल सके। अगर दुनिया और आखिरत में कामयाबी चाहिए तो इंसान को एहलेबैत अलैहिस्सलाम के दरवाजे पर आना होगा।

आखिर में मौलाना ने मसाईब इमाम हुसैन बयान किए। मसाईब सुनकर आजादार रोने लगे। आखिर में मुल्क और कौम के लिए दुआ की गई। मजलिस में मुख्य रूप से मौलाना सरकार मेहंदी, नूरुल हसन, जावेद कैसर, बंदे हसन, शानै असगर, मोहम्मद असगर, जामिन बाकरी, शफीउल हसन, मेहदी हसन, मोहम्मद जमा, मुजम्मिल हुसैन, सादिक हैदर, अली चांद, हाफिज अफसर सकलैनी, हसन मेहंदी, चांद मियां, शकील अल्वी, मनाजिर हुसैन, नवाब हैदर आदि भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। संचालन बिलाल बाकरी ने किया।

आराध्या वूमेन एंड चाइल्ड वेलफेयर एसोसिएशन ने कराया रुद्राभिषेक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

चंदौसी। नगर के स्टेशन रोड स्थित हनुमान मंदिर में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर आराध्या वूमेन एंड चाइल्ड वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया जिसमें समिति के सदस्यों ने धार्मिक लाभ उठाया।रुद्राभिषेक भगवान शिव के अभिषेक का एक अत्यंत पवित्र और शक्तिशाली वैदिक अनुष्ठान है। यह अनुष्ठान भक्तों के जीवन में शांति, समृद्धि और आध्यात्मिक उन्नति लाने के लिए किया जाता है। अनुष्ठान को आचार्य पवन शर्मा द्वारा संपन्न कराया गया।अध्यक्ष पूनम अरोड़ा ने कहा कि समिति के द्वारा इस प्रकार के धार्मिक कार्य समय-समय पर होते रहते हैं ताकि संस्कृति का पुनरुत्थान होते रहते हैं। सचिव डॉ दुर्गा टंडन ने कहा कि भगवान शिव केवल एक देवता नहीं, बल्कि एक विचार, एक दर्शन और एक ऊर्जा हैं। वे योग, ध्यान, आत्मज्ञान और सृष्टि के रहस्यों के प्रतीक हैं। शिव की उपासना केवल धार्मिक क्रियाओं तक सीमित नहीं, बल्कि आत्मिक उन्नति का मार्ग भी है।

रुद्राभिषेक का उल्लेख वेदों और पुराणों में मिलता है। इसमें "रुद्र" का अर्थ भगवान शिव से है और "अभिषेक" का अर्थ जल या किसी पवित्र द्रव्य से स्नान कराना होता है। यह अनुष्ठान विशेष रूप से श्रावण मास, महाशिवरात्रि, प्रदोष व्रत और विशेष अवसरों पर किया जाता है। इस अनुष्ठान में भगवान शिव का अभिषेक जल, दूध, दही, घी, शहद, गंगाजल, बेलपत्र, धतूरा, भांग आदि से किया जाता है। साथ ही, रुद्राष्टाध्यायी (रुद्र सूक्त) और महामृत्युंजय मंत्र का जाप किया जाता है। इस दौरान मुख्य कार्यक्रम में पूनम अरोड़ा, दुर्गा टंडन ,रेखा रस्तोगी, अनु गांधी , आरती अरोड़ा, सुनैना,योगिता कोहली, सरिता सक्सेना, रीना, ज्योति डूडेजा ,मंजू, विनय राज, अभिषेक गुप्ता, राकेश शर्मा, बृजेश आदि उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई निपुण भारत की जिला स्तरीय टास्कफोर्स बैठक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मेरठ (जावेद अब्बासी)। एनआईसी सभागार में जिलाधिकारी डा0 वी0के0 सिंह की अध्यक्षता में निपुण भारत की जिला स्तरीय टास्कफोर्स बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा समस्त विद्यालयो में रैम्प, रेलिंग, विद्युतीकरण, फर्नीचर, बाउन्ड्रीवाल, पेयजल, शौचालय, टीएलएम डिलीवरी तथा अन्य कार्यों की ब्लॉकवार समीक्षा की गई। उन्होने समस्त कार्यों को शीघ्र पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुये कहा कि समस्त विद्यालयो की शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाये।इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी अम्बरीष कुमार, बीएसए आशा चौधरी, डीपीआरओ रेनू श्रीवास्तव, समस्त बीडीओ व बीईओ उपस्थित रहे।

राज्य महिला आयोग की सदस्या डा0 हिमानी अग्रवाल ने सर्किट हाउस में की महिला जनसुनवाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मेरठ (जावेद अब्बासी)। सर्किट हाऊस में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या डॉ0 हिमानी अग्रवाल ने महिलाओं से संबंधित मामलों की जनसुनवाई की।जनसुनवाई में पुलिस से संबंधित कुल 25 प्रकरण प्राप्त हुये। जनसुनवाई के दौरान राज्य महिला आयोग की सदस्या के संबंधित अधिकारी को प्रार्थना पत्र पर तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। सदस्या डॉ हिमानी अग्रवाल ने कहा कि सभी अधिकारी महिलाओं की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता पर करें, जनसुनवाई के दौरान उन्होंने महिलाओं से कहा कि वह खुलकर अपनी बात रखें। उन्होने कहा कि पुलिस अधिकारी महिला उत्पीडन से संबंधित घटनाओं का संज्ञान प्राथमिकता पर लेते हुये त्वरित कार्यवाही करें। जनसुनवाई के दौरान अनुपस्थित अधिकारियो के संबंध में उन्होने कहा कि इसकी सूची बनाकर विभाग के संबंधित उच्चाधिकारी को भेजी जायेगी।जनसुनवाई के दौरान आशा ज्योति केंद्र मेडिकल कॉलेज में कार्य करने वाली नर्स आरती गौतम ने आरोप लगाया कि प्रोजेक्ट मैनेजर नितिन, मारूफ खान, महिला शक्ति केंद्र में कार्यरत द्वारा नेहा त्यागी के द्वारा उससे नौकरी लगवाने के नाम पर ढाई लाख रुपए की रिश्वत ले गई, उसके बाद 6 महीने बाद उसे नौकरी से निकाल दिया गया, पीड़िता ने आरोप लगाया कि उसके बाद भी नेहा त्यागी को जिला प्रोबेशन कार्यालय में दोबारा से जॉइनिंग कर दी गई, किसी भी तरह की कार्रवाई नेहा त्यागी के खिलाफ नहीं की गई।उसके साथ ही आशा ज्योति केंद्र में केस वर्कर के पद पर नियुक्त आशा ज्योति ने आरोप लगाया कि सहकर्मी अजय कुमारी गुंजन पूजा रानी वर्मा के द्वारा उसे जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया गया।

महिलाएं खुलकर कहें अपनी बात ,उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग उनके साथ-डा0 हिमानी अग्रवाल

महिलाओं की समस्याओं का प्राथमिकता पर हो निस्तारण : सदस्या

राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉक्टर हिमानी अग्रवाल ने अधिकारियों को दोनो प्रकरणों में कड़ी कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं, उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के स्पष्ट निर्देश हैं कि किसी भी तरह से भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, उन्होंने कहा कि दोनों ही मामले में एफआईआर दर्ज है उसके बाद भी कार्रवाई नहीं हो रही है, इस संबंध में उच्च अधिकारियों से मिलकर कड़ी कार्रवाई कराई जाएगी।इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 अशोक कटारिया,अपर जिलाधिकारी (नगर) बृजेश कुमार,अपर नगर मजिस्ट्रेट (सदर) रश्मि कुमारी, पीडीडीआरडीए सुनील कुमार सिंह,जिला सूचना अधिकारी सुमित कुमार, पुलिस महिला थाना व थाना एएचटीयू प्रभारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी अतुल कुमार सोनी,खुशबू शर्मा,जिला मिशन कोडिनेटर महिला एवं बाल विकास विभाग व विभिन्न विभागों से कर्मचारी उपस्थित रहे।

"विनायक विद्यापीठ में संयुक्त कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव द्वारा 58 विद्यार्थी शॉर्टलिस्टेड"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मोदीपुरम। विनायक विद्यापीठ में एक संयुक्त केंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस ड्राइव में राष्ट्रीय स्तर की 6 कंपनियो ने शिरकत की जिसमें लेंसकार्ट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, वेबटैकेज प्राइवेट लिमिटेड, ट्रांसकॉम प्राइवेट लिमिटेड, स्माइल इंडिया ट्रस्ट, एबिक्सकैश एवं फ्रैंकफिन शामिल थी। सभी कंपनियो के रिक्रूटर द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से 58 विद्यार्थियों को शॉर्टलिस्टेड किया गया जिनका अंतिम साक्षात्कार मुख्य कार्यालय में अगले सप्ताह होगा।इस ड्राइव में आसपास के क्षेत्र / कॉलेज के करीब 242 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया और 58 प्रतिभागियों ने शॉर्टलिस्टेड होकर अंतिम साक्षात्कार के लिए अपनी जगह बनाई। विनायक विद्यापीठ की प्राचार्या एवं रुद्रा ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन की एकेडमिक निदेशिका डा0 अनुप्रिता शर्मा ने कंपनी के अधिकारियों का स्वागत किया और शॉर्टलिस्टेड विद्यार्थियों को अंतिम साक्षात्कार में सफलता प्राप्त करने के लिए अपनी शुभकामनायें दी।निदेशक इंजि. विकास कुमार ने शॉर्टलिस्टेड विद्यार्थियों को बधाई दी और कहा कि रोजगार प्राप्त करने के लिए शैक्षणिक योग्यता के साथ-साथ व्यक्ति्व विकास की ओर भी ध्यान देना चाहिए , वही ट्रेनिंग एंड प्लेसमैंट ऑफिसर प्रवीन शर्मा ने कंपनी से आए अधिकारियो का धन्यवाद किया और शॉर्टलिस्टेड विद्यार्थियो अंतिम साक्षात्कार के लिए बधाई दी और उन्हें अपने कार्य के प्रति सचेत रहने, अनुशासन में रहकर कार्य करने के लिए भी प्रेरित किया।इस संयुक्त केंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ अनुप्रीता शर्मा के दिशा निर्देशन में किया गया। इस संयुक्त केंपस प्लेसमेंट ड्राइव में सभी विभागाध्यक्ष एवं फैकल्टी मेंबर्स उपस्थित रहे।

विधान ही सभी व्यवधानो को हरता है: आचार्य सौरभ सागर महाराज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

सरधना (जावेद अब्बासी)। नगर के मोहल्ला आदर्श नगर स्थित "सौरभ सागर संत निकेतन" प्रांगण मे परम पूज्य पुष्पगिरी तीर्थ प्रणेता गणाचार्य श्री पुष्पदन्त सागर जी सुयोग्य शिष्य परम पूज्य संस्कार प्रणेता ज्ञानयोगी आचार्य श्री सौरभ सागर जी महाराज के पावन सान्निध्य मे नव दिवसीय जिनेन्द्र महार्चना के द्वीतीय दिवस श्री पुष्पगिरी तीर्थ विधान का आयोजन किया जिसमे 27 अर्घ के द्वारा जिनेन्द्र भगवान कि आराधना कि गई जिसमे सौधर्म इंद्र बनने का सौभाग्य विजय जैन अभिषेक जैन को प्राप्त हुआ।प्रातः कालीन अभिषेक, शांतिधारा के पश्चात विधान कि मांगलिक क्रियाये प्रारम्भ हुई जिसमे लोकेश जैन, ज्ञान प्रकाश जैन,मंगलसेन जैन को भी पात्र बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

आचार्य श्री सौरभ सागर जी महाराज के पावन सानिध्य मे सरधना नगर मे बह रही है धर्म रुपी गंगा

समस्त मांगलिक क्रियाये पंडित संदीप जैन "सजल" ने सम्पन्न करवाई।परम पूज्य आचार्य श्री सौरभ सागर जी गुरुदेव ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा कि:- श्रावक और श्राविका को नित्य प्रति जिनेंद्र भगवान की आराधना करते रहना चाहिए क्योंकि जिनेन्द्र भगवान की आराधना करने से इस भव के साथ-साथ अगले भव में भी लाभ मिलता है, पूजा करने से मनुष्य लोक के साथ-साथ स्वर्ग तक की प्राप्ति होती है।इसलिए प्रत्येक श्रावक को जिनेंद्र भगवान की पूजन आराधना अवश्य करनी चाहिए साथ ही साथ विधान के माध्यम से भी जिनेन्द्र भगवान की आराधना करनी चाहिए क्योंकि सभी प्रकारों के व्यवधानों को हरने के लिए विधान ही सर्वोत्तम है। इस अवसर पर पंकज जैन रामभूल जैन दीपक जैन सौरभ जैन ऋषभ जैन शुभम जैन मुकेश जैन राजकुमार जैन कमल कुमार जैन रजत जैन अंशुल जैन राजीव जैन योगेश जैन सोनी विकास जैन आशीष जैन महिपाल जैन आदिश जैन राजेश जैन प्रमोद जैन अनिल जैन नितिन जैन गौरव जैन अनुज जैन आदि गुरु भक्त उपस्थित रहे।

नई कर प्रणाली के विरोध में सभासदों का अनिश्चितकालीन धरना चौथे दिन भी जारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

सरधना (जावेद अब्बासी)। शासन द्वारा लागू की जाने वाली स्वकर प्रणाली योजना का जमकर भारी विरोध हो रहा है।टैक्स प्रणाली के विरोध में सभासदों अनिश्चितकालीन धरना लगातार चौथे दिन भी जारी रहा।समस्त सभासद और सरधना की जनता इसका विरोध प्रदर्शन कर रहे है। सभासद इसके विरोध में चार दिन से नगर पालिका परिसर में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं। सभासद सोशल मीडिया पर वीडियो ओर पोस्ट डालकर जनता से समर्थन की अपील कर रहे हैं।तमाम संगठन,संस्थाएं, नगर के गणमान्य लोग विधायक और लोग धरना स्थल पर पहुंचकर सभासदों को समर्थन दे रहे हैं। वहीं गुरुवार को क्षेत्रीय विधायक अतुल प्रधान ने भी धरने स्थल पर पहुंच कर का समर्थन किया।इस मौके पर पूर्व चेयरमैन निजाम अंसारी, पूर्व चेयरमैन असद गालिब,सभासद इमरान ठाकुर,सभासद फरमान अंसारी, हाजी मन्नान कुरैशी,तारिक हसन, शाहवेज अंसारी,शहजाद सितारा,दीपक निराला,डॉ निर्दोष कुमार, राहुल पाल,संजय सोनी, आफताब अंसारी, जितेंद्र पांचाल,सोनू त्यागी,सलीम कुरैशी, कासिम अंसारी,शाहिद मलिक,खालिद अंसारी,ऋषभ जैन,सफीक अंसारी,यूसुफ अंसारी,मुकेश कुमार,दीपक शर्मा,आदि शामिल रहे।

विधायक अतुल प्रधान सामाजिक संगठनों और राजनैतिक दल भी धरने में हुए शामिल.

सभासदों को नगर की जनताका मिल रहा भरपूर समर्थन

सरधना में गोकशी के आरोपी की पुलिस से मुठभेड़, पैर में गोली लगी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

सरधना। थाना क्षेत्र के इकड़ी रोड पर गोवंश के कटान की तैयारी कर रहे बदमाशों व पुलिस के बीच हुई मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है।वहीं एक गोकश पैर में गोली लगने से घायल हो गया।एसपी देहात राकेश मिश्रा ने बताया कि थाना सरधना पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची तो कुछ गोकश आवारा सांड को पकड़कर उसकी नाथ फोड़कर गोकशी के इरादे से बांध रखा था।जिसके कारण वहां पर काफी शोर शराबा हो रहा था। ये लोग पुलिस टीम फायरिंग करते हुए वहां से भागने लगे। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक अभियुक्त के पैर में गोली लगने से घायल हो गया तथा अभियुक्त के साथी मौके से फरार हो गए हैं। घायल अभियुक्त की पहचान इमरान पुत्र इस्लाम निवासी मोहल्ला खारी कुआं थाना सरधना के रूप में हुई।फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रताप सिंह बताया की अभियुक्त इमरान शास्त्री की समकाओं का अपराधी है तथा थाना सरधना का एचएस हिस्ट्री सीटर (408-अ) पंजीकृत है। जिस पर संगीत धाराओं के करीब एक दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं।

मौके से तमंचा,गोकशी के उपकरण व स्विफ्ट कार बरामद

पुलिस द्वारा शातिर गोकश को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से तमंचा व कारतूस मिले हैं। जीवित दो गोवंश भी मिले। ईकड़ी रोड पर लोकप्रिय स्कूल के पास पुलिस चेकिंग कर रही थी। मंडी के पीछे लोकप्रिय स्कूल रोड पर नई कालौनी से कुछ शोर शराबे की आवाज आयी, जिस पर

ट्रेक्टर ट्राली के पंजीयन का विरोध करेगी भाकियू संघर्ष मोर्चा: सनी चौधरी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

बहसूमा। एक बार फिर साबित हो गया कि केंद्र व राज्य सरकार किसान विरोधी हैं। इनके द्वारा लिए जा रहे निर्णयों से किसान खेती छोड़ने व आत्महत्या को मजबूर हो जाएंगे।योगी सरकार द्वारा ट्रेक्टर ट्राली का पंजीयन कराना आवश्यक करने से लाखों किसानों के सामने संकट उत्पन्न हो जाएगा। भारतीय किसान यूनियन संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय संगठन मंत्री सनी चौधरी ने कहा कि जो अपने ट्रेक्टर ट्राली का प्रयोग वाणिज्यक रूप से कर रहे हैं,जो इंटे ढो रहें हैं, सामान ले जा रहे हैं,उन ट्रेक्टर ट्राली का पंजीयन किया जाना चाहिए,न कि जो किसान खेतों में अपने ट्रेक्टर ट्राली का प्रयोग करते हैं, उनके लिए पंजीयन आवश्यक होना चाहिए। गरीब किसान न जाने इस महंगाई के दौर में किस प्रकार से अपना व अपने परिवार का भरण पोषण करता है।यह वहीं जान सकता है। सरकार द्वारा गन्ने का मूल्य तो बढ़ाया नहीं गया, बल्कि ट्रेक्टर ट्राली का पंजीयन आवश्यक कर उनकी कमर तोड़ने का कार्य जरूर किया गया है।सनी चौधरी ने बताया कि यदि ट्रेक्टर ट्राली का पंजीयन कराया गया तो आरटीओ व यातायात पुलिस द्वारा गरीब किसानों का उत्पीड़न किया जाएगा। जिससे भ्रष्टाचार और बढ़ जाएंगा।यदि राज्य सरकार द्वारा अपना तुगलकी फरमान वापिस नहीं लिया गया तो भारतीय किसान यूनियन संघर्ष मोर्चा शीघ्र ही एक ज्ञापन मुख्यमंत्री को प्रेषित किया जाएगा।

जिला न्यायाधीश, डीएम व एसएसपी ने किया जिला कारागार, राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर का निरीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मेरठ (जावेद अब्बासी)। जिला न्यायाधीश रजत सिंह जैन, जिलाधिकारी डा0 वी0के0 सिंह,एसएसपी विपिन ताडा द्वारा जिला कारागार,राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। जिला कारागार में जिला न्यायाधीश एवं जिलाधिकारी ने बैरक, महिला वार्ड, शिशु सदन, पाकशाला, चिकित्सालय, शौचालय, व्यक्तित्व विकास केन्द्र, प्रशिक्षण केन्द्र एवं कार्यशाला आदि का निरीक्षण किया व जेल अधीक्षक को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। महिला बैरक में उन्होने महिला कैदियो से वार्ता कर उनसे खान-पान, पैरवी हेतु वकील आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होने आईसोलेशन वार्ड में भर्ती टीबी मरीजो से इलाज के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होने खाने की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये।जिला न्यायाधीश एवं जिलाधिकारी महोदय ने राजकीय सम्प्रेक्षण गृह में किशोरो से वार्ता करते हुये उनसे खान-पान, दवाई, पेशी आदि विषयो पर जानकारी प्राप्त की।उन्होने वहां स्टॉक रजिस्टर, लाईब्रेरी, सीसीटीवी कैमरे आदि का निरीक्षण किया व संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होने संबंधित अधिकारी को हर महीने योगा क्लास कराने के निर्देश दिये।इस अवसर पर जेल अधीक्षक जिला कारागार वीरेश राज शर्मा, जिला प्रोबेशन अधिकारी अतुल कुमार सोनी, राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर का स्टाफ सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

हल्की बूंदाबांदी से बदला मौसम,काले बादलों और ठंडी हवाओं से बढ़ी ठंड

बुलन्द संदेश ब्यूरो

बहसूमा। क्षेत्र में रातभर छाएं बादल के बाद बृहस्पतिवार सुबह हुई बूंदाबांदी से एक बार फिर ठंड का एहसास हुआ। जिससे मौसम में पूरी तरह से परिवर्तन देखने को मिला। बूंदाबांदी से तापमान में गिरावट आई है। जिससे फसलों में लाभ होगा।तो वहीं ठंड बढ़ने से लोगों की परेशानी भी बढ़ेगी। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के कारण मौसम में परिवर्तन मौसम में परिवर्तन देखने को मिला। रातभर हल्के बादल छाए हुए थे। बृहस्पतिवार की सुबह हल्की बूंदाबांदी शुरू हुई। बूंदाबांदी के बाद खेतों में खड़ी गेहूं की फसल को लाभ मिलेगा। पश्चिमी विक्षोभ के कारण बूंदाबांदी का सिलसिला जारी रहने की संभावना बताई जा रही है।मौसम विभाग के अनुसार हल्की बारिश हो सकती है। अचानक बदले मौसम के कारण तापमान में गिरावट के चलते ठंड में भी इजाफा हुआ है। तो वहीं दो दिन तक 60 प्रतिशत बारिश की संभावना बताई जा रही है। जहां अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस पाया गया तो वहीं न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

-भारत सरकार के पूर्व पर्यटन मंत्री (पहली मोदी कैबिनेट) टाइम्स मैगजीन में विश्व की सौ प्रभावशाली लोगों में शुमार विख्यात पूर्व आईएएस एवं...

श्री केजी अल्फांसो का विश्वविद्यालय में आयोजित संघर्ष से सफलता की ओर विषय पर एकदिवसीय राष्ट्रीय व्याख्यान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मेरठ। राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय/ संस्थान के लिए बेहद ही गौरवमयी रहा। प्रथम मोदी कैबिनेट में पर्यटन मंत्री स्वतंत्र प्रभार भारत सरकार एवं पूर्व आई ए एस टाइम मैगजीन में विश्व की सौ प्रभावशाली हस्तियों में जगह बनाने वाले सुप्रसिद्ध प्रेरक पुस्तक द विनिंग फामूर्ला के लेखक श्री के जी अल्फांसो ने विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित संघर्ष से सफलता की ओरह्व विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार में बतौर मुख्य अतिथि/ मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत करते हुए संस्थान में उपस्थित छात्र-छात्राओं को विपरीत परिस्थितियों का डटकर मुकाबला करते हुए अपने जीवन में सफलता के फाइव एस के दम पर दुनिया जीतने के गुरु सिखाएं।वेंकटेश्वर समूह के संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि ने मुख्य अतिथि अल्फांसो का आभार व्यक्ति करते हुए कहा कि आप जैसे महान व्यक्तित्व को आज अपने बीच पाकर पूरा विश्वविद्यालय परिवार स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहा है। संस्थापक अध्यक्ष डॉ. सुधीर गिरि ने उनसे विश्वविद्यालय के गर्वनिंग बोर्ड में नामित होने का आग्रह किया बहुत जल्द ही श्री के जी अल्फांसो वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय के गर्वनिंग बोर्ड को सुशोभित करेंगे। श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय / संस्थान के सी.वी. रमन सभागार में संघर्ष से सफलता की ओर विषयह्व पर आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार का शुभारंभ मुख्य अतिथि मोदी प्रथम कैबिनेट में पर्यटन मंत्री स्वतंत्र प्रभार भारत सरकार श्री के जी अल्फांसो, संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरी, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, कुलपति प्रो. डॉ. कृष्णकांत दबे, आदि ने सरस्वती मां की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया। मुख्य अतिथि के जी अल्फांसो ने कहा कि युवा विफलताओं से ना घबराए, बल्कि विपरीत परिस्थितियों में मुस्कुराकर आगे बढ़ते हुए सफलता के यूनिवर्सल फाइव एस जिसमें सेल्फ एटीट्यूड, सेल्फ आइडेंटिटी, सेल्फ कॉन्फिडेंस, सेल्फ यूनीकनेस, और सेल्फ कमिटमेंट के दम पर आप सारी दुनिया जीत सकते हैं । उन्होंने स्वामी विवेकानंद जी के साथ-साथ अपना स्वयं का उदाहरण देते हुए कहा कि कैसे दसवीं कक्षा में मात्र 42% अंकों के साथ पास होने वाला एक बेहद कमजोर बच्चा यूपीएससी की परीक्षा में अपनी दृढ़ निश्चय और फाइव एस के दम पर यूपीएससी का टॉपर बना।अपने दृढ़ निश्चय के दम पर कैसे उन्होंने दिल्ली की 14000 अवैध इमारत को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया । बहुत सारे राजनीतिक दबाव को ना करते हुए अपनी जान की परवाह किए बिना उन्होंने दिल्ली को एक नए राज्य के रूप में दुनिया के सामने स्थापित करने का काम किया।

संघर्ष से सफलता की ओरह्व एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार को संस्थापक अध्यक्ष डॉ.. सुधीर गिरी प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी,कुलपति कृष्णकांत दवे,आदि ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. कृष्णकांत दवे, कुलसचिव प्रो.. पीयूष पांडे, डॉ. राजेश सिंह, डीन मेडिकल डॉ. संजीव भट्ट, डॉ. टीपी सिंह, डॉ. सी.पी. सिंह, डॉ. आशुतोष गौतम,डॉ. नीतू सिंह, डॉ. एना ब्राउन,डॉ. योगेश्वर सिंह, डॉ. स्नेहलता गोस्वामी,डॉ. श्रीराम गुप्ता एवं मेरठ परिसर से निदेशक डॉ. प्रताप सिंह एवं मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान का 41वां स्थापना दिवस कल बौद्ध धर्म सम्मेलन का होगा आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

लखनऊ। अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान अपने 41 वें स्थापना दिवस के अवसर पर कल 28 फरवरी को बौद्ध धर्म सम्मेलन का आयोजन कर रहा है। उत्तर प्रदेश के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे। विधान परिषद सदस्य डॉ॰ महेन्द्र सिंह एवं डॉ॰ लालजी प्रसाद निर्मल भी इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान, लखनऊ के कार्यकारी अध्यक्ष हर गोविन्द बौद्ध करेंगे।

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान बुद्ध की वंदना और परित्राण पाठ के साथ किया जाएगा। तदोपरान्त डॉ॰ प्रमोद कुमार अग्रवाल जी द्वारा लिखित पुस्तक ह्यसार्वभौमिक बुद्धह्व का विमोचन किया जाएगा। स्थापना दिवस के अवसर पर सनातन संस्कृति एवं बौद्ध धर्म विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा और खुशी फाउन्डेशन द्वारा स्वास्थ्य शिविर भी लगाया जाएगा।

ज्ञातव्य है कि 28 फरवरी, 1985 को संस्कृति विभाग, उ0प्र0 के अधीन स्वायत्तशासी संस्था के रूप में यह संस्थान स्थापित हुआ था। बौद्ध धर्म संस्कृति एवं शिक्षा, शोध का प्रचार-प्रसार एवं बौद्ध तीर्थ स्थलों का समुचित विकास में सक्रिय योगदान इस संस्थान का लक्ष्य रहा है। इसमें भारत के विभिन्न भागों में प्रचलित बौद्ध विधाओं का राष्ट्रीय सन्दर्भ में अध्ययन, उसके संबंध में शोध कार्य तथा राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्ध बौद्ध संस्कृति से सम्बन्धित साम्रगी का संकलन और सम्बन्धित ग्रन्थों का विकासात्मक अध्ययन एवं उपलब्ध सामग्री का भारतीय भाषाओं तथा अंग्रेजी में भाषान्तर भी होता है।

श्री जंभेश्वर आश्रम के वार्षिक उत्सव पर हजारों लोगों ने पर्यावरण की रक्षा का लिया संकल्प

बुलन्द संदेश ब्यूरो

कांठ (सुदेश बिश्नोई)। विश्नोई समाज के लिये असीम आस्था, श्रद्धा व समरसता का केन्द्र श्री जम्भेश्वर आश्रम भूड टीबा मंदिर का 78 वा वार्षिक उत्सव गुरुवार को धूमधाम से मनाया गया' हजारों लोगों ने यज्ञ में आहुति दी और पर्यावरण की रक्षा का संकल्प लिया। समाज एवं देश की खुशहाली

देश एवं समाज की खुशहाली के लिए गुरु जंभेश्वर भगवान के बताए मार्ग पर चलने का किया आह्वान

के लिए गुरु जंभेश्वर महाराज द्वारा बताए गए 29 नियमों पर चलने का आह्वान किया ।' उत्तर प्रदेश में बिश्नोई समाज के यहां सबसे बड़े मन्दिर पर हर वर्ष फाल्गुन अमावस्या को विशाल मेला लगता है। यहां देश के कोने - कोने से आकर श्रद्धालु श्री जम्भेश्वर भगवान को नमन कर पर्यावरण को बनाये रखने, जीवों पर दया करने व उनके आदर्शों तथा उनके द्वारा प्रतिपादित 29 नियमों पर चलने का संकल्प लेते हैं। कांठ स्योहारा मार्ग स्थित ब्रह्मलीन स्वामी चन्द्रप्रकाश जी महाराज की तपोभूमि श्री जम्भेश्वर आश्रम भुड टीबा मन्दिर पर संतों एवं गणमान्य लोगों की मौजूदगी में विशाल यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें हजारों लोगों ने देसी घी, गोले सामग्री को आहुति देकर पर्यावरण की रक्षा का संकल्प लिया तथा समाज और देश की उन्नति के लिए गुरु जंभेश्वर भगवान द्वारा बनाए गए 29 नियमों पर चलने का संकल्प लिया' श्रद्धालुओं ने मंदिर के अंदर स्थापित अखंड ज्योति के दर्शन किए और गुरु जंभेश्वर जी को नमन किया दोपहर को पर्यावरण गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें आश्रम के अध्यक्ष कुंवर सुरेंद्र सिंह विश्नोई, मास्टर सीपी सिंह,सेवानिवृत्त इंस्पेक्टर दिलावर सिंह बिश्नोई आदि ने विचार व्यक्त किए।वक्ताओं ने कहा कि इस तपोभूमि पर विश्नोई समाज के संस्थापक गुरू गुरु जम्भेश्वर जी महाराज द्वारा विश्व कल्याण के लिये प्रतिपादित 29 नियम नशे का सेवन न करना, नीले वस्त्रों कोधारण न करना, तीस दिन का सूतक रखना,नित्य हवन करना आदि प्रमुख हैं । उल्लेखनीय है कि सन् 1763 में हरे वृक्षों की रक्षा करने के लिये माता अमृता

देवी के नेतृत्व में 363 स्त्री पुरुषों एवं बच्चों ने अपने प्राणों की आहुति दी थी। यह घटना पूरे विश्व में अद्वितीय घटना है जो पर्यावरण की रक्षा के लिये आज पूरे विश्व में मिशाल बनी हुई है। श्री जम्भेश्वर आश्रम होने भूड़ टीबा मन्दिर के अध्यक्ष कुंवर सुरेन्द्र सिंह विश्नोई ने मेले के समापन पर आयोजित कमेटी की बैठक में वर्ष का आय-व्यय का के ब्यौरा प्रस्तुत किया ।। मेले में लगे मीना बाजार में महिलाओं ने से जमकर खरीदारी की। मेले में लोदीपुर धाम, धामपुर, स्योहारा मुरादाबाद नगीना, हरिद्वार, दिल्ली, गाजियाबाद, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, मध्यप्रदेश आदि प्रमुख स्थानों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुति देकर पर्यावरण की रक्षा का संकल्प लिया। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व विधायक राजेश कुमार उर्फ चुन्नू, भारत विकास परिषद के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट दीपक बिश्नोई, महेश चंद्र गुप्ता भाजपा के जिला महामंत्री राजन बिश्नोई, भारत विकास परिषद के प्रांतीय मीडिया प्रभारी सुदेश बिश्नोई, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष मास्टर धर्मपाल सिंह बिश्नोई , अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की तहसील अध्यक्ष डॉ अशोक चौहान, डायट के वरिष्ठ प्रवक्ता अनिल कुमार यादव, ओम बिश्नोई, देवेश बिश्नोई, कार बाजार के स्वामी विनीत बिश्नोई, दीप माला बिश्नोई,आस्था बिश्नोई, दिव्या बिश्नोई, पत्रकार ओमवीर सिंह बिश्नोई, देवेंद्र बिश्नोई आदि हजारों लोग मौजूद थे। आगंतुकों का आभार अध्यक्ष कुंवर सुरेंद्र सिंह बिश्नोई ने व्यक्त किया।

जिला अस्पताल की तीसरी मंजिल से कूदकर " मरीज ने की आत्महत्या"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

कांठ (सुदेश बिश्नोई)। जिला अस्पताल में भर्ती मरीज राजू सिंह (55) ने तीसरी मंजिल से कूदकर जान दे दी। परिजनों के अनुसार वह मानसिक रूप से परेशान थे। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इन्कार कर दिया और शव लेकर चले गए।आत्महत्या करने वाले राजू सिंह गलशहीद थाना क्षेत्र में प्रिंस रोड के निवासी थे। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। बेटे विजय और परिजनों ने उन्हें 23 फरवरी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। उन्हें जिला अस्पताल में तीसरी मंजिल पर मेडिसिन वार्ड में रखा गया था। राजू ने तीसरी मंजिल से छलांग लगा दी।नीचे लिफ्ट रूम के पास गलियारे में वह घायल अवस्था में पड़े थे। अस्पताल के कर्मचारी और अन्य मरीजों के तीमारदारों ने उन्हें उठाकर जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया। सूचना पर परिजन भी पहुंच गए लेकिन उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। राजू के परिवार में पत्नी गीता देवी, एक बेटी प्रियंका और दो बेटे विजय उर्फ विक्की व रिक्की हैं।एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह के मुताबिक अस्पताल में मरीज की मौत की सूचना पर पुलिस पहुंची थी लेकिन परिजनों ने इसे हादसा बताकर पोस्टमार्टम कराने से इन्कार कर दिया और शव लेकर चले गए।

आत्महत्या के लिए उकसाने में पत्नी समेत चार पर केस दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

कांठ (सुदेश बिश्नोई)। ट्रेन के आगे कूदकर अश्कान (25) द्वारा जान देने के मामले में पुलिस ने उसकी पत्नी समेत चार लोगों के खिलाफ आत्महत्या के

लिए उकसाने के आरोप में केस दर्ज किया है। मृतक के पिता रियाज खान की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने एक आरोपी रिहान को गिरफ्तार कर लिया।मूलरूप से रामपुर जनपद के बरेली गेट मोहल्ला निवासी रियाज खान परिवार के साथ मझोला थाना क्षेत्र के कांशीराम नगर में रहते हैं। उन्होंने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सोमवार की रात उनके बेटे अश्कान ने मझोला क्षेत्र में सिरकोई भूड़ के पास ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली।उन्होंने बताया कि अश्कान ने सात माह पहले कांशीराम नगर में ही रहने वाली मुस्कान से प्रेम विवाह किया था। कुछ दिन बाद ही दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। आरोप है कि मुस्कान, उसकी मां शराबा उर्फ शब्बो, बहन अंजुम और उसके जीजा रिहान अश्कान के साथ मारपीट करते थे और उस पर 50 हजार रुपये देने का दबाव बना रहे थे। रुपये न देने पर जान से मारने की धमकी भी दी थी। इससे परेशान होकर अश्कान ने आत्महत्या कर ली।सीओ सिविल लाइंस कुलदीप गुप्ता ने बताया कि रिपोर्ट तर्ज कर मृतक की पत्नी के जीजा रिहान को गिरफ्तार कर लिया गया अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

पोस्ट ऑफिस से 300 भक्तों ने खरीदा गंगाजल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

कांठ (सुदेश बिश्नोई)। महाशिवरात्रि पर जलाभिषेक के लिए मुरादाबाद प्रधान डाकघर से 75 लीटर गंगाजल की बिक्री हुई। करीब हफ्ते में शहर के तीन सौ लोगों ने प्रधान डाकघर से गंगाजल खरीदकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया। गंगाजल खरीदने वालों में बुजुर्गों की संख्या अधिक रही।करीब चार साल पहले प्रधान डाकघर से गंगाजल की बिक्री शुरू की गई। यह सुविधा से उन लोगों के लिए शुरू की गई थी, जो किन्हीं कारणों से हरिद्वार से गंगाजल लेकर नहीं आ पाते। इससे बुजर्गों को बड़ी राहत मिली, जो लंबी दूरी तय कर हरिद्वार या ब्रजघाट से जल लाने में असमर्थ थे। डाकघर में गंगाजल की बिक्री के लिए एक अलग से स्टॉल लगाया गया। पिछले एक हफ्ते में प्रधान डाकघर से गंगाजल की 250 एमएल की 300 से ज्यादा बोतलें बिक गईं। प्रधान डाकघर के वरिष्ठ पोस्टमास्टर विनय यादव ने बताया कि पिछले एक हफ्ते में करीब तीन सौ लोगों ने गंगाजल खरीद कर ले गए। प्रधान डाकघर के वरिष्ठ पोस्टमास्टर के मुताबिक धार्मिक कार्यों में गंगाजल के महत्व को देखते हुए यह सुविधा शुरू की गई है। 250 एमएल गंगाजल की कीमत 30 रुपये है। डाकघर में गंगाजल उपलब्ध है।

रमजान रहमत बरकत का महीना है: मौलाना वसी हसन खांन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

कुन्दरकी (एम.के. भारती सैफी)। फेजाबाद से तशरीफ लाए शिया घर्म गुरु मौलाना वसी हसन खान ने कहा कि रमजान रहमत बरकत का महीना है ।

नगर के इमामबड़ा हजरत अबुतालिब मे हिफाजत हुसैन काजमी की बरसी की मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना वसी हसन खान ने कहा कि रसूले करीम ने रमजान के महीने को खुदा का खास महीना बताया है / इस महीने मे ज्यादा से ज्यादा सदका अदा करना चाहिए और रसूले करीम ने फरमाया है कि इस महीने मे ज्यादा से ज्यादा इबादत कर-के अपने गुनाहों की तौबा किया करों क्योंकि अल्लाह इस माह की रहमत के सदके मे जहन्नुम की आग को ठंठा कर देता है और जन्नत के दरवाजे खोल देता है / मौलाना ने कहा की रोजा नमाज व इबादत करने के लिए वह ही शख्स हाजिर होता है जिसको अल्लाह तौफीक अता करता है अब अगर कोई शख्स

रोजे के वक़्त चौराहो पर खड़े होकर गुटखा बीड़ी सिगरेट व वह काम करता है जो अल्लाह के हुक्म के खिलाफ है तो वह खुदा के हुक्म की मुखालफ्त का ऐलान कर रहा है / ऐसा शख्स सोचे की अल्लाह ने उसको इबादत करने की तौफीक अता क्यों नहीं की इसलिए हर मुसलमान को अपने गुनाहों की तौबा करने के साथ ही इबादत करने की तौफीक अता करने की दुआ करनी चाहिए ताकि कोई भी खुदा की रहमत नेमत से महरूम न रह सके / मौलाना ने कहा कि गुनाहों की तौबा सुबह नमाज से पहले, शबे जुमा और रमजान मे जल्द कुबूल होती है और जिसके गुनाहों की तौबा रमजान मे कुबूल नहीं होती है उसके शायद ही कभी गुनाह माफ हो सके हालांकि खुदा रहमान और रहीम है /रसूले करीम ने रमजान मे गरीबो की मदद की मदद करने और अपने रिश्तेदारों के साथ मेल मुहब्बत के साथ रहने का हुक्म दिया है / मौलाना ने हजरत इमाम हुसैन की शहादत ब्यान की तो आजादारों की आँखे नम हो गईं / आमिल अब्बास काजमी ने मरसिया पढ़ा संचालन मौलाना अफाक आलम जैदी ने किया व तुराब काजमी ने आभार व्यक्त किया ।

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद: एक ही मान्यता पर खुल सकेंगे दो स्कूल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

कांठ (सुदेश बिश्नोई)। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद (सीबीएसई) ने एक बड़ा कदम उठाते हुए एक ही मान्यता पर दो स्कूल चलाने की अनुमति दे दी है। बशर्ते स्कूल का नाम और प्रबंधन एक ही हो। दूसरा स्कूल बाल वाटिका से कक्षा 05 तक ब्रांच स्कूल के नाम से संचालित किया जा सकेगा।

मेन स्कूल का संचालन कक्षा 06 से 12 तक किया जा सकता है। बोर्ड सचिव हिमांशु गुप्ता ने आदेश जारी कर दिए हैं।सारस पोर्टल के माध्यम से सत्र 2025-26 के लिए किया जा सकता है। ब्रांच स्कूल की शर्तें तय कर दी गई हैं।नए स्कूल के भौतिक व शैक्षिक मानक भी तय कर दिए गए हैं। एक ही मान्यता पर उसी नाम से स्कूल का संचालन अन्य स्थान पर किए जाने का फैसला एफलिएशन कमेटी की बैठक में लिया गया था। इसके आधार पर बोर्ड सचिव ने आदेश जारी कर दिया। संबद्धता के नए नियमों के तहत मुख्य स्कूल या मेन स्कूल उसे कहेंगे जिसकी मान्यता पहले से है। इसी नाम से इसी मान्यता पर यदि दूसरा स्कूल खोला जाता है तो उसे ब्रांच स्कूल के नाम से जाना जाएगा जो बाल वाटिका से कक्षा 05 तक संचालित होगा। नई शिक्षा नीति के तहत ऐसा किया गया है। नए नियमों के अनुसार जो ब्रांच स्कूल खोला जाएगा उसके संसाधन मेन स्कूल के संसाधन से अलग होने चाहिए। टीचिंग व सपोर्टिंग स्टाफ भी अलग रखना होगा। संबद्धता की शर्तों में यह भी स्पष्ट किया गया है कि मेन व ब्रांच स्कूल के मालिक व प्रबंधन, संस्था संचालन वाले ट्रस्ट या संघ आदि समान होना चाहिए। दोनों ही स्कूलों का यू डायस, लैंड सर्टिफिकेट, फार सेफ्टी सर्टिफिकेट, बिल्डिंग सेफ्टी सर्टिफिकेट, वाटर एण्ड सैनिटेशन और अनापत्ति प्रमाण पत्र अलग-अलग होनी चाहिए।

गाय पालने के लिए मिलेगा 10 लाख रुपये तक का ऋण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

कांठ (सुदेश बिश्नोई)। किसानों और पशुपालकों की समृद्धि के लिए यूको बैंक ने अमृतधारा स्कीम की शुरूआत की है। इस योजना का उद्देश्य गोवंश संरक्षण, दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देना और किसानों की आर्थिक स्थिति को सशक्त बनाना है। भारत सरकार की पशु कृषि आधारभूत संरचना विकास कोष (एएचआइडीएफ) योजना के तहत सभी बैंकों ने इसे लागू किया है।उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग में अमृतधारा स्कीम के क्रियान्वयन को लेकर कोर कमेटी की बैठक हुई। पद्मश्री डा. भारत भूषण त्यागी, आयोग अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्त, जैविक ऊर्जा एवं कृषि विभाग के पूर्व सलाहकार पीएस ओझा और यूको बैंक के महाप्रबंधक आशुतोष - सिंह ने अमृतधारा स्कीम को ग्राम - स्तर तक पहुंचाने पर व्यापक चर्चा की। योजना दो वर्गों में विभाजित है। पहला छोटे किसानों और पशुपालकों के लिए है जिसमें दो से 10 गाय पालने के लिए 10 लाख रुपये तक का ऋण दिया जाएगा। तीन लाख रुपये तक का ऋण बिना किसी गारंटी के उपलब्ध होगा। दुग्ध उत्पादन और जैविक खेती को बढ़ावा, किसानों के बैंक खातों से सीधे भुगतान की सुविधा, दो लाख रुपये तक का बीमा कवर होगा। दूसरे वर्ग में बड़े चिलिंग सेंटर और दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्रों के लिए ऋण दिया जाएगा, जिससे छोटे किसानों और गोपालकों को अप्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। डा. भारत भूषण त्यागी ने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों, कृषि, पशुपालन और मानव जीवन के बीच संतुलन बनाना आवश्यक है। गोशालाओं और एफपीओ को प्राकृतिक खेती व जैविक उत्पादों के केंद्र के रूप में विकसित किया जाए तो किसानों की आय बढ़ेगी। गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्त ने कहा कि अमृतधारा स्कीम किसानों के आर्थिक उत्थान का आधार बनेगी। पीएस ओझा ने कहा कि किसानों को एक से चार गोवंश गो आश्रय स्थल से गोद लेने की सुविधा दी जानी चाहिए। मनरेगा योजना के अंतर्गत पक्के कैटल शेड निर्माण को बढ़ावा दिया जाए।

कांवड़ यात्रा मार्ग पर शिवदर्शन दरबार का शिलान्यास

बुलन्द संदेश ब्यूरो

कांठ (सुदेश बिश्नोई)। मुरादाबाद शहर में प्रवेश करते ही कांवड़ियों को भगवान शिव के दर्शन हो सकें इसके लिए कांठ रोड के प्रवेश द्वार पर सड़क किनारे शिव दर्शन दरबार के निर्माण का शिलान्यास किया गया।महाशिवरात्रि के मौके पर विधि विधान के साथ भगवान शिव के प्रतीक त्रिशूल, डमरू और नंदी को स्थापित करते हुए भगवान भोलेनाथ के विग्रह की स्थापना कर दी गई। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने बताया कि शिवदर्शन दरबार में 20 फीट ऊंची आदि योगी भगवान शिव की भव्य प्रतिमा, 15 फीट ऊंचा त्रिशूल एवं डमरू तथा पांच फीट ऊंची नंदी की प्रतिमा होगी। उन्होंने बताया कि निगम प्रशासन ने इस धार्मिक स्थल को भक्तों के लिए श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र बनाने के संकल्प के साथ कार्य शुरू कर दिया है। श्रावण मास में इसका भव्य उद्घाटन होगा।

जिससे यह स्थल शिव भक्तों के लिए एक प्रेरणास्रोत बनेगा। इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त प्रथम अतुल कुमार, अपर नगर आयुक्त द्वितीय अजीत कुमार, मुख्य अभियंता दिनेश चंद सचान, क्षेत्रीय पार्षद अजय तोमर, अवर अभियंता किशनलाल, अवर अभियंता शिव मोहन सफाई एवं खाद्य निरीक्षक हेमेंद्र सिंह मौजूद रहे।

दुकानों के आवंटन हेतु अब तक 365268 आवेदन प्राप्त हुए

मदिरा की दुकानों के आवंटन हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि एक दिन बढ़ी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश में देशी मदिरा, कम्पोजिट शाप, माडल शाप एवं भांग की फुटकर दुकानों की ई-लाटरी से

ई-लाटरी आगामी 06 मार्च, 2025 को खोली जाएगी। पारदर्शी रूप से अनुज्ञापियों का चयन आनलाइन पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा

आवंटन हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि कल दिनांक 28 फरवरी को सायं 05:00 बजे तक के लिए बढ़ा दी गई है। पहले 27 फरवरी तक आवेदन करने की अंतिम तिथि निर्धारित थी।

यह जानकारी आबकारी आयुक्त, आदर्श सिंह ने आज यहां दी। उन्होंने बताया कि आबकारी नीति वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत समस्त 27,308 देशी मदिरा, कम्पोजिट शाप, माडल शाप एवं भांग की फुटकर दुकानों की ई-लाटरी से पंजीकरण हेतु 27 फरवरी की सायं तक कुल 365268 आवेदन ऑनलाइन प्राप्त हुए हैं और इससे 1987.19 करोड़ रुपये की प्रोसेसिंग फीस भी मिली हैं। उन्होंने बताया कि ई-लाटरी आगामी 06 मार्च, 2025 को खोली जाएगी। पारदर्शी रूप से अनुज्ञापियों का चयन आनलाइन पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा।

'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिपेक्ष में पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय कांठ (कंपोजिट) का गुरुवार को सी०एन०एस०एकेडमी कुचावली कांठ रोड के साथ युग्मन/ पेयरिंग किया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

कांठ (सुदेश बिश्नोई)। राष्ट्रीय शिक्षा नीति

2020 के परिपेक्ष में पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय कांठ (कंपोजिट) का गुरुवार को सी०एन०एस०एकेडमी कुचावली कांठ रोड के साथ युग्मन/ पेयरिंग किया गया युग्मित विद्यालय के बीच अकादमी और सह-पाठ्यचर्या संबंधी गतिविधियों, विचारों, दृष्टिकोण और शिक्षण विधियां, तकनीक की पहचान और सर्वश्रेष्ठ प्रथाओं को साझा करने हेतु अवसर प्रदान किया गया जिसमें 50 छात्र छात्राओं ने विद्यालय में खेल, शिक्षण विधियां, विचारों, पुस्तकालय, कंप्यूटर लैब, फिजिक्स लैब, बायोलॉजी लैब, केमिस्ट्री लैब, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सर्वश्रेष्ठ प्रथाओं को साझा किया युग्मन में इब्ने हसन,आयशा, अरफी आयत तालिब, वर्षा खुशी, वंदना, अंशु गुप्ता,अभिषेक, रेहान, वीना ,रुकैया आदि बच्चे रहे तथा उदयवीर सिंह (इंचार्ज प्रधानाध्यापक), पारुल जैन सोनी,बदर जहां, स्वाति शेखावत, सुमन कुमार अध्यापक रहे।

जिला अस्पताल में भर्ती होने वाले हर पांचवें मरीज में खून की कमी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

कांठ (सुदेश बिश्नोई)। जिला अस्पताल की इमरजेंसी में हर दिन औसतन 100 मरीज पहुंचते हैं। इनमें से 20 मरीजों की प्राथमिक जांच में सीवियर एनीमिया लिखा जा रहा है। यानी हर पांचवां मरीज खून की कमी से जूझ रहा है।

इनमें सिर्फ महिलाएं ही नहीं हैं। 30 साल के युवक और 50 साल के व्यक्ति तक एनीमिया से परेशान हैं।जिला अस्पताल में पिछले एक माह में ऐसे 634 केस आए हैं, जिनमें सीवियर एनीमिया पाया गया। इनमें से 166 मरीजों को खून चढ़ाना पड़ा। इनमें कई ऐसे मामले हैं, जिन्हें एक महीने से बुखार आ रहा है। अचानक हालत बिगड़ने पर जिला अस्पताल पहुंचे तो पता चला कि इंफेक्शन काफी बढ़ चुका है। शरीर में खून की कमी हो गई है। ऐसे में प्राथमिक तौर पर इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर इसे सीवियर एनीमिया के केस में लिखते हैं। विशेषज्ञ द्वारा मरीज का इलाज शुरू करने के बाद एनीमिया का कारण पता चलता है।

डॉक्टरों के मुताबिक टीबी, लिवर व किडनी के इंफेक्शन वाले मरीजों में एनीमिया ही प्राथमिक जांच में पता चल पाता है। इसके आवा थैलेसीमिया और हीमोफीलिया के मरीजों की संख्या बढ़ना भी सीवियर एनीमिया का कारण है।जिला अस्पताल के चिकित्साधीक्षक डॉ. राजेंद्र कुमार ने बताया कि कई बीमारियों में लक्षणों से ज्यादा खून की कमी साफ दिखाई देती है। ऐसे में ईएमओ उन्हें एनीमिया पेशेंट के रूप में ही भर्ती करते हैं। इसलिए ऐसे मरीजों की संख्या ज्यादा है। बाद में विशेषज्ञ डॉक्टर जांच के आधार पर बीमारी का पता लगाते हैं और उपचार करते हैं।

आयोजन

राज्य औद्यानिक मिशन उत्तर प्रदेश के अंतर्गत मिलेंगी सभी सुविधाएं

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अगले वित्तीय वर्ष से उत्पादन से लेकर निर्यात तक हर स्तर पर आम को बढ़ावा मिलेगा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

लखनऊ (लेखराम मौर्य)। उत्तर प्रदेश सरकार के खाद उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा आम निर्यात प्रोत्साहन कार्यशाला का आयोजन मलिहाबाद में किया गया। इस कार्यशाला में उपस्थित उपनिदेशक उद्यान लखनऊ मंडल डीके वर्मा ने कहा कि इस बार बैगिंग से किसानों को होने वाले लाभ को देखते हुए उद्यान विभाग ने चार जनपदों जिसमें लखनऊ हरदोई सीतापुर उन्नाव की आम फल पट्टी के किसानों को प्रति हेक्टेयर 25 000 रुपए का अनुदान बैगिंग पर देने की व्यवस्था की जा रही है इसके लिए 1000 हेक्टर के किसानों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि मलिहाबाद में चार प्रोसेसिंग यूनिट लगाने के लिए औद्योगिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केंद्र का स्थान निश्चित किया गया है यहां सरकार द्वारा इन यूनिटों को लगाया जाएगा जहां किसान बागवान अपने बेकार आमों को प्रोसेसिंग के माध्यम से लाभ ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत प्रोसेसिंग यूनिट लगवाने पर 25 से 40% तक छूट सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जाती है। श्री वर्मा ने कहा कि पाली हाउस लगाने के लिए भी सरकार छूट देती है लेकिन अभी न के बराबर किसान पाली हाउस के माध्यम से

नर्सरी या सब्जी अथवा फूलों का कारोबार कर रहे हैं। इससे पूर्व अवध आम उत्पादक समिति के महासचिव उपेंद्र सिंह ने कहा कि दवा की दुकानों पर लाइसेंस धारक का पूरा विवरण लिखा होना चाहिए। उन्होंने कहा बैगिंग की व्यवस्था समय पर होनी चाहिए। किसानों को पूर्व में मिलने वाला ?6 प्रति किलो प्रोत्साहन मिलना चाहिए जिससे निर्यात को बढ़ावा मिल सके। अन्य प्रदेशों के खरीदारों से भी संपर्क कराया जाना चाहिए। आम निर्यातक परवेज खान ने कहा कि आम से संबंधित पल्प और अचार की फैक्ट्री लगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सुविधाओं के नाम पर आज तक मलिहाबाद को कुछ नहीं मिला इसलिए इस बार के प्रयास सार्थक परिणाम ला सकते हैं। आम उत्पादक आशीष द्विवेदी ने कहा अच्छी क्वालिटी का आम उत्पादित करें और छोटे किसानों को बैगिंग पर सब्सिडी मिलनी चाहिए। सीआईएसएच के वैज्ञानिक मनीष मिश्रा ने कहा कि अभी तक हम एक्सपोर्ट क्वालिटी का आम पैदा ही नहीं करते हैं इसलिए हमें क्वालिटी पर ध्यान देने की अधिक आवश्यकता है। उन्होंने कहा निर्यात की स्थिति उत्तर प्रदेश में 0.86% है। मनीष मिश्रा ने कहा इस बार 9 लाख बाग किसानों को संस्थान द्वारा दिए जाने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में तीन क्लस्टर बनाए गए हैं जिनमे मलिहाबाद में दशहरी, बुलंदशहर के सियाना में चौसा और बनारस में लंगड़ा के लिए बनाया गया है। उन्होंने कहा कि मेटवास के माध्यम से हम दशहरी की लाइफ 45 दिन बढ़ा सकते हैं। लखनऊ मंडल के पौध रक्षा अधिकारी महेश चंद्र ने कहा कि नकली दावों से बचने के लिए दुकानदार से कैश मेमो अवश्य लें। किसानों को बिना किसी दुकानदार की सलाह के हरे और नीले रंग के स्टीकर वाली दवाई ही खरीदनी चाहिए जो मनुष्य के जीवन पर सबसे कम हानि पहुंचाती हैं। इस कार्यशाला का आयोजन आम उत्पादक संघ के अध्यक्ष इंसराम अली ने किया था।

खानकाह में तरावीह की नमाज में छह रोज में कुरान ए करीम मुकम्मल होगा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

कुन्दरकी (एम.के. भारती सैफी) । नगर के मौहल्ला नरूल्ला में स्थित खानकाहे आलिया में

रमजान मुबारक के पाक महीने में तरावीह की नमाज के दौरान छह रोज में कुरान ए करीम सुनाया जाएगा । हर साल की तरह इस साल भी माहे रमजान मुबारक में छह रोज में तरावीह की नमाज में कुरान ए पाक मुकम्मल होगा। यह जानकारी हजरत सूफी ख़्वाजा हाजी अल्लाह बख़्श रहमतुल्लाह अलेह दरगाह दरबार के सज्जादानशीन मौहम्मद हाशिम मियां साबरी ने दी।





परिणीति चोपड़ा की पहली वेब सीरीज का ऐलान, जल्द नेटफ्लिक्स पर होगी रिलीज

परिणीति चोपड़ा पिछली बार दिलजीत दोसांझ के साथ फिल्म अमर सिंह चमकीला में नजर आई थीं, जिसमें उनकी अदाकारी की खूब तारीफ हुई। इस फिल्म का निर्देशन इम्तियाज अली ने किया था। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है।अब परिणीति की पहली वेब सीरीज का ऐलान हो गया है, जिसके निर्देशन की कमान रेंसिल डी सिल्वा ने संभाली है। सीरीज की कहानी भी उन्होंने ही लिखी है। फिलहाल इस रहस्य थ्रिलर वेब सीरीज के शीर्षक से पर्दा नहीं उठा है।

परिणीति के अलावा इस वेब सीरीज में आलिया भट्ट की मां और दिग्गज अभिनेत्री सोनी राजदान भी मुख्य भूमिका में होंगी।

इसमें जेनिफर विंगेट, हरलीन सेठी, ताहिर राज भसीन, अनुप सोनी, सुमीत व्यास और चैतन्य चौधरी जैसे सितारे भी अभिनय करते नजर आएंगे।

यह वेब सीरीज जल्द ही ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर दस्तक देगी। फिलहाल इसकी रिलीज तारीख सामने नहीं आई है। बता दें कि सिद्धार्थ पी मल्होत्रा और सपना मल्होत्रा इस सीरीज के निमार्ता हैं।

मेरे हस्बैंड की बीवी को नहीं मिल रहे दर्शक, चौथे दिन लाखों में सिमटा कारोबार

मुदस्सर अजीज के निर्देशन में बनी फिल्म मेरे हस्बैंड की बीवी से निमार्ताओं को काफी उम्मीदें थीं, लेकिन पहले दिन से ही यह बॉक्स ऑफिस पर दर्शकों के लिए तरस रही है। यह फिल्म 14 फरवरी को रिलीज हुई थी।

अर्जुन कपूर, रकुल प्रीत सिंह और भूमि पेडनेकर जैसे सितारों की अदाकारी से सजी इस फिल्म का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है।

आलम यह है कि चौथे दिन मेरे हस्बैंड की बीवी का कारोबार लाखों में सिमट गया है।

मेरे हस्बैंड की बीवी की हालत पस्त बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, मेरे हस्बैंड की बीवी ने अपनी रिलीज के चौथे दिन यानी पहले सोमवार को 51 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस क्लेक्शन 4.82 करोड़ रुपये हो गया है।

मेरे हस्बैंड की बीवी ने 1.5 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर धीमी शुरूआत की थी, वहीं दूसरे दिन यह फिल्म 1.65 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही। तीसरे दिन इस फिल्म ने 1.11 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। कॉमेडियन हर्ष गुजराल ने इस फिल्म के जरिए अभिनय की दुनिया में कदम रखा है। फिल्म में उन्होंने अर्जुन के दोस्त का किरदार निभाया है। हालांकि, उनकी अदाकारी फिल्म के लिए सबसे कमजोर कड़ी साबित हुई है। वाशु भगनानी और उनके बेटे जैकी भगनानी इस फिल्म के निमार्ता हैं। मेरे हस्बैंड की बीवी का अनुमानित बजट 60 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म का सामना विक्की कौशल की फिल्म छावा से हो रहा है।

छावा बॉक्स ऑफिस कलेक्शन डे 11: सिनेमाघरों में संभाजी महाराज की दहाड़ बरकरार, दूसरे सोमवार को 350 करोड़ का आंकड़ा किया पार

विक्की कौशल की नई फिल्म छावा ने वैलेंटाइन डे यानी 14 फरवरी को बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार एंट्री की. मराठी उपन्यास छावा पर आधारित यह हिस्टोरिकल एक्शन फिल्म आपको छत्रपति संभाजी महाराज की यात्रा और मुगल बादशाह औरंगजेब के साथ उनकी लड़ाई से रूबरू कराती है. इस फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हुए 11 दिन हो चुके हैं और इन दिनों में इसने 350 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई कर ली है। मेकर्स के मुताबिक, लक्ष्मण उटेकर निर्देशित फिल्म छावा ने पहले सप्ताह में 225.28 करोड़ रुपये कमाए. एक सप्ताह के बाद भी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अपनी पकड़ बनाए रखी है. 21 फरवरी को यानी दूसरे

शुक्रवार को बॉक्स ऑफिस पर ड्रैगन जैसी कई नई फिल्में रिलीज हुई, इसके बावजूद छावा ने 8वें दिन 24.03 करोड़ रुपये का बिजनेस किया। रिलीज के 9वें दिन छावा की कमाई में काफी उछाल देखा गया. विक्की कौशल-रश्मिका मंदाना की नई फिल्म ने दूसरे शनिवार को 44.1 करोड़ रुपये की बंपर कमाई की. वहीं, दूसरे रविवार को भी फिल्म ने 40 करोड़ रुपये से ज्यादा कमाई की. छावा मेकर्स के जारी किए रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने 10वें दिन 41.1 करोड़ रुपये कमाए. हालांकि यह 9वें दिन के अपेक्षा थोड़ी कम कमाई रही। ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श के मुताबिक, वीकेंड 2 के नतीजेः पुष्पा 2 हिंदी और छावा केवल दो ऐसी फिल्में हैं जिन्होंने अपने दूसरे वीकेंड (शुक्रवार-रविवार) में 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार किया। दूसरे वीकेंड पर 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने वाली फिल्म छावा की असली परीक्षा दूसरे सोमवार को हुई, जिसमें वह पास हुई. छावा ने दूसरे मंडे यानी रिलीज के 11वें दिन 18.50 करोड़ रुपये कमाए. इसी के साथ विक्की कौशल की हिस्टोरिकल पीरियड ड्रामा 350 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने में सफल रही।

बॉडीकॉन ड्रेस पहन भोजपुरी क्वीन ने शेयर किया हॉट लुक, एक्ट्रेस की बोल्ड अदाओं पर दिल हार गए फैंस

भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींचती रहती हैं। वोजब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर लुक देखकर फैंस बेकाबू हो गए हैं। एक्ट्रेस मोनालिसा आए दिन अपने लेटेस्ट लुक में फोटोज फैंस के बीच शेयर करती रहती हैं। उनका हर एक लुक फैंस को काफी पसंद आता



है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं।

इन तस्वीरों में उनका किलर और स्टनिंग अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थक रहे हैं। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उन पर जमकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हैं।

इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस मोनालिसा ने बेहद ही स्टाइलिश बॉडीकोन ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक किलर अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं।

बालों को स्टाइलिश लुक में बांधकर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस मोनालिसा ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।

मोनालिसा जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर जमकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है।

एक यूजर ने फोटोज में टू मच स्टनिंग। दूसरे यूजर ने- सो हॉट। तीसरे यूजर ने-बेहद स्टनिंग लिखा है। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज फैंस के बीच शेयर करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं।

मिनिमल मेकअप करना पसंद है? आप अपना सकती हैं ये 5 शानदार ट्रेंड

2024 में बोल्ड मेकअप का रुझान प्रचिलित हुआ था, जो पार्टी या त्योहार जैसे मौकों पर बढ़िया लगता है। हालांकि, इस साल महिलाओं की पसंद बदल रही है और वे मिनिमल यानि कम मेकअप लगाने का रुझान अपना रही हैं। इस तरह का मेकअप हर जगह अच्छा लगता है, चाहे आप कॉलेज जा रही हों, डेट पर जा रही हों या घूमने जा रही हों।

आइए इस साल प्रचिलित हो रहे 5 मिनिमल मेकअप रुझानों के बारे में जानते हैं।

कम उत्पादों वाला मेकअप

आज के समय में कोई भी महिला अपने चेहरे पर अधिक मेकअप लगाना पसंद नहीं करती है। इससे चेहरे पर मेकअप की मोटी परत नजर आने लगती है और वह केकी होने लगता है।

इस साल महिलाएं मेकअप करने के लिए कम उत्पादों का प्रयोग करना पसंद कर रही हैं। उदाहरण के लिए फाउंडेशन के बजाय केवल कंसीलर इस्तेमाल करना या केवल उन जगहों पर कंसीलर लगाना जहां दाग-धब्बे हों।

अंत में मस्कारा और लिप ग्लॉस इस्तेमाल किया जाता है।

क्लीन गर्ल मेकअप

आप सभी ने कभी न कभी क्लीन गर्ल मेकअप के बारे में जरूर सुना होगा। यह एक अनोखा ट्रेंड है, जो कम मेकअप करने और प्राकृतिक सुंदरता को निखारने पर ध्यान देता है।

इसे पाने के लिए हल्की कवरेज वाला फाउंडेशन लगाया जाता है और गालों पर हल्का ब्लश इस्तेमाल किया जाता है।

इसके बाद, आखों पर न्यूड रंग का आईशैडो और होंठों पर गुलाबी रंग का लिप टिंट इस्तेमाल किया जाता है।

गुलाबी ब्लश वाला मिनिमल मेकअप

इस साल भी ब्लश सबसे पसंदीदा मेकअप उत्पाद रहने वाला है, जो गालों पर गुलाबी निखार ले आता है। इसकी मदद से आप गुलाबी टोन वाला मिनिमल मेकअप लुक पा सकती हैं।

सबसे पहले कंसीलर या हल्की कवरेज वाले फाउंडेशन का प्रयोग करके बेस मेकअप करें। इसके बाद अपने गालों और आखों पर गुलाबी रंग का ब्लश लगा लें।

पलकों पर ट्रांसपेरेंट मस्कारा और होंठों पर लिप ग्लॉस लगाकर लुक को पूरा करें।

नो मेकअप लुक

फिल्मों में अभिनेत्रियां बिना मेकअप किए भी खूबसूरत लगती हैं। हालांकि, शूटिंग के दौरान वे नो मेकअप लुक अपनाती हैं, जिसे देखकर ऐसा लगता है मानो उन्होंने मेकअप किया ही न हो।

पिछले कुछ सालों से यह रुझान बड़ी चर्चा में है, जो सभी महिलाओं को पसंद भी आता है। इसके लिए चेहरे पर कंसीलर लगाएं और होंठों पर न्यूड रंग की लिपस्टिक इस्तेमाल करें।

अपनी पलकों पर मस्कारा लगा लें और भौहों को घना कर लें।

लाटे मेकअप

इस साल लाटे मेकअप भी पसंद किया जा रहा है, जो भूरे टोन वाला मेकअप होता है। इस तरह का मेकअप हर आउटफिट के साथ जंचता है और खास तौर से भारतीय महिलाओं की त्वचा पर निखरकर आता है।

इसके लिए फाउंडेशन लगाने के बाद ब्रोंजर के जरिए कंटूरिंग की जाती है और गालों पर पीच या नारंगी रंग का ब्लश लगाया जाता है।होंठों पर भूरा लिप लाइनर और लिप ग्लॉस या न्यूड लिपस्टिक लगाई जाती है।

वजन घटाने की कोशिश कर रहे हैं? इन 5 खाने की गलतियों से बचें

वजन घटाना एक चुनौतीपूर्ण प्रक्रिया हो सकती है, खासकर जब हम अपने खाने की आदतों में कुछ आम गलतियां कर बैठते हैं।

अक्सर लोग सोचते हैं कि कम खाना या कुछ चीजें छोड़ देना ही वजन घटाने का सही तरीका है, लेकिन यह सच नहीं है। सही जानकारी के बिना हम अपने शरीर को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

इस लेख में हम पांच ऐसी आम गलतियों पर चर्चा करेंगे, जो वजन घटाने की प्रक्रिया को प्रभावित कर सकती हैं।



नाश्ता छोड़ना

नाश्ता छोड़ने से कैलोरी कम होने की सोच गलत है।

ऐसा करने से मेटाबॉलिज्म धीमा हो सकता है और दिनभर भूख बढ़ सकती है, जिससे आप दोपहर या रात के खाने में ज्यादा खा सकते हैं।

नाश्ता आपके दिन की शुरूआत को ऊर्जा देता है और इसे संतुलित रखना जरूरी है ताकि आप पूरे दिन सक्रिय रह सकें। नाश्ते में प्रोटीन और फाइबर युक्त आहार जैसे ओट्स, फल शामिल करें, जिससे आपका पेट लंबे समय तक भरा रहे।

पर्याप्त पानी ना पीना

कई बार लोग प्यास को भूख समझकर अनावश्यक रूप से खाते हैं।

पानी की कमी से शरीर डिहाइड्रेटेड महसूस करता है, जिससे थकान और मेटाबॉलिज्म में कमी आती है। पर्याप्त पानी पीने से त्वचा स्वस्थ रहती है और पाचन तंत्र बेहतर काम करता है। हर दिन कम से कम 8-10 गिलास पानी पिएं ताकि शरीर हाइड्रेटेड रहे और भूख नियंत्रित रहे, जिससे आप अनावश्यक खाने से बच सकें।

अत्यधिक प्रोसेस्ड फूड का सेवन करना

प्रोसेस्ड फूड जैसे चिप्स, बिस्किट्स या पैकेज्ड स्नैक्स में शक्कर, नमक और अनहेल्दी फैट की मात्रा अधिक होती है, जो वजन घटाने के प्रयासों को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

ये खाद्य पदार्थ जल्दी भूख मिटाते हैं लेकिन पोषक तत्वों की कमी के कारण पेट लंबे समय तक भरा नहीं रखते। इनके बजाय ताजे फल-सब्जियां या घर पर बने स्नैक्स का सेवन करें, जो पोषण देने के साथ भूख भी शांत करेंगे।

भोजन करते समय ध्यान न देना

भोजन करते समय टीवी देखना या फोन चलाना एक आम आदत है, जिससे हम नहीं समझ पाते कि कितना खा लिया और कब पेट भर गया।

इस कारण जरूरत से ज्यादा खा लेते हैं, जिसका असर वजन पर पड़ता है।

भोजन करते समय ध्यानपूर्वक खाना चाहिए ताकि भूख को सही तरीके से पहचान सकें। कोशिश करें कि भोजन के वक्त किसी अन्य गतिविधि में व्यस्त न रहें, बल्कि खाने पर पूरा ध्यान दें ताकि संतुलित मात्रा में ही खाएं।

प्रोटीन की कमी

प्रोटीन हमारे शरीर के लिए बहुत जरूरी होता है क्योंकि यह मांसपेशियों को मजबूत बनाने के साथ-साथ लंबे समय तक पेट भरा रखने में मदद करता है।

कई बार लोग केवल काबोर्हाइड्रेट्स पर निर्भर रहते हुए प्रोटीन लेना भूल जाते हैं। इससे उनका मेटाबॉलिज्म धीमा पड़ जाता है। अपनी डाइट में दाल, टोफू आदि शामिल करके सुनिश्चित करें कि आपको पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन मिल रहा हो ताकि आपका शरीर स्वस्थ रहे और वजन नियंत्रण मे बना रहे।

आईटीएस फिजियोथेरेपी कॉलेज में डॉ अखिलेश यादव द्वारा अतिथि व्याख्यान आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मुरादनगर। (नासिर मंसूरी) दिल्ली मेरठ रोड पर असालत नगर के निकट स्थित आईटीएस फिजियोथेरेपी कालेज में मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, वैशाली के एसोसिएट डायरेक्टर, ऑर्थोपेडिक एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट, डॉ अखिलेश यादव द्वारा एक विशेष अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया।

सत्र की शुरूआत आईटीएस- दी एजूकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा के द्वारा डॉ0 अखिलेश यादव जी के स्वागत के साथ हुई। आईटीएस फिजियोथेरेपी कालेज के प्रधानाचार्य डॉ एम. थंगराज ने सभी अतिथियों एवं छात्रों को ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक विचारों से संबोधित किया। डॉ अखिलेश यादव ने ऑथोपेंडिक और जॉइंट रिप्लेसमेंट से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर एक विस्तृत और जानकारीपूर्ण व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने आधुनिक चिकित्सा तकनीकी, नवीनतम शोध, और ऑथोपेंडिक्स के क्षेत्र में हो रहे विकास के बारे में छात्रों को जागरूक किया। व्याख्यान के दौरान डॉ यादव ने न केवल अपना बहुमूल्य ज्ञान साझा किया, बल्कि छात्रों की जिज्ञासाओं का उत्साह पूर्वक समाधान भी किया। आईटीएस फिजियोथेरेपी के छात्रों ने आईटीएस - दी एजूकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ आरपी चड्ढा एवं वाईस चेयरमैन, अर्पित चड्ढा का आभार व्यक्त किया।

मातृभूमि के वीर सपूत अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मुरादनगर। (नासिर मंसूरी) हिन्दू युवा वाहिनी के पदाधिकारियों ने हिन्दू भवन पर अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। हिन्दू युवा वाहिनी जिलाध्यक्ष आयुष त्यागी काकड़ा ने अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि यदि कोई युवा मातृभूमि की सेवा नहीं करता, तो उसका जीवन व्यर्थ है आजाद ने अपने साहस, बलिदान और राष्ट्रभक्ति से संपूर्ण भारत के युवाओं के लिए एक आदर्श स्थापित किया।

आयुष त्यागी काकड़ा ने ह्युवाओं को आजाद के बलिदान से प्रेरणा लेकर राष्ट्र और हिंदुत्व की रक्षा के लिए संगठित होना चाहिए हम किसी भी कीमत पर अपने धर्म और देश के सम्मान के साथ समझौता नहीं करेंगे। जब तक हम जीवित हैं, हिंदुत्व और भारत माता की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रहेगा। ह्वहिन्दू युवा वाहिनी के कार्यकर्ता आज संकल्प लेते हैं कि चंद्रशेखर आजाद के बलिदान को व्यर्थ नहीं जाने देंगे और हिंदू राष्ट्र की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहेंगे मौके पर जिला सयोजक अवनीश प्रधान,जिला उपाध्यक्ष मोहित त्यागी,नगर अध्यक्ष सुशील प्रजापति,सह प्रभारी हरित खटीक,उपाध्यक्ष प्रशांत त्यागी,शुभम,बबलू प्रजापति,संजय सौरव ,बिरजू आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

लखनऊ एनसीसी अधिकारी को रक्षा राज्य मंत्री प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

लखनऊ। 19 यूपी एनसीसी गर्ल्स बटालियन, लखनऊ की प्रशासनिक अधिकारी (एओ) मेजर दिव्या शर्मा को प्रतिष्ठित ह्यरक्षा राज्य मंत्री प्रशस्ति पत्रह्व से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार बालिका कैडेटों को सशक्त बनाने और प्रेरित करने, एनसीसी प्रशिक्षण, सामाजिक और सामुदायिक सेवा गतिविधियों का आयोजन करने और अपने कैडेटों के बीच अनुशासन और राष्ट्रीय गौरव की भावना को बढ़ावा देने में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया।

19 यूपी एनसीसी गर्ल्स बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल दीपक कुमार ने अधिकारियों के नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए कहा कि अधिकारी के प्रदर्शन ने यूनिट के मनोबल और प्रदर्शन पर सकारात्मक प्रभाव डाला है। जिससे उन्हें अपने साथियों और वरिष्ठों के बीच समान रूप से सम्मान मिला है।

आम आदमी पार्टी के सरकार में राजधानी स्वास्थ्य सुविधा चरमराई थी, क्या-क्या कमी थी बाकी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

नई दिल्ली (ऐजाज अली)। राजधानी दिल्ली में पूर्व में आम आदमी की पार्टी की सरकार में स्वास्थ्य सुविधा चरमराई थी अब देखना यह है कि वर्तमान सरकार इन सुविधाओं को पूरा कर पाएगी।आम आदमी पार्टी की सरकार भले ही राजधानी में विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करने का दावा करती रही, लेकिन कैग रिपोर्ट चौंकाने वाली है। कैग रिपोर्ट के अनुसार, राजधानी की स्वास्थ्य सुविधाएं चरमराई हुई हैं, क्योंकि दिल्ली सरकार के अस्पताल और मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों, नर्स और पैरामेडिकल कर्मियों की कमी है। दिल्ली सरकार के अस्पतालों में 10 हजार बेड बढ़ाकर इन्हें दोगुना करने की घोषणा भी पूरी नहीं हुई। इतना ही नहीं वर्ष 2016-17 से 2021-22 के दौरान स्वास्थ्य परियोजनाओं के लिए आवंटित बजट 13.29 से 78.41 प्रतिशत तक बचा रह गया। कैग के आडिट में अस्पतालों में दवाओं की खरीद में भी अनियमितता पाई गई। मरीजों को घटिया दवाएं देने की बात भी रिपोर्ट में सामने आ रही है। कैग ने दिल्ली सरकार के अस्पतालों में वर्ष 2016-17 से 2021-22 के बीच स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए आवंटित बजट, उपलब्ध डाक्टरों व कर्मियों की संख्या, चिकित्सा संसाधनों और उपकरणों आदि का ऑडिट किया है। इसकी रिपोर्ट दिल्ली की विधानसभा में रखी जानी है। सूत्रों के अनुसार रिपोर्ट में कहा गया है कि आवश्यक दवाओं की सूची (ईडीएल) हर वर्ष तैयार नहीं की गई। 10 वर्ष में सिर्फ तीन बार ईडीएल बनी। दवाओं व उपकरणों की खरीद के लिए सेंट्रल प्रोक्योरमेंट एजेंसी (सीपीए) है, लेकिन सीपीए ईडीएल में दर्ज सभी दवाएं उपलब्ध नहीं करा सका। सीपीए ने देरी से ऐसी लैब पैनल में शामिल कीं, जो नेशनल एक्रिडिटेशन बोर्ड फार टेस्टिंग एंड कैलिब्रेशन लैबोरेटरीज से प्रमाणित नहीं हैं। लैब से गुणवत्ता जांच की रिपोर्ट आने से पहले ही सीपीए ने खरीदी गईं दवाएं अस्पतालों को जारी कर दीं।

कुछ अस्पतालों में घटिया गुणवत्ता की दवाएं इस्तेमाल हो चुकीं इतना ही नहीं, दवाएं सीपीए ने नहीं बल्कि सीधे सप्लायर ने अस्पतालों में आपूर्ति की। आपूर्ति की गईं कुछ दवाएं घटिया गुणवत्ता की थीं। जब तक गुणवत्ता जांच रिपोर्ट आई, तब तक कुछ अस्पतालों में घटिया गुणवत्ता की दवाएं इस्तेमाल हो चुकी थीं। इसके साथ ही अस्पतालों की लैब व विभागों में उपकरणों व कर्मचारियों की कमी पाई गई। साथ ही निगरानी व्यवस्था लचर है। यह भी पढ़ें- दिल्ली में नई सरकार बनते ही सामने आई अस्पतालों की बदहाली, उअऋ रिपोर्ट में चौंकाने वाला खुलासा किया है। ड्रग कंट्रोल विभाग में 52 प्रतिशत कर्मचारियों की कमी है। ड्रग कंट्रोल इंस्पेक्टर के 62 प्रतिशत पद खाली है। ड्रग टेस्टिंग लैब में अत्याधुनिक उपकरण और कर्मचारियों की कमी से रिपोर्ट देर से आती है। आप सरकार ने नहीं लागू किया ईडीएल में दर्ज 33 से 47 प्रतिशत दवाएं लोकल केमिस्ट से खरीदनी पड़ीं' सीपीए के 86 में से 24 टेंडर आवंटित हुए, समय पर दवा नहीं खरीदीं' हीमोफीलिया और एंटी रेबीज इंजेक्शन की कमी पाई गई' सीपीए ने दवाओं की गुणवत्ता जांच के लिए ड्रग टेस्टिंग लैब को पैनल में शामिल करने में देरी की' दवाओं की आपूर्ति अस्पतालों को होने के बाद सीपीए द्वारा गुणवत्ता जांच के लिए सैंपल लिए गए' सीपीए से दवा मिलने और उसकी गुणवत्ता जांच की रिपोर्ट आने में दो से तीन माह का अंतर मिला' ब्लैकलिस्टेड और प्रतिबंधित फर्म से भी दवाएं खरीदी गईं। अब देखना यह है कि सरकार बदल जाने के बाद खाली पड़े रिक्त स्थान भर पाएंगे

उद्योग बन्धुओं की समस्याओं के निराकरण पूर्ण गुणवत्ता एवं स्थायी समाधान के साथ किया जाएः जिलाधिकारी

शिकायत प्राप्त होते ही गुर्णवत्तापूर्ण निस्तारण की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें सम्बंधित अधिकारीः जिलाधिकारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गाजियाबाद (आशा चौधरी)। दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग बन्धु की बैठक आहूत हुई।

बैठक का संचालन करते हुए जी,एम,डी,आई,सी, श्रीनाथ पासवान द्वारा पूर्व की बैठकों में प्राप्त 23 प्रकरणों,विषयों पर लिये गये निर्णय के सापेक्ष हुई कार्यवाही व अनुपालन आख्या,अद्यतन प्रगति से जिलाधिकारी व बैठक में उपस्थित गणमान्यों को अवगत कराया। इसके साथ ईज ऑफ डूईंग बिजनेस के अन्तर्गत ऑनलाईन संचालित निवेश मित्र पोर्टल पर समय सीमा लम्बित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की गयी। इसके साथ ही वर्तमान की बैठक हेतु प्राप्त 5 प्रकरण रखे गये। जिनके निस्तारण हेतु जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया। पूर्व बैठकों में प्राप्त प्रकरणों में बी,एस,रोड इण्ड, साइट–1, गाजियाबाद में फायर स्टेशन के सम्बंध में जिलाधिकारी ने कहा कि सी,एफ,ओ, यूपीसीडा सहित सम्बंधित गणमान्य फाईल पूर्ण कर समय निर्धारित कर उक्त प्रकरण के निराकरण हेतु मेरे कार्यालय में बैठक रखें। साहिबाबाद इण्ड,एसो, साहिबाबाद में नाले के ऊपर पुलिया बनाने के प्रकरण में सम्बंधित अधिकारी द्वारा 15 मार्च तक कार्य पूर्ण करने का आश्वासन दिया। ई,एस,आई,सी गाजियाबाद को दिये निर्देशों के क्रम में उनके द्वारा उपलब्ध संसाधन, मैनपावर, ड्यूटी टाईम आदि का विस्तृत विवरण जमा कराया गया। इण्डस्ट्रीयल एसो, ऑफ एमएसएमई, लोनी में पुलिया निर्माण के सम्बंध में जीडीए अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि दिल्ली जल बोर्ड निगम से एन,ओ,सी प्राप्त की जानी है, इसके लिए रिमाइंडर भी भेजे गये हैं, एनओसी प्राप्त होने के उपरांत की कोई कार्यवाही की जायेगी। इण्डस्ट्रीयल एसो, ऑफ एमएसएमई, लोनी में फायर स्टेशन ?निर्माण के सम्बंध में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि आगामी सप्ताह तक ऐस्टीमेट तैयार कर डीएफओ, यूपीसीडा व अन्य सम्बंधित गणमान्य समय निर्धारित करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पर समस्या के निस्तारण के लिए मीटिंग करेंगें। इंडियन इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन मोदीनगर में सड़क निमार्ण के सम्बंध में अधिकारी ने अवगत कराया कि निविदा आर्मत्रित की जा चुकी है, स्वीकृति हेतु जिला पंचायत अध्यक्षा को प्रेषित की गयी है। स्वीकृति प्राप्त होने पर कार्य प्रारम्भ किया जायेगा। इण्डस्ट्रीयल एसो0 ऑफ एमएसएमई, लोनी में सीवर व नाली के पानी के निकासी के सम्बंध में सम्बंधित द्वारा अवगत कराया कि स्थायी निदान हेतु ज्यादा एमएलडी क्षमता का नया प्लांट बनाने पर कार्यवाही चल रही है। इण्डस्ट्रीयल एसो0 ऑफ एमएसएमई, लोनी में निर्मित पानी की टंकियों में पानी उपलब्ध कराने हेतु जिलाधिकारी ने कहा कि सम्बंधित अधिकारीगण पूर्ण विवरण के साथ जल्द मीटिंग करें, जिससे समस्या का निराकरण किया जा सके। इसके साथ ही इंडस्ट्रियल एसोसिएशन साहिबाबाद इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन दुहाई, लोनी एस्टेट इंड. एरिया संगठन लोनी, अमृत स्टील कंपाउंड गाजियाबाद, साउथ साइड ऑफ जीटी रोड इंडस्ट्री एरिया गाजियाबाद, हर्षा कंपाउंड इंड. एरिया एसोसिएशन लोनी रोड, लोनी एस्टेट इंड. एरिया एसोसिएशन लोनी, यंग रूलर इंडस्ट्रीज एसोसिएशन लोनी, एस.एस.जी.टी. रोड इंडस्ट्रियल एरिया एसोसिएशन गाजियाबाद, इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन दुहाई की एवं नई प्राप्त शिकायतों के सम्बंध में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जिन शिकायतों का निस्तारण आपसी समन्वय बनाकर किया जा सकता है।

फिर लगा नाबालिग लड़की का ट्यूशन पढ़ाने वाले शिक्षक पर रेप करने का आरोप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

नई दिल्ली (अनिता) । राजधानी दिल्ली में फिर हुई शर्मनाक घटना, शिक्षक के माध्यम से 15 वर्षीय बालिका का रेप करने का मामला प्रकाश में आया है। शिक्षक पर 15 वर्षीय नाबालिक लड़की का ट्यूशन पढाने वाले शिक्षक पर रेप करने का आरोप लगा है। दक्षिणी दिल्ली में 15 वर्षीय एक लड़की के साथ उसके ट्यूशन शिक्षक ने कथित तौर पर कई बार बलात्कार किया। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, घटना की जानकारी बुधवार को तब मिली जब लड़की अपने पिता के साथ शिकायत दर्ज कराने थाने आई थी। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) अंकित चौहान ने कहा, "नाबालिग ने आरोप लगाया है कि वह 2022 से 2025 तक आरोपी द्वारा संचालित ट्यूशन कक्षाओं में भाग ले रही थी।

उसने आरोप लगाया कि आरोपी ने उसे ट्यूशन केंद्र में कई बार मानसिक रूप से परेशान किया और उसके साथ बलात्कार किया। उन्होंने बताया कि आरोपी ने पीड़िता को धमकाया और ब्लैकमेल भी किया। यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता की धारा 64 (बलात्कार) के तहत मामला दर्ज किया गया है। आगे की जांच जारी है।

कानपुर में सड़क पार करते मासूम को मां से पहले मिली मौत, 6 घंटे जाम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

कानपुर (सुनील बाजपेई)। तेज रफ्तार ने सड़क सड़क पर खड़ी मां से मिलने से पहले मासूम को मौत से मिलवा दिया। जिसके शिकंजे से धरती के भगवान भी उसे बचा नहीं सके।

घटना के विरोध में आक्रोशित परिजनों और गांव वालों में लगभग 6 घंटे तक रोड भी जाम किया ,जिसे पुलिस ने बड़ी मुश्किल से समझाकर खुलवाया। तेज रफ्तार से एक और मौत की यह घटनाबिधनू थाना क्षेत्र में हाजीपुर मोड़ के पास हुई। जहां 3 वर्षीय मासूम आयुष अपनी मां से मिलने के लिए सड़क पार कर रहा था। उस समय अपनी नानी शिवरानी और बड़े भाई प्रशांत के साथ खेतों से लौट आयुष अपने बड़े भाई का हाथ पकड़कर चल रहा था जबकि मां सोनी सड़क के दूसरी तरफ खड़ी थी।

मां को देखते ही आयुष ने भाई का हाथ छोड़ दिया और उनकी तरफ भागा। इसी दौरान जहानाबाद की तरफ से आ रही तेज रफ्तार बस ने उसे टक्कर मार दी। सोनी ने बस चालक को रोकने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं रुका। ग्रामीणों के पीछा करने पर चालक बाजपुर मोड़ के पास बस छोड़कर फरार हो गया। परिजन तुरंत आयुष को निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आक्रोशित परिजनों ने शव को जहानाबाद मार्ग पर रखकर प्रदर्शन किया। उन्होंने स्पीड ब्रेकर लगाने और 15 लाख रुपये मुआवजे की मांग की।

प्रदर्शन 6 घंटे तक चला। बाद में मौके पर पहुंची पुलिस में लोगों को समझा बुझाकर बड़ी मुश्किल से सड़क जाम खुलवाया। पुलिस ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर घटना की छानवीन के साथ फरार ड्राइवर की भी तलाश की जा रही है।

गौरी शंकर कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों का विशेष शिविर का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

बुलंदशहर। गौरी शंकर कन्या महाविद्यालय, बुलन्दशहर की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों का विशेष शिविर का आयोजन दिनांक

शिविर से अच्छी आदतों का निर्माण एवं समाज सेवा में योगदान देने तथा अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने का संदेश दिया

24.02.2025 से 02.03.2025 तक ग्राम बहलीमपुरा एवं पन्नीनगर में किया जा रहा है, जिसके चतुर्थ दिवस के प्रथम सत्र की शुरूआत माँ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलन कर हुई। शिविर की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 अंशु बंसल जी ने की। मुख्य अतिथि के रूप में अभिषेक यादव (चाइल्डलाइन प्रभारी, महिला कल्याण विभाग) एवं रूबी (वनस्टॉप सेन्टर मैनेजर, महिला कल्याण विभाग) तथा मुख्य वक्ता के रूप में राजनीति शास्त्र विभाग की प्राध्यापिका कु0 प्रेरणा वर्मा उपस्थित रही। चतुर्थ दिवस की थीम महिला सशक्तिकरण पर आधारित रही जिसका प्रारम्भ स्वयंसेविकाओं ने शिविर प्रांगण की साफ-सफाई तथा लक्ष्य गीत गाकर की।

प्रथम सत्र में महिलाओं के विधिक अधिकार विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता ने स्वयंसेविकाओं को उनके संवैधानिक एवं कानूनी अधिकारों की जानकारी प्रदान करते हुए कानूनी सहायता प्राप्त करने के विधियों के बारे में बताया। द्वितीय सत्र में महिला सशक्तिकरण हेतु सरकार द्वारा संचालित महिला कल्याण योजनाओं पर एक विशेष व्याख्यान आयोजित किया, जिसमें मुख्य अतिथिगण ने स्वयंसेविकाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी, जिससे वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होकर आत्मनिर्भर बन सकें। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 अंशु बंसल जी ने स्वयंसेविकाओं को इस शिविर से अच्छी आदतों का निर्माण एवं समाज सेवा में योगदान देने तथा अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने का संदेश दिया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 मीना सक्सेना रहीं।

आयोजन

हिंदी उर्दू कॉनक्लेव "जश्न 2025" का आयोजन

अपनी भाषा के दम पर ही हमारे साहित्य का स्थान सर्वोपरिः वामिक खान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

लखनऊ। हमारे साहित्य में अपनी भाषा का स्थान हमेशा से सर्वोपरि रहा है' ये बात विभूति खंड गोमती नगर में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने

फिल्मो में भाषा का गिरता स्तर चिंताजनक- अभिनेता इमरान खान

कही।उर्दू अकादमी के ऑडिटोरियम में हिंदी उर्दू कॉनक्लेव "जश्न 2025" का आयोजन किया गया।फखरूद्दीन अली अहमद मेमोरियल कमेटी की ओर से आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अजीज सिद्दीकी,अब्दुल वहीद ने दीप जलाकर किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारी जुबान हमारी ताकत है।आज पहले सत्र की शुरूआत सहाफत,पत्रकारिता विषय से हुआ जिसमें एवी सिंह,सुशील दुबे,डॉ एस एस हासमी व जुबैर अहमद ने आधुनिक दौर की पत्रकारिता में भाषा के योगदान पर चर्चा की। अगले सत्र फिल्म विषय पर बोलते हुये फिल्म बिग ब्रदर,भगत सिंह फेम अभिनेता इमरान खान ने फिल्मो में भाषा के गिरते हुये स्तर चिंता जताई।

इस दौरान योगेश त्रिपाठी, इशिका अरोरा, मंजुल आजाद ने भी विचार व्यक्त किये।वही राजनीति में भाषा विषय पर प्रदीप सिंह बाबू, दीपक रंजन, सुरेंद्र राजपूत, रोहित अग्रवाल, कमर अली, डॉ ए छाबड़ा ने वक्तव्य दिया। कार्यक्रम के अगले प्रसून में अदब टॉपिक पर बोलते हुये अतहर नवी, डॉ वसीम अख्तर, सिराज मेहदी, डॉ के एस बज्मी यूनुस ने अपना पक्ष रखा।कानून मुद्दे पर बोलते हुए प्रमीला मिश्रा, सलाहुद्दीन शिबू और विनोद मिश्र मेराज अंसारी ने पुरानी कानूनी भाषा हिंदवी में बदलाव पर रोष व्यक्त किया।

विधायक ने विधानसभा में उठाई रावली सुराना बागपत रोड को राष्ट्रीय स्टेट हाइवे घोषित करने की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मुरादनगर (नासिर मंसूरी)। विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजीतपाल त्यागी ने विधानसभा में पांच बागी गांवों को क्रांतिकारी गांव घोषित करने की मांग उठाई है। इसके अलावा उन्होने रावली सुराना बागपत मार्ग को स्टेट हाईवे घोषित करने को कहा है।

इसके अलावा वेस्ट यूपी में हाईकोर्ट बैंच की स्थापना और मधुबन, वेबसिटी परियोजना के चलते किसानों की चल रही समस्या का समाधान कराने की मांग की है। विधायक अजीतपाल त्यागी ने विधानसभा बजट सत्र में बोलते हुए कहा कि परिचमी उत्तर प्रदेश के लोगों को न्याय पाने में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए परिचमी उत्तर प्रदेश में जल्द से जल्द हाईकोर्ट बैंच की स्थापना होनी चाहिए। उन्होने गांव भनेड़ा, ग्यासपुर, खिदौड़ा, कुम्हैड़ा सहित पांच गांवों को बागी शब्द हटाकर क्रांतिकारी गांव घोषित किया जाना चाहिए। उन्होने रावली सुराना बागपत मार्ग को स्टेट हाईवे घोषित करने की मांग की। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्र की जर्जर पड़ी सड़को को बनवाने की मांग की।

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एंव एडिटर इन चीफ प्रदीप कुमार अग्रवाल , ममदूद आलम वारसी (उप सम्पादक), अब्दुल सलाम सैफी (संपादक) मो0:- 9457159115, 9810113170, 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267